संस्करण ● नई दिल्ली ● पानीपत (हरियाणा) ● चण्डीगढ़ ● लखनऊ ● भोपाल (मध्य प्रदेश) ● हल्द्वानी नैनीताल ● देहरादून (उत्तराखण्ड) से एक साथ प्रकाशित ... www.publicasia.in



पब्लिक की सुनें, पब्लिक की कहें

# पब्लिक एशिया

@publicasia1989 @publicasiaofficial @publicasia e-mail: publicasia1989@gmail.com



वर्ष : 12, अंक : 73, पृष्ठ : 12, लखनऊ (उत्तर प्रदेश), सोमवार 21 अक्टूबर 2024, मूल्य : 5 रूपये RNI No.- UPHIN/2013/52076

# विकास की मॉडल सिटी बनती जा रही है काशी:मोदी

## यूपी के विकास के लिए पीएम ने की योगी सरकार की तारीफ पहले खराब सड़कों के लिए यूपी को सुनने पड़ते थे ताने, आज यह एक्सप्रेसवे प्रदेश बन चुका है

(पब्लिक एशिया ब्यूरो)












**नई दिल्ली/वाराणसी ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से 6700 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि काशी के लिए आज का दिन अत्यंत शुभ है और यह विकास की एक नई गाथा का साक्षी बनने जा रहा है। प्रधानमंत्री ने बताया कि 6700 करोड़ रुपये के विभिन्न प्रोजेक्ट्स में एयरपोर्ट, शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल और पर्यटन से जुड़े कई विकास कार्य शामिल हैं।

**– यूपी : एक्सप्रेसवे और एयरपोर्ट प्रदेश**

प्रधानमंत्री ने यूपी के विकास की चर्चा करते हुए इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनकी पूरी टीम को बधाई दी। पीएम मोदी ने कहा कि कभी उत्तर प्रदेश को खराब सड़कों के लिए ताने सुनने पड़ते थे, लेकिन आज यह राज्य एक्सप्रेसवे प्रदेश के रूप में जाना जाता है। यूपी में सबसे अधिक इंटरनेशनल एयरपोर्ट हैं, और जल्द ही जेवर में एक भव्य इंटरनेशनल एयरपोर्ट भी बनकर तैयार हो रहा है। प्रधानमंत्री ने योगी आदित्यनाथ की नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि राज्य में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं और यूपी अब निवेश और रोजगार का बड़ा केंद्र बनता जा रहा है।

**– परियोजनाओं से रोजगार के नये अवसर पैदा होंगे**

प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि इस बार की परियोजनाओं में यूपी, बिहार, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के अलग-अलग एयरपोर्ट का भी शुभारंभ किया गया है, जिसमें बाबतपुर एयरपोर्ट के अलावा आगरा और सहारनपुर भी शामिल है। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से इन राज्यों में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। 10 साल पहले सरकार के घोटालों की खबरें छाई रहती थीं प्रधानमंत्री ने कहा कि जब देश की जनता ने तीसरी बार उन्हें सेवा का अवसर दिया, तो उन्होंने तीन गुना गति से काम करने का वादा किया था। अभी केवल सवा सौ दिन ही हुए हैं, और इस दौरान 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक की योजनाओं पर काम शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा, '10 साल पहले सरकार के घोटालों की खबरें छाई रहती थीं, जबकि आज देश के विकास की खबरें घर-घर में चर्चा का विषय हैं।'

**–10 वर्षों में देश में इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास पर बड़ा काम हुआ**

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य जनता का पैसा जनता पर ही खर्च करना है और इसे पूरी ईमानदारी से करना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने जोर दिया कि पिछले 10 वर्षों में देश में इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास पर बड़ा काम हुआ है। हाईवे, रेलवे ट्रैक, और ब्रिज जैसी परियोजनाओं से नागरिकों को सुविधा मिल रही है और रोजगार के नए अवसर उत्पन्न हो रहे हैं।

**–1 लाख नए युवाओं को राजनीति में लाएंगे**

प्रधानमंत्री ने युवाओं को राजनीति में आगे लाने की प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि वे 1 लाख नए युवाओं को राजनीति में लाएंगे, जिनका राजनीति से कोई पूर्व कनेक्शन नहीं होगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को परिवारवादियों से सतर्क रहना चाहिए क्योंकि वे देश और युवाओं का नुकसान करते हैं।

**– महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर**

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि समाज का विकास तभी हो सकता है जब महिलाएं और नौजवान सशक्त हों। उन्होंने बताया कि सरकार ने महिलाओं के लिए मुद्रा लोन जैसी योजनाओं के माध्यम से उन्हें व्यापार करने की सहूलियत दी है। गांव-गांव में महिलाएं अब लखपति दीदी और ड्रोन पायलट बन रही हैं। काशी की धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर की ओर इशारा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि काशी में मां अन्नपूर्णा स्वयं भगवान शिव को भिक्षा देती हैं, और इसलिए यहां नारी शक्ति का सम्मान और सशक्तिकरण विशेष महत्व रखता है। प्रधानमंत्री ने यह भी घोषणा की कि सरकार जल्द ही 3 करोड़ और नए घर बनाने जा रही है, जिसमें वाराणसी की उन महिलाओं को भी शामिल किया जाएगा जिन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। इसके अलावा, उन्होंने मुफ्त बिजली योजना की भी चर्चा की, जिससे महिलाओं के जीवन को और अधिक सरल बनाया जाएगा।

**– शहरी विकास की एक मॉडल सिटी बनता जा रहा है बनारस**

वाराणसी में सारनाथ के विकास से जुड़ी करोड़ों रुपये की परियोजनाओं का भी लोकार्पण हुआ। प्रधानमंत्री ने कहा, 'सारनाथ का पाली और प्राकृत भाषा से गहरा नाता है, और यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हमने इन्हें शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया है।' काशी के विकास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, और यह शहर अब शहरी विकास की एक मॉडल सिटी बनता जा रहा है। उन्होंने गंगा नदी पर अंग्रेजों के जमाने में बने मालवीय पुल के बगल में बनने वाले नये डबल डेकर ब्रिज की चर्चा करते हुए कहा कि इससे वाराणसी और चंदौली की जनता को बहुत लाभ मिलेगा।

**– काशी खेल, पर्यटन और शिक्षा का नया केंद्र**

वाराणसी में खेल और शिक्षा के क्षेत्र में भी कई नई परियोजनाओं का उद्घाटन हुआ। प्रधानमंत्री ने कहा कि काशी अब खेलों का एक बड़ा केंद्र बनता जा रहा है। उन्होंने सिगरा स्टेडियम का उदाहरण दिया, जहां ओलंपिक और राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए खिलाड़ी प्रशिक्षण लेंगे। इसके अलावा, गंजारी स्टेडियम, सुंदर गलियों और साफ-सुथरे घाटों ने काशी की पहचान को और मजबूती दी है।

**– परिवारवादियों ने काशी को विकास से वंचित रखा**

अपने भाषण में प्रधानमंत्री मोदी ने यह सवाल उठाया कि आखिर क्यों काशी को इतने लंबे समय तक विकास से वंचित रखा गया। उन्होंने परिवारवाद और जातिवाद की राजनीति पर प्रहार करते हुए कहा कि 10 साल पहले तक बनारस को विकास के लिए तरसाया गया, और उन लोगों ने इसे विकास से दूर रखा जो यूपी और दिल्ली में सत्ता में थे। प्रधानमंत्री ने कहा, 'हमारी सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र पर चलती है, और हम योजनाओं में भेदभाव नहीं करते।' प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि काशी एक बार फिर से देश को गति देने का माध्यम बन रही है। वाराणसी में हो रहे विकास कार्य न केवल इस शहर की समृद्धि को बढ़ाएंगे, बल्कि पूरे देश के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## मोदी ने रीवा हवाईअड्डे का किया उद्घाटन

रीवा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वर्चुअली माध्यम से मध्यप्रदेश के विंध्य अंचल के प्रमुख शहर रीवा में हवाईअड्डे का उद्घाटन किया। मोदी वाराणसी से रीवा हवाईअड्डा उद्घाटन समारोह में वर्चुअली माध्यम से जुड़े और उन्होंने इसका उद्घाटन किया। इस आयोजन में यहां पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, अनेक जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। रीवा राज्य का छठवां हवाईअड्डा है और इसके बन जाने से विंध्य अंचल में विकास के नए आयाम प्रारंभ होने की संभावना है। श्री मोदी ने नए एयरपोर्ट के लिए राज्य के सभी नागरिकों खासतौर से विंध्य अंचल के लोगों को बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने हवाईअड्डा प्रारंभ होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने सम्पूर्ण विंध्य अंचल और राज्य के नागरिकों के लिए इस सौगात पर बधाई प्रेषित की हैं। अब राज्य में भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर और खजुराहो के बाद रीवा में हवाईअड्डे हो गए हैं। हालांकि अनेक जिलों में हवाईपट्टियां हैं, जहां पर छोटे विमान लैंड करने के साथ ही उड़ान भर सकते हैं।

## मुख्य समाचार

### यूपी: गाजियाबाद में ट्रेन की चपेट में आने से ट्रैकमैन की मौत

गाजियाबाद। यूपी के गाजियाबाद में एक ट्रैकमैन की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई है। इस घटना से गुस्साए रेलवे कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है और इस रूट पर ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित हुई है। गाजियाबाद में एक ट्रैकमैन ट्रेन की चपेट में आ गया, जिसके बाद रेलवे कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। रेलवे कर्मचारियों ने यह आरोप लगाते हुए दोनों ट्रैक पर ट्रेनों की आवाजाही रोक दी कि लोको पायलट, ट्रैक पर सावधानी का पालन करने में विफल रहा है, जिसके कारण उन्होंने अपने सहकर्मी को खो दिया है। हालांकि डीआरएम मौके पर पहुंचे हैं और रेल यातायात अब बहाल कर दिया गया है। हालांकि इस घटना से इस रूट में ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित हुई है।

### सात मोटरसाइकिलों के साथ चार वाहन चोर गिरफ्तार

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में पुलिस ने आज चार वाहन चोरों पर शिकंजा कसा और उनके पास से सात चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सहजवान ने बताया कि सहारनपुर में वाहन चोरी की घटनाओं को संज्ञान लेते हुए विशेष अभियान शुरू किया गया जिसके तहत यहा नकुड क्षेत्र के नया गाँव स्थित पैट्रोल पम्प के पास से पुलिस चैकिग के दौरान चोरी की गयी सात मोटरसाइकिल सहित चार शातिर अभियुक्तो को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पकड़े गये चोरों की पहचान शीष, अक्षय, अकुश व मोहित के रूप में की गयी है। उन्होंने बताया कि इन चोरो शातिर अभियुक्तो से एक मोबाइल, व 5320 नकद व सात मोटरसाइकिल बरामद की गयी हैं।

### गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को लेकर बड़ा खुलासा

नई दिल्ली। लॉरेंस बिश्नोई के चचेरे भाई ने खुलासा किया है कि उसका परिवार गैंगस्टर की देखभाल के लिए प्रति वर्ष लगभग ?35 से 40 लाख रुपये खर्च करता है क्योंकि वह जेल में है। लॉरेंस बिश्नोई के 50 वर्षीय चचेरे भाई रमेश बिश्नोई ने यह भी कहा कि परिवार ने कभी नहीं सोचा था कि पंजाब विश्वविद्यालय से कानून में स्नातक 31 वर्षीय मेरा भाई लॉरेंस एकदिन अपराधी बन जाएगा। द डेली गार्जियन ने रमेश के हवाले से कहा, हम हमेशा अमीर रहे हैं। लॉरेंस के पिता हरियाणा पुलिस में कांस्टेबल थे और हमारा परिवार गांव में 110 एकड़ (ज़मीन) का मालिक है। लॉरेंस हमेशा महंगे कपड़े और जूते पहनता था। वास्तव में, अब भी, परिवार जेल में उस पर सालाना ?35 से 40 लाख खर्च करता है।

## कानून-व्यवस्था ध्वस्त होने का प्रमाण है दिल्ली में 'बम विस्फोट' : कांग्रेस

(पब्लिक एशिया ब्यूरो)



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में दिनदहाड़े लूट की घटनाएं हो रही है, बम विस्फोट हो रहे हैं, गोलियां चल रही है, उगाही जैसी घटनाएं हो रही हैं, जो साबित करता है कि राजधानी की कानून और व्यवस्था चौपट हो गई है तथा इसके लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) तथा आम आदमी पार्टी (आप) दोनों ही जिम्मेदार है। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि रविवार की सुबह रोहिणी में सीआरपीएफ स्कूल के पास हुआ बम धमाका बेहद चौंकाने वाला है क्योंकि त्यौहारी सीजन में धमाका होना दिल्ली में सुरक्षा व्यवस्था और गृह मंत्रालय की चौकसी की पोल खोल रहा है। इस विस्फोट में चौकाने वाली बात यह है कि फोरेंसिक विभाग को शुरुआती जांच में क्रूड बम जैसा मटेरियल मिला है। यादव रविवार को बल्लीमारान विधानसभा क्षेत्र की कार्यकारिणी बैठक को संबोधित करते हुए जनता से भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र में जाने से पहले अपने आसपास संदिगध गतिविधि पर पैनी नज़र रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की में बदलाव की बयार चल रही है क्योंकि लोग भाजपा और आम आदमी पार्टी से बहुत दुखी है। दिल्ली की जनता ने भाजपा और आम आदमी पार्टी को अपने सपने पूरे करने के लिए चुना था परंतु दोनों सरकार की नीति और नियत उजागर हो चुकी है इसलिए जनता अब कह रही है ।

## शंकरा अस्पताल 'काशी' को स्वास्थ्य हब के रूप में स्थापित करने में होगा सहायक : योगी

(पब्लिक एशिया ब्यूरो)



वाराणसी। उत्तर प्रदेश के काशी में आर जे शंकरा नेत्र चिकित्सालय के उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह अस्पताल काशी को स्वास्थ्य हब के रूप में स्थापित करने में सहायक होगा। यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम को कांची काम कोटि के जगद्गुरू शंकराचार्य विजयेंद्र सरस्वती की मौजूदगी में संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में काशी में स्वास्थ्य के क्षेत्र में जबरदस्त काम हुआ है। यहां ढाई हजार करोड के स्वास्थ्य क्षेत्र के विकास के काम हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और मार्ग दर्शन में काशी में 10 वर्षों में स्वास्थ्य के साथ साथ विकास और शिक्षा के क्षेत्र में भी बड़ा काम हुआ है। योगी ने कहा कि आज पूर्वी उत्तर प्रदेश के साथ साथ बिहार और आस पास के क्षेत्रवासियों को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल रहा है। इस दौरान जगद्गुरू शंकराचार्य विजयेंद्र सरस्वती ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार सुरक्षा और सुविद्या के लिएकाम कर रही है। यह सरकार विश्व में एक उदाहरण प्रस्तुत कर रही है। आज देश में काफी उन्नति और प्रगति हो रही है तो इसका कारण है कि देश में अच्छे नेता हैं और सबको जोडने वाले नेता के रूप में मोदी जी काम कर रहे हैं। वह ईश्वर की कृपा और संतों आर्शीवाद से जनता कीसेवा के काम में लगे हैं। उन्होंने कहा कि यह सरकार आमजन के साथ पशुओं के लिए भी उदारचित्त होकर काम कर रही है। महामारी में जन सामान्य को सरकार ने अन्न मुहैया कराया और जन कल्याण के लिए लगातार काम कर रही है। जगद्गुरू शंकराचार्य विजयेंद्र सरस्वती ने कहा कि देश में बौधिक विकास के साथ धर्म और संस्कृति का विकास भी जरूरी है। बहुमुखी प्रतिभा के धनी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यूपी के उनके साथी योगी जी पूरा सहयोग दे रहे हैं। देश के उज्जवल भविष्य के लिए दोनों मिलकर काम कर रहे हैं। देश का भविष्य उज्जवल होगा तो दुनिया में शांति होगी और देश विश्व गुरू के रूप में स्थापित हो पायेगा। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कुछ बच्चों को अपने हाथ से चश्मा पहनाकर आर्शीवाद भी दिया।

## रोहिणी में बम विस्फोट दिल्ली की चरमराती सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल रही :आतिशी

(पब्लिक एशिया ब्यूरो)



**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने भारतीय जनता पार्टी( भाजपा) पर हमला करते हुए रविवार को कहा कि यहां रोहिणी में स्कूल के बाहर बम विस्फोट की घटना दिल्ली की चरमराती सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल रही है। आतिशी ने 'एक्स'पर कहा, रोहिणी स्थित एक स्कूल के बाहर बम विस्फोट की घटना दिल्ली की चरमराती सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल रही है।दिल्ली में क़ानून व्यवस्था की जिम्मेदारी भाजपा की केंद्र सरकार के पास है। लेकिन भाजपा अपना यह काम छोड़कर सारा समय दिल्ली की चुनी हुई सरकार के कामों को रोकने में लगाती है। उन्होंने कहा, यही कारण है कि आज दिल्ली में 1990 के दशक के मुंबई अंडरवर्ल्ड के दौर जैसा हाल हो गया है। शहर में सरेआम गोलियाँ चल रही है, गैंगस्टर वसूली कर रहे हैं और अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा, भाजपा के पास ना काम करने की नीयत है ना क़ाबिलियत।

## भोलेनाथ की शरण में मुकेश अंबानी

नई दिल्ली। प्रसिद्ध उद्योगपति मुकेश अंबानी रविवार को भगवान शिव की शरण में पहुंचे। अंबानी ने बदरीनाथ और केदारनाथ धाम पहुंचकर भगवान शिव के दर्शन किए। श्री बदरीनाथ – केदारनाथ मंदिर समिति बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने बताया कि रिलायंस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक मुकेश अंबानी रविवार (20 अक्टूबर) की सुबह पहले श्री बदरीनाथ धाम दर्शन को आये। उसके पश्चात श्री केदारनाथ धाम दर्शन को पहुंचे।

## भाजपा ने महाराष्ट्र से 99 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की

(पब्लिक एशिया ब्यूरो)

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के लिए 99 उम्मीदवारों की पहली सूची रविवार को जारी की। भाजपा ने उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस को नागपुर दक्षिण पश्चिम से तथा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले को कामठी से उतारा है। भाजपा के महासचिव अरुण सिंह ने यहां यह सूची जारी की जिसे गत 16 अक्टूबर को पार्टी मुख्यालय में हुई केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक में स्वीकृति दी गयी थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी और भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की अध्यक्षता में यह बैठक हुई थी। पहली सूची में 99 उम्मीदवारों में से 13 महिलाएं हैं, जिनमें कांग्रेस से भाजपा में आकर राज्यसभा सांसद बनने वाले पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण की पुत्री श्रीजया अशोक चव्हाण भी शामिल हैं, जिन्हें भोकर से टिकट दिया गया है।

संपादकीय

## सलमान उर्फ़ सल्लू उर्फ़ बजरंगी भाई जान

भारतीय रजतपट के सर्वाधिक लोकप्रिय सितारों में से एक अभिनेता सलमान खान के ऊपर मौत मंडरा रही है ,लेकिन सलमान का जिगरा है की वो बेख़ौफ़ (खौफ में होकर भी) अपने काम में लगे हुए है। सलमान की जान का दुश्मन हिंदूवादी डॉनलारेंस विश्नोई। लारेंस चाहता है कि सलमान न सिर्फ उससे माफ़ी मांगे बल्कि पांच करोड़ की चौथ भी दे। सलमान को मिल रही धमकियों से उनके असंख्य प्रशंसकों में चिंता व्याप्त है। सलमान को लोग प्यार से यदि घर में सल्लू कहते हैं तो बाहर उन्हें बजरंगी भाईजान भी कहा जाता है। फ़िल्मी दुनिया में अकूत कमाई और कीर्ति हासिल करने वाले सलमान खान पहले नहीं हैं, जिन्हें इस तरह की धमकियां मिली हों। सलमान से पहले भी तमाम अभिनेता भय और आतंक के साये में जीने को मजबूर किये जा चुके हैं। लारेंस से पहले डॉन की एक पूरी जमात सिने अभिनेताओं से चौथ वसूली का धंधा खुले आम करते रहे हैं। कुछ चौथ देकर अपना पिंड इन डॉन से छुड़ा लेते हैं और कुछ सलमान की तरह न टूटते हैं और न झुकते हैं। सलमान को भयभीत करने के लिए लारेंस के गुर्गों ने सलमान के पारिवारिक मित्र रहे पूर्व मंत्री और एनसीपी के नेता बाबा सिद्दीकी को सरे आम गोलियों से भून दिया है। महाराष्ट्र में ये मुद्दा सिर्फ क़ानून और व्यवस्था का ही नहीं बल्कि राजनीति का भी है। महाराष्ट्र में अगले महीने विधानसभा के चुनाव होने जा रहे है। इन चुनावों में लारेंस भी एक राजनीतिक मुद्दा होगा ,लेकिन इससे सलमान को सुरक्षा की गारंटी तो नहीं मिल जाती। अभी तक सरकार ने सलमान की सुरक्षा की गारंटी ली भी नहीं है हालाँकि सलमान को सरकार की और से सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराई गयी है। सलमान का अपना सुरक्षा कुछ है सो अलग।फ़िल्मी दुनिया में आये सलमान खान को कोई 36 साल हो गए है। उन्होंने 1988 में फ़िल्मी दुनिया में कदम रखा था और आज वे रजतपट के सबसे चाहते और सबसे ज्यादा मंहगे अभिनेता है। हाल में ही उनकी अनेक फिल्मों ने सबसे ज्यादा कमाई की है ,शायद इसीलिए सलमान अंदर वर्ल्ड की नजर में चढ़े हुए है। डॉन लारेंस विश्नोई से सलमान की अदावत की एक वजह काले हिरण के शिकार का वो मामला है जिसमें सलमान खान पर आरोप लगाए गए थे। राजस्थान का विश्नोई समाज काले हिरण को अपनी जान से ज्यादा चाहता है ,शायद लारेंस आपने समाज की और से स्वयंभू ठेकेदार बनकर सलमान से बदला लेना चाहता है।

लारेंस की धमकी के बाद सलमान खान 'बिग बॉस' की शूटिंग के लिए घर से निकले। लेकिन उनके पिता सलीम खान की आँखों में मैंने अपने बेटे के लिए डर को तैरते हुए देखा। एक टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में सलीम साहब की आँखे पनीली हो गयीं। सलीम खान साहब अपने जमाने के मशहूर पटकथा लेखक है। उनकी और जावेद खान की जोड़ी ने फ़िल्मी दुनिया को हिलाकर रख दिया था। बाद में ये जोड़ी टूट गयी और सलीम साहब भी ,लेकिन उनके बेटे सलमान खान ने जो यश-कीर्ति कमाई उससे उन्हें सम्हलने का मौक़ा जरूर मिला। एक पिता के रूप में सलीम साहब को डरते हुए मैंने पहली बार देखा। अजीब बात ये है कि लारेंस विश्नोई और सत्तारूढ़ दल के लक्ष्य अल्पसंख्यक ही हैं। कभी-कभी लगता है कि दोनों मिलकर इस देश से मुसलमानों का सफाया करना चाहते हैं। लेकिन ये जान लेना जरूरी है कि सलमान खान के डीएनए में इसी देश का नमक और खून बह रहा है। वे यहीं जन्में हैं और तीन पीढ़ियों से भारतीय है। अलवत्ता सलमान ख़ान के दादा अफगानिस्तान से आकर भारत में मध्य प्रदेश में बस गए थे। उनकी माँ मराठी हिंदू है। सलमान ख़ान ने एक दफ़ा खुद भी कहा है कि वे आधे हिंदू व आधे मुस्लिम है।उनकी सौतेली माँ हेलेन, अपने जमाने की मशहूर अभिनेत्री हैं। सलमान पटकथा लेखक सलीम ख़ान और उनकी पहली पत्नी सुशीला चरक उर्फ़ सलमा के ज्येष्ठ पुत्र है। उन उनके दो भाई अरबाज़ ख़ान और सुहेल ख़ान व बहनें अलवीरा और अर्पिता है। अलवीरा की शादी अभिनेता/निर्देशक अतुल अग्निहोत्री से हो चुकी है। ख़ान ने अपने भाईयों अरबाज़ व सुहेल की ही तरह बांद्रा स्थित सेंट स्टेनिस्लॉस हाई स्कूल के माध्यम से अपनी स्कूली शिक्षा समाप्त की। इससे पहले उन्होंने ग्वालियर स्थित सिंधिया स्कूल में अपने छोटे भाई अरबाज़ से साथ कुछ वर्ष पढ़ाई की। तमाम विवादों में घिरे सलमान खान का एक प्रशंसक मै भी हूँ। उनकी फ़िल्में देखने वालों में तमाम अंधभक्त भी हैं लेकिन अब उन्हें सलमान खान में नायक नहीं बल्कि खलनायक नजर आता है। सलमान ने अतीत में जो भी अपराध किये हों उनकी सजा उन्हें मिली है या मिलेगी लेकिन उन्हें सिर्फ इस वजह से जान से मारने की धमकी नहीं दी जा सकती क्योंकि वे एक मुसलमान हैं। काले हिरण के शिकार के मामले में उन्होंने बाकायदा जेल यात्रा की और न्यायालय की और से ही उन्हें जो राहत मिलना थी सो मिली। अब इस मामले में लारेंस जज क्यों बनना चाहता है ? सलमान से पहले कितने ही अभिनेताओं को जान से मरने की धमकियां मिल चुकी हैं। बदमाशों ने शाहरुख़ खान,राकेश रोशन महेश भट्ट,आमिर खान और अक्षय कुमार को भी क्या कम धमकाया है ? गुलशन कुमार और सिद्धू मूसावाला की तो इन बदमाशों ने जान ही ले ली है। सलमान खान भारतीय फिल्म जगत के राहुल गांधी हैं। अविवाहित लेकिन सबसे ज्यादा लोकप्रिय। दोनों की जान लगातार खतरे में रहती है लेकिन दोनों की लोकप्रियता दिनों -दिन बढ़ती ही जा रही है। राहुल और सलमान खान की तुलना करने पर मुझे तमाम आक्रमणों का सामना करना पड़ेगा,लेकिन एक लेखक के रूप में मुझे जो ठीक लग रहा है ,वो मै लिख रहा हूँ। मुमकिन है कि मेरा लिखा सही न भी हो। मै करूँ तो करूँ भी क्या ? मुझे दिलीप कुमार साहब भी पसंद है। मुझे वहीदा रहमान पसंद है। ये सभी मुसलमान है। अब सिर्फ इसी वजह से न मैं अपनी पसंद बदल सकता हूँ और न दूसरे लोग भी ऐसा कर सकते है। कुल जमा बात ये है कि इस समय देश में सत्ता और डॉन के बीच एक अघोषित गठबंधन बनता नजर आ रहा है। महाराष्ट्र और राष्ट्र के मतदाताओं की ये जिम्मेदारी है की वो इस गठजोड़ को हर सूरत में तोड़े।

▪ राकेश अचल

# वैश्विक जलचक्र असंतुलन से ज़ुड़ी चुनौतियों की गंभीरता



ललित गर्ग

**नीति आयोग के एक ताजा सर्वे के अनुसार भारत में 60 करोड़ आबादी भीषण जल संकट का सामना कर रही है। अपर्याप्त और प्रदूषित जल के उपभोग से भारत में हर साल 2 लाख लोगों की मौत हो जाती है। यूनिसेफ द्वारा उपलब्ध कराए गए विवरण के अनुसार भारत में दिल्ली और मुंबई जैसे महानगर जिस प्रकार पेयजल संकट का सामना कर रहे हैं, उससे लगता है कि 2030 तक भारत के 21 महानगरों का जल पूरी तरह से समाप्त हो जाएगा और वहां पानी अन्य शहरों से लाकर उपलब्ध कराना होगा। जल से जुड़ी चुनौतियां एवं जलचक्र के असंतुलित होने की स्थितियों को स्वीकार कर हम भारतीयों को संकल्पित होना होगा इन चुनौतियों एवं समस्याओं से जूझने के लिये।**

असंतुलित जलचक्र के कारण समूची दुनिया के समुख पानी एक बड़ी गंभीर एवं चुनौतीपूर्ण समस्या बन रही है। पृथ्वी के चारों ओर पानी के घूमने की प्रणाली को जल-चक्र कहा जाता है, जीवन को संचालित करने के लिए जिसका सुचारु होना आवश्यक होता है। पूरी दुनिया में पीने के पानी की भारी समस्या है और उसके अधिक विकराल होने की संभावनाओं की चेतावनी लम्बे समय से दिये जाने के बावजूद हम नहीं चेत रहे हैं। पानी के दुरुपयोग, जल संसाधनों के कुप्रबंधन, बदलते जलवायु, भूमि के बढ़ते उपयोग और वन क्षेत्रों में कटौती ने समूचे जल-चक्र को असंतुलित कर दिया है। कहते हैं कि पानी की असल अहमियत वही शख्स समझता है, जो तपते रेगिस्तान में एक बूंद पानी की खोज के लिए मीलों भटका हो। वह शख्स पानी की कीमत क्या जाने, जो नदी के किनारे रहता है। भारत के कई राज्यों में पीने के पानी की भारी समस्या है और उसके अधिक विकराल होने की संभावनाएं व्यक्त की जा रही है। नीति आयोग ने अपनी एक रिपोर्ट में अगले ही साल 21 शहरों में भूजल खत्म होने की आशंका व्यक्त करते हुए एक बार फिर चेताया है।

नीति आयोग की रिपोर्ट बड़े खतरे का संकेत दे रही है। अब जलचक्र के असंतुलित होने का असर भारत पर भी पड़ना निश्चित है। इसलिये भारत में जल-समस्या जीवन-संकट बन सकती है। भारत में पुराने जमाने में तालाब, बावड़ी और नलकूप थे, तो आजादी के बाद बांध और नहरें बनाईं। वक्त के बदलने के साथ-साथ सोच भी बदली, अति भोगवाद, सुविधावाद बढ़ा तो प्रकृति एवं पर्यावरण के प्रति उपेक्षा भी घनघोर होती गयी। संयम का सूत्र छूट गया। आधुनिक सभ्यता की सबसे बड़ी मुश्किल यही है कि वह प्रकृति में निहित संदेश को हम सुन नहीं पा रहे हैं। जलसंकट पूरी मानव जाति को ऐसे कोने में धकेल रही है, जहां से लौटना मुश्किल हो गया है। समय-समय पर प्रकृति चेतावनियां देती है पर आधुनिकता के कोलाहल में हम बहरा गये हैं। आज देश का कोना-कोना जल समस्या से ग्रस्त है। वर्ष 2018 में कर्नाटक ने अभूतपूर्व बाढ़ देखी थी, किंतु अब 2019 में उसके 176 में से 156 तालुके सूखाग्रस्त घोषित हो चुके हैं। महाराष्ट्र, बिहार, उत्तरप्रदेश, झारखंड, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ भयंकर जल समस्या का सामना कर रहे हैं।

विश्लेषकों द्वारा तृतीय विश्वयुद्ध की आशंका पानी के लिए व्यक्त की जाती रही है। निकट भविष्य में पानी का प्रयोग अस्त्र रूप में भी संभावित है। कुछ समय पहले पाकिस्तान से तनाव हो जाने पर भारत द्वारा सिंधु नदी के प्रवाह को रोक कर पानी की उपलब्धता बाधित करने की चेतावनी दी गई थी। जबकि देश में ही पानी की अनुपलब्धता की समस्या पूरे राष्ट्र में पिछले 10-15 साल से चल रही है। इसके मूल में नियमित रूप से वर्षा का न होना तथा सूखा पड़ते रहना तथा सरकार की गलत नीतियां भी हैं।



पानी की उपलब्धता की स्थिति को देखते हुए यह लगने लगा है कि विश्वयुद्ध हो या न हो, पर हर गली- मोहल्ले में, शहर -शहर में, गांव- गांव में पानी के लिए 10-15 वर्ष में ही युद्ध होंगे और भाईचारे के साथ रह रहे पड़ोसी पानी के लिए आपस में लड़ेंगे।

भारत सहित दुनिया के अधिकांश देश जल-समस्या से पीड़ित है। पृथ्वी पर तीन अरब लोग पहले से जल संकट का सामना कर रहे हैं। अब जल-चक्र असंतुलन से न जाने और कितने लोग संकट में आ जाएंगे। बड़ी चिंता यह भी कि इससे दुनिया की जीडीपी को आठ से पंद्रह प्रतिशत तक नुकसान हो जाएगा। दरअसल, प्रकृति की उपेक्षा के साथ-साथ सिर्फ अपना लाभ देखने की दुष्प्रवृत्ति ही इस स्थिति के लिए जिम्मेदार है। जल की बर्बादी, वन क्षेत्रों का खात्मा, पेड़-पौधों का लगातार काटना, ओजोन परत को नुकसान, ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु संकट और इन सब के कारण अंततः जीव-जंतुओं के अस्तित्व पर ही आती आंच के रूप में इसके दुष्परिणाम सामने है। एक तथ्य यह भी है कि इन दुष्परिणामों की चिंता तो खूब होती रही है, लेकिन सरकारें एवं आमजन इस समस्या के प्रति उतना गंभीर नहीं है, जितनी अपेक्षा है। देश के जो क्षेत्र जल संकट की भयावह स्थिति का सामना कर रहे हैं, उन क्षेत्रों में एक घड़े पानी की कीमत व्यक्ति या मनुष्य के जीवन से अधिक है। वहां गर्मी में तो महिलाएं प्रातःकाल से ही जल की व्यवस्था में जुट जाती हैं।

बदलते जलवायु परिवर्तन का आलम यह है कि देश में जहां सूखा पड़ता था, अब वहां बाढ़ आ रही है। चरम जलवायु घटनाओं का स्वरूप बदल रहा है। जल चक्र पर भी इसका असर पड़ रहा है। बीते समय में चरम घटनाओं और प्राकृतिक आपदाओं में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। इन्हीं घटनाओं से होने वाले नुकसान को कम करने और इसका मुकाबला करने के लिए मोदी सरकार ने मिशन मौसम शुरू किया है। 'मिशन मौसम' के तहत सरकार टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके मौसम की भविष्यवाणी को बेहतर बनाने का काम करेगी। हर साल चक्रवात, बाढ़, सूखा और हीटवेव जैसे जलवायु परिवर्तन से उपजी आपदाओं के चलते करीब 10,000 लोगों की मौत हो जाती है। 'मिशन मौसम' की अहमियत का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि मौसम की सटीक भविष्यवाणी से इनमें से कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। सरकार ने 'मिशन मौसम' के लिए 2,000 करोड़ रुपए का बजट रखा है। इतना ही नहीं ये सरकार को आपदा के आने से पहले तैयार होने और उसके बाद जनजीवन को जल्द से जल्द सुचारु करने में भी मदद करेगा। मिशन 'मौसम प्रबंधन' तकनीकों का पता लगाएगा और इसमें कृत्रिम रूप से बादलों को विकसित करने के लिए एक प्रयोगशाला बनाना, रडार की संख्या में 150 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि करना और नए उपग्रह, सुपर कंप्यूटर और बहुत कुछ जोड़ना शामिल है। भारतीय मौसम वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि अगले पांच सालों में उनके पास इतनी विशेषज्ञता होगी कि वे न केवल बारिश को बढ़ा सकेंगे बल्कि कुछ क्षेत्रों में ओलों और बिजली के साथ-साथ इसे भी रोक सकेंगे। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर जलचक्र के असंतुलित होने से उत्पन्न समस्याओं को लेकर भी आवाज बुलंद होती रही हैं, पर जैसे हालात बनते जा रहे हैं इन चिंताओं का असर ढाक के तीन पात जैसा ही है। इससे भी गंभीर बात यह कि जल-चक्र बिगड़ने से दुनिया का आधा खाद्य उत्पादन ही खतरे में आ गया है। तब उन देशों का क्या होगा, जो पहले से खाद्यान्न संकट को झेल रहे हैं। जाहिर है, संकट में शामिल देशों की सूची बढ़ती ही जाएगी। कहना न होगा कि अब भी नहीं संभले और विकास का वैकल्पिक रास्ता नहीं खोजा, तो भयावह स्थिति को कोई नहीं रोक सकता। जलचक्र के असंतुलन की स्थिति का आकलन कोरी कल्पना पर आधारित नहीं है। विशेषज्ञों के समूह 'ग्लोबल कमीशन ऑन द इकोनॉमिक्स ऑफ वॉटर' ने तथ्यों और परिस्थितियों के गहन वैज्ञानिक अनुसंधानों और विश्लेषणों के माध्यम से भयावह हालात की ओर आगाह किया है। हालात चिंताजनक इसलिए हुए हैं क्योंकि सभी संसाधनों के क्षरण की गति बेतहाशा बढ़ गई है। समस्या न केवल वैश्विक है बल्कि एक-दूसरे से जुड़ी हुई है, इसलिए वैश्विक स्तर के प्रयासों से ही जल-चक्र के असंतुलन से उत्पन्न परिस्थितियों के समाधान की राह तलाशनी होगी।

नीति आयोग के एक ताजा सर्वे के अनुसार भारत में 60 करोड़ आबादी भीषण जल संकट का सामना कर रही है। अपर्याप्त और प्रदूषित जल के उपभोग से भारत में हर साल 2 लाख लोगों की मौत हो जाती है। यूनिसेफ द्वारा उपलब्ध कराए गए विवरण के अनुसार भारत में दिल्ली और मुंबई जैसे महानगर जिस प्रकार पेयजल संकट का सामना कर रहे हैं, उससे लगता है कि 2030 तक भारत के 21 महानगरों का जल पूरी तरह से समाप्त हो जाएगा और वहां पानी अन्य शहरों से लाकर उपलब्ध कराना होगा। जल से जुड़ी चुनौतियां एवं जलचक्र के असंतुलित होने की स्थितियों को स्वीकार कर हम भारतीयों को संकल्पित होना होगा इन चुनौतियों एवं समस्याओं से जूझने के लिये।

# देश को साम्प्रदायिकता की आग में झोंकते कुंठाग्रस्त लोगों के विमर्श



तनवीर जाफ़री

भारतीय मीडिया विशेषकर इलेक्ट्रानिक मीडिया इन दिनों जितने निम्नस्तर पर जाकर अपने दर्शकों को उकसा और वरग़ला कर उनमें धार्मिक उन्माद व नफ़रत पैदा कर रहा है वैसा पहले कभी नहीं देखा गया। ऐसा लगता है कि पिछले दस वर्षों से मीडिया को देश में नफ़रत फैलाने और साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण करने की खुली छूट मिली हुई है। झूठी ख़बरें प्रसारित करना,टी वी एंकर्स द्वारा झूठे ट्वीट करना फिर अपने उसी ट्वीट को डिलीट कर देना,अपनी विचारधारा से मेल न खाने वाले टी वी वार्ता के पैनल्स के सदस्यों को अपमानित करना,उनके साथ गली गलोच करना और यदि वह मुसलमान है तो उसे सीधे तौर पर मुल्ले ,कटुवे या आतंकवादी,पाकिस्तानी,जिहादी आदि कुछ भी कहकर संबोधित करना बिल्कुल आम बात होती जा रही है। नफ़रती संस्कारों में परवरिश पाने वाले यह लोग अपने अपनी उम्र व अपनी पारिवारिक पृष्ठभूमि देखे बिना कभी किसी उच्चाधिकारी को अपमानित कर बैठते हैं तो कभी भारत के मुख्य न्यायाधीश तक के प्रति ऐसे अपशब्द अपने मुंह से निकालते हैं जिनकी कल्पना भी नहीं की जा सकती।

पिछले दिनों उत्तर प्रदेश के बहराइच में महराजगंज क्षेत्र में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान साम्प्रदायिक हिंसा भड़क उठी थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्गा प्रतिमा विसर्जन में शामिल सैकड़ों लोग मुस्लिम बाहुल्य इलाक़े से डी जे पर तेज़ आवाज़ में कुछ आपत्तिजनक गाने बजाते हुये गुज़र रहे थे। हालांकि उत्तर प्रदेश सरकार ने जुलूसों में डी जे के प्रयोग पर पाबन्दी लगा रखी है। उसके बावजूद डी जे पर तेज़ आवाज़ में धर्म विशेष को अपमानित करने वाले गाने बजाये जा रहे थे। ख़बर है कि मुसलमानों की तरफ़ से कुछ लोगों ने डी जे बंद करवाने के लिये कहा परन्तु भीड़ ने डी जे तो बंद नहीं किया परन्तु उग्र ज़रूर हो गयी। इसके बाद मुसलमानों के घरों को निशाना बनाते हुये तोड़फोड़ व आगज़नी शुरू होगयी। इसी बीच राम गोपाल मिश्रा नामक एक ग़रीब नव विवाहित युवक जो भंडारों में लंगर बनाने का काम करता है वह आवेश में एक मुस्लिम व्यक्ति के घर की छत पर चढ़ गया। उसने छत पर इस्लामी प्रतीक के रूप में लगे झंडे को गिराने की कोशिश की जिससे झंडे के साथ ही छत की रेलिंग भी टूट गई। इसके बाद आक्रोशित मुसलमानों की तरफ़ से गोलीबारी हुई जिसमें राम गोपाल मिश्रा की गोलियां लगने से मौत हो गयी।

डी जे पर तेज़ आवाज़ में आपत्तिजनक गाने बजना, राम गोपाल मिश्रा का आवेश में आकर किसी मुस्लिम व्यक्ति के घर की छत पर चढ़ना, इस्लामी प्रतीक झंडे को गिराना,हिंसा के लिये भीड़ को उकसाना आदि सब कुछ ग़ैर क़ानूनी तो ज़रूर है,परन्तु इनका जवाब गोलीबारी करना या किसी की हत्या कर देना हरगिज़ नहीं। यह हत्या भी उतनी ही निंदनीय है जितना कि भीड़ द्वारा धर्म विशेष के लोगों को हिंसा के लिये उकसाया जाना। परन्तु बहराइच की इस हिंसा के बाद जो नफ़रत पूर्ण भूमिका टी वी चैनल्स व इन के नफ़रती ऐंकर्स यहाँ तक कि इस विषय पर आयोजित परिचर्चा में भाग लेने वाले पक्षपाती पैनल्स द्वारा अदा की गयी उसे देखकर साफ़ अंदाज़ा लगाया जा सकता है कि स्वयं को मुख्य धारा का मीडिया बताने वाला यह नेटवर्क दरअसल देश में अमन शांति व सद्भाव का पैरोकार नहीं बल्कि देश को नफ़रत व हिंसा की आग में झोंकने के लिये दिन रात एक किये हुए है।

सबसे बड़ा नफ़रती खेल इस ग़ैर ज़िम्मेदार मीडिया व सोशल मीडिया द्वारा राम गोपाल मिश्रा की मौत के बाद आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट को लेकर खेला गया जिससे कि जलती आग में और घी डाला जा सके और दंगों को पूरे प्रदेश व देश में फैलाया जा सके। विस्तृत पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बताया गया है कि राम गोपाल के शरीर में कई छर्रे लगे जिससे अत्यधिक रक्तस्राव हुआ जिसके चलते उसकी मृत्यु हो गयी। परन्तु मीडिया चीख़ता चिल्लाता रहा कि मृतक राम गोपाल पर तलवारों से हमला किया गया,उसके नाख़ून खींचे गये,उसे करंट लगाया गया उसकी लाश के साथ बर्बरता की गयी,आदि। ज़ाहिर है उत्तेजना पूर्ण माहौल में इसतरह की अफ़वाह भरी ख़बरें जलती आग में घी डालने का ही काम करेंगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद नफ़रती व्यवसाय में लगे कई पत्रकार सी एम ओ व पोस्टमार्टम करने वाले अन्य डॉक्टर्स से भी मिले तथा उनके मुंह से यह कहलवाने की कोशिश की कि क्या पैरों के नाख़ून खींचे गये ? क्या मृतक शरीर के साथ बर्बरता की गई ? परन्तु कोई भी डॉक्टर इन नफ़रती रिपोर्टर्स के झांसे में नहीं आया। और सब ने एक ही बात कही कि मृतक के शरीर में कई छर्रे लगे जिससे अत्यधिक रक्तस्राव हुआ जिसके चलते उसकी मृत्यु हो गयी।

आख़िरकार इन अफ़वाहों के बाद बहराइच पुलिस को स्वयं सामने आना पड़ा और पोस्टमार्टम रिपोर्ट की सच्चाई को अपने एक्स हैंडल से जारी करते हुये अफ़वाहों से दूर रहने व भ्रामक सूचनाओं को प्रसारित न करने की अपील करनी पड़ी। एक टी वी चैनल पर इसी विषय पर आधारित एक परिचर्चा में उत्तर प्रदेश के पूर्व ए डी जी पी विभूति नारायण राय जब अपने जीवन के लगभग चार दशक के आई पी एस के रूप में अपनी सेवा के अनुभव के अनुसार अपनी बात कह रहे थे उसी समय भाजपा का एक प्रवक्ता साफ़ तौर पर यह कहता सुनाई दिया कि मैं धर्मनिरपेक्ष नहीं हूँ बल्कि मैं केवल हिन्दू हूँ। उसके बाद उसने विभूति नारायण राय के प्रति भी अपशब्दों का इस्तेमाल किया जबकि वह प्रवक्ता शायद उम्र के मामले में राय साहब की उम्र से आधा भी नहीं होगा।

स्वयं को सुप्रीम कोर्ट का वकील बताने वाला परिचर्चा का वही प्रतिभागी एक मुस्लिम राजनैतिक विश्लेषक को सरेआम मुल्ले,आतंकवादी कहकर व गंदी गालियां देकर बुला रहा था। अफ़वाह,साम्प्रदायिक तनाव व सनसनी फैलाने की गोया इन एंकर्स व प्रवक्ताओं को पूरी ट्रेनिंग हासिल है।वैसे भी कई राजनैतिक विश्लेषकों का मत है कि चूंकि उत्तर प्रदेश में अगले कुछ दिनों में 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने जा रहे हैं इसीलिये साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण के लिये ही कुंठाग्रस्त लोग अपने कटु विमर्श के द्वारा देश की फ़िज़ा ख़राब करने में जुटे हुये हैं।

# इजरायली डिफेंस फोर्स के सुरक्षा घेरे में सेंध से दुनियाँ हैरान!



एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी

**भारत ने हमेशा दोनों पक्षों के बीच बातचीत और शांतिपूर्ण समाधान की वकालत की है।भारत सरकार ने विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर यह मुद्दा उठाया है, साथ ही भारत ने हमेशा संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों और दो-राज्य समाधान के सिद्धांत का समर्थन किया है। भारत की भूमिका में मध्यस्थता, कूटनीतिक संवाद, और मानवता के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करना शामिल है। हालांकि, स्थिति जटिल है और पीएम की भूमिका सीमित होती है, लेकिन भारत का यह प्रयास वैश्विक स्तर पर शांति और स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है।**

वैश्विक स्तरपर दुनियाँ दो खेमों में बंट चुकी है। इन देशों में अप्रत्यक्ष रूप से प्रॉक्सी वॉर शुरू है,इस बीच भारत कनाडा का टेंशन भी बड़ा हुआ है, वहीं इस बिगड़ते माहौल व युद्ध के बीच 19 अक्टूबर 2024 को देर शाम इजरायल के प्रधानमंत्री के घर ड्रोन हमले की जानकारी डिजिटल मीडिया पर आग की तरह फैली जिसे देर रात्रि इजरायली पीएमओ कार्यालय व आईडीएफ ने भी कंफर्म किया व किसी जनहानि से इनकार किया। उधर इस कठिन माहौल क़े बीच रूस के कज़ान में 23 -25 अक्टूबर 2024 **सेब्रिक्स देशों का** 16वाँ शिखर सम्मेलन शुरू हो रहा है जिसकी तैयारियां जोर-जोर से की गई है। भारतीय पीएम भी 22-23 अक्टूबर 2024 को इस महासम्मेलन में शामिल होंगे, जिसमें संभावित वैश्विक जंग यानें वैश्विक युद्ध क़े दोनों आधार रूस-यूक्रेन व हमास-इजरायल युद्ध को रोकने के उपचार में भारतीय पीएम फिर ग्लोबल लीडर साबित हो सकते हैं।परंतु अभी नए घटनाक्रमों के चलते इस बारे में कहा नहीं जा सकता। चूँकि इजरायली पीएम के घर पर ड्रोन हमले से इसराइल एफडीआई के सुरक्षा घेरे में सेंघ से दुनियाँ हैरान है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे हिजबुल्लाह का याह्या सिनवर मौत पर एक्शन इजरायली पीएम के घर ड्रोन हमला रिएक्शन, तीसरे विश्व युद्ध का टेंशन।

साथियों बात अगर हम इजरायली पीएम के घर ड्रोन हमले की करें तो,लेबनानी गुट हिजबुल्लाह की ओर से शनिवार को निजी आवास पर ड्रोन हमले की कोशिश के बाद इजरायली पीएम बेंजामिन ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि इस ड्रोन अटैक के पीछे ईरान के एजेंट हिजबुल्लाह का मकसद उनको मारना था।उन्होंने दावा किया कि उनके साथ-साथ उनकी पत्नी की भी हत्या इस ड्रोन अटैक के जरिए करने की साजिश थी। उन्होंने इस अटैक के लिए ईरान के प्रॉक्सी और एजेंट्स को जिम्मेदार कहा है।ईरान पर लगाया हमले का आरोप,याह्या सिनवार की मौत और ड्रोन हमले ने इस युद्ध में एक नया मोड़ दिया है। इजरायल अब हामास और उससे जुड़े ईरानी एजेंटों से संघर्ष को बढ़ाता हुआ नजर आ रहा है।मसलन, इजरायली अधिकारी ने दावा किया कि हमले ईरान के इशारे पर किए गए थे, लेकिन इसके लिए इजरायल ने कोई सबूत पेश नहीं किया है।पीएम ऑफिस से आए एक बयान के मुताबिक, ईरान ने नेतन्याहू को निशाना बनाने की कोशिश की थी। यह घटना कासेरिया में हुई,जो अपने शानदार विला और रोमन सभ्यता के अवशेषों के लिए मशहूर है।इडीएफ ने बताया कि ड्रोन लेबनान से लॉन्च किए गए थे और इस हमले के कारणों की जांच की जा रही है। ईरान की तरफ से फिलहाल




इजरायल के आरोपों पर कुछ प्रतिक्रिया समने नहीं आई है।कहा जा रहा है कि ड्रोन हमले के बीच लोगों को कोई वार्निंग नहीं मिली। मसलन, इजरायल का सुरक्षा कवच (वार्निंग सिस्टम) आमतौर पर किसी भी हमले को भांप लेता है और साइरन के जरिए लोगों की चेतावनी मिलती है। हालांकि, नेतन्याहू के आवास को निशाना बनाने वाले ड्रोन्स का पता नहीं चला।

साथियों बात अगर हम दुनियाँ के अलग-अलग गुटों में बटें होने व भारत की भूमिका की करें तो, इस समय अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य जटिल भी होता जा रहा है। दुनियाँ अलग अलग इलाकों में कई तरह से बंटी नजर आती है। जहां यूक्रेन के खिलाफ अमेरिक़ा पूरी दुनियाँ को रूस को लामबंद कर रहा है, और भारत रूस का साथ छोड़ने के लिए तैयार नहीं है, वहीं हमारा देश कई मामलों में चीन के खिलाफ अमेरिका का साथ देता दिखता है, तो फिर रूस, भारत, चीन, ब्राजील और साउथ अफ्रीका जैसे देशों का संगठन कुछ अजीब सा ही लगता है।पिछले कुछ समय से दुनियाँ में हलचल और युद्ध का संकट ज्यादा दिखाई दे रहा है, ऐसे में भारत की वैश्विक मंच पर भूमिका भी और भी संवेदनशील हो चली है। ऐसे में भारत और रूस, सहित कई विकासशील देशों का आपस में एक सहयोग संगठन में है जिसे ब्रिक्स कहते हैं।आगामी 22 अक्टूबर भारतीय पीएम रूस के शहर कजान में इसी के सम्मेलन में भाग लेने के लिए जा रहे हैं। भारत के पीएम अपनी वैश्विक भूमिकाओं के कारण ग्लोबल लीडर साबित हुए हैं। वे दुनियाँ के हर मंच पर अपनी काबिलियत का लोहा मनवा रहे हैं। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले उनकी ये भूमिका उन्हें दुनियाँ के अन्य नेताओं से अलग करती है।

साथियों बात अगर हम युद्ध के माहौल में 16 वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 23-25 अक्टूबर 2024 की करें तो, ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले भारत के पीएम के इज़राइल व फिलिस्तीन और रूस व यूक्रेन जंग रुकवाने के लिए किए गए प्रयास के कारण एक बार फिर ग्लोबल लीडर साबित हुए हैं। ब्रिक्स सम्मेलन से पहले रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन संघर्ष को सुलझाने के लिएभारतीय पीएम के प्रयासों की सराहना की है। इससे पीएम की यह छवि और पुख्ता हुई है। पुतिन ने इज़राइल और फिलिस्तीन के बीच संघर्ष को समाप्त करने के लिए भारत की भूमिका को महत्वपूर्ण माना है।

भारत ने हमेशा दोनों पक्षों के बीच बातचीत और शांतिपूर्ण समाधान की वकालत की है।भारत सरकार ने विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर यह मुद्दा उठाया है, साथ ही भारत ने हमेशा संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों और दो-राज्य समाधान के सिद्धांत का समर्थन किया है। भारत की भूमिका में मध्यस्थता, कूटनीतिक संवाद, और मानवता के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करना शामिल है। हालांकि, स्थिति जटिल है और पीएम की भूमिका सीमित होती है, लेकिन भारत का यह प्रयास वैश्विक स्तर पर शांति और स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है। ब्रिक्स सम्मेलन में फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास की भागीदारी एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम है। यह न केवल फिलिस्तीन के लिए एक अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी आवाज़ उठाने का अवसर है, बल्कि यह ब्रिक्स देशों के बीच सहयोग और एकजुटता को भी दर्शाता है। इस भागीदारी के माध्यम से, अब्बास फिलिस्तीनी मुद्दों को प्रमुखता से उठाने और वैश्विक समर्थन प्राप्त करने का प्रयास करेंगे। इस प्रकार के सम्मेलनों में शामिल होकर, वे फिलिस्तीन के संघर्ष और स्थिति को दुनिया के सामने लाने की कोशिश करते हैं, जिससे कि अन्य देश और अंतरराष्ट्रीय संगठन फिलिस्तीन के अधिकारों और स्वतंत्रता के समर्थन में आगे आ सकें ब्रिक्स जैसे मंचों पर उनकी भागीदारी अंतरराष्ट्रीय संबंधों में एक नया दृष्टिकोण और संवाद का निर्माण कर सकती है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि हिजबुल्लाह का याह्या सिनवार मौत पर एक्शन-इज़रायल पीएम के घर ड्रोन हमला रिएक्शन, तीसरे विश्व युद्ध का टेंशन इजरायली पीएम के घर पर ड्रोन हमला इजरायली डिफेंस फोर्स के सुरक्षा घेरे में सेंध से दुनियाँ हैरान। इज़रायली पीएम के घर ड्रोन हमले के बीच 16 वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 23-25 अक्टूबर 2024 कज़ान रूस में फिलिस्तीन भी शामिल होगा।

पब्लिक एशिया : पत्र पंजीकरण संख्याः UPHIN/2013/52076, स्वामी मुकेश वत्स के लिए मुद्रक, प्रकाशक, शालिनी श्रीवास्तव ने पब्लिक एशिया प्रेस, प्लाट नो. 14, खसरा नो. 3701, अमौसी, सरोजनी नगर, लखनऊ, 226008 (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित व प्रकाशित कराया है। स्वाति वर्मा (संपादक), संपादकीय कार्यालयः पब्लिक एशिया प्रेस, प्लाट नो. 14, खसरा नो. 3701, अमौसी, सरोजनी नगर, लखनऊ, 08 (उत्तर प्रदेश), Mob. 9891945513, 8588891302, Website-www.publicasia.in, E-mail ID: publicasi-aup@gmail.com, इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होगें। वैधानिक सूचना-पाठकों को सलाह दी जाती है की किसी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया से पहले विज्ञापन में प्रकाशित किसी उत्पाद या सेवा के बारे में पूरी तरह उपयुक्त जांच- पड़ताल कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त विज्ञापन के बारे में किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## मुख्य समाचार

### सोना चांदी बरामद चोरों के साथ मिले हुए थे सुनार



**बिजनौर।** पुलिस ने चोरी की 10 घटनाओं का खुलासा करते हुए 8 लोगों को भेजा बड़ी हवेली। बिजनौर में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राम अर्ज ने थाना हीमपुर दीपा में नकबजनी चोरी की 10 घटनाओं का अनावरण करते हुए 08 आरोपियों को चोरी किये गये सोना चांदी के आभूषण, नगदी आदि एवं घटना में प्रयुक्त गाडी सहित गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया। आपको बता दे कि पकड़े गए आरोपियों के पास से पुलिस ने चोरी किए गए 26 हजार 530 रुपये, सोने के 10 कुंडल, चांदी के 34 बिछुए, चांदी की 14 पायल, सोने की 01 चैन, चांदी की 08 अंगूठी, एक कपड़े के थैले में 02 साड़ी 03 टी-शर्ट 02 शर्ट आदि, एक चमड़े के हैण्ड बैग में कुछ कागजात, 02 दस्तबंद, चांदी का 01 गले का पैडिल, एक थैले में स्टील के बर्तन (04 गिलास 04 चम्मच व 02 प्लेट) तथा घटना में प्रयुक्त 01 ऑल्टो कार को बरामद करने का दावा किया है। वही पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर बड़ी हवेली रवाना कर दिया है।

### स्मार्ट सिटी में फ्लाई ओवर के नीचे गन्दगी से राहगीर व दुकानदार परेशान

**बरेली।** बरेली में स्मार्ट सिटी में नालियों व सीवरलाइन की साफ सफाई न



होने के कारण लोगों का सड़क पर चलना दुश्वार हो चुका है, वार्ड 35 सेमल खेड़ा शहामतगंज पुल के नीचे सर्विस रोड़ का लगभग 15 दिनों से फैली गंदगी ने क्षेत्र के लोगों का हाल बुरा कर रखा है, वहीं वी-मार्ट के सामने नालियां और सीवरलाइन का गन्दा पानी सड़क पर बह रहा है। सड़क पर चलने वाले राहगीर और आसपास के दुकानदार इस गन्दगी के कारण परेशानियों का सामना कर रहे है, कायदे से यदि साफ सफाई की व्यवस्था होती रहे तो लोगो को समस्याओं से रोजाना दो-चार न होना पड़े। जनसेवा टीम के अध्यक्ष पम्मी ख़ाँ वारसी ने विभिन्न वार्डो में साफ सफाई अभियान चलाने की नगर निगम से मांग की है, जिन क्षेत्रो में सीवरलाइनो से गन्दगी बह रही है उनकी साफ सफाई करवाई जाएगी ताकि लोगो को गन्दगी की समस्या छुटकारा मिल सके।

### बच्चा चोरी करने के आरोप में महिला को लोगों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले किया

**बरेली।** बरेली में थाना बारादरी क्षेत्र में एक महिला को बच्चा चोरी करने के आरोप में वहां के रहने वाले लोगों ने पकड़ लिया। उसे पकड़ने के बाद तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी।मौके पर पहुंची पुलिस आरोपी महिला को अपने साथ थाने ले गई है जहां उससे पूछताछ की जा रही है।जानकारी के अनुसार थाना बारादरी क्षेत्र के आशियाना कॉलोनी में एक महिला एक बच्चे को अपने साथ ले जाने का प्रयास करने लगी तभी वहां के लोगों ने महिला को पकड़ लिया और तुरंत ही इसकी सूचना पुलिस को दे दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को अपने कब्जे में ले लिया बताया जा रहा है कि



महिला थाना बरदारी क्षेत्र के जोगी नवादा की रहने वाली है उसका नाम शायदा पत्नी जाहिद है। महिला का कहना है कि बच्चे को पकड़ कर मस्जिद में ले जाती फिलहाल पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

# मुख्यमंत्री ने की सिंचाई विभाग के कार्यों की समीक्षा

## मुख्यमंत्री ने विभाग के कर्मचारियों की ट्रेनिंग पर विशेष ध्यान देने को कहा

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को एक बैठक के दौरान सिंचाई विभाग के कार्यों की समीक्षा की और संतोष व्यक्त करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने विभाग को कार्यों की समयबद्धता, गुणवत्ता, और कर्मचारियों की ट्रेनिंग पर विशेष ध्यान देने को कहा। साथ ही, उन्होंने अगले वर्ष बाढ़ से बचाव की कार्य योजना तैयार करने के निर्देश भी दिए।

**कार्य की समयबद्धता और गुणवत्ता पर जोर**

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी परियोजनाओं की समय पर पूर्णता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि देरी से न केवल लागत बढ़ती है बल्कि जनता को भी लाभ मिलने में देर होती है। इसलिए कार्यों की समयबद्धता प्राथमिकता होनी चाहिए।



इसके साथ ही उन्होंने कार्यों की गुणवत्ता पर भी जोर देते हुए कहा कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**कर्मचारियों की ट्रेनिंग अनिवार्य**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सिंचाई विभाग के कर्मचारियों की क्षमता बढ़ाने के लिए उन्हें उचित प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि नई तकनीकों का उपयोग कर कार्यों की गुणवत्ता और दक्षता में सुधार किया जा सकता है। ट्रेनिंग के माध्यम से कर्मचारियों को आधुनिक तकनीकों से अवगत कराया जाना चाहिए, ताकि बाढ़ नियंत्रण और जल प्रबंधन के कार्य प्रभावी ढंग से किए जा सकें।

**बाढ़ सुरक्षा के लिए कार्य योजना तैयार करने का निर्देश**

मुख्यमंत्री ने आने वाले वर्ष में संभावित बाढ़ के खतरे से निपटने के लिए पहले से तैयार रहने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि बाढ़ से बचाव के लिए अगले वर्ष की कार्य योजना जन प्रतिनिधियों और जिला प्रशासन के साथ मिलकर तैयार की जाए। योजना के तहत बाढ़ संभावित क्षेत्रों की पहचान कर, वहां तटबंधों की मरम्मत, जल निकासी व्यवस्था और अन्य आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी की जानी चाहिए।

बैठक में प्रमुख सचिव सिंचाई और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया और मुख्यमंत्री को विभाग के चल रहे कार्यों की प्रगति से अवगत कराया।

# हिंदूवादी नेता पर जानलेवा हमला

## मॉर्निंग वॉक पर हमलावरों ने दिया वारदात को अंजाम

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**बिजनौर।** झालू में मॉर्निंग वॉक पर निकले हिंदू वादी नेता पर जानलेवा हमला कर दिया गया। धारदार हथियार से हमले के कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने दो लोगों को नामजद करते हुए चार के खिलाफ तहरीर दी है। हल्दौर थाना क्षेत्र के कस्बा झालू में छतरी वाला कुआं के पास रहने वाले चौधरी ज्ञानेश्वर सिंह दशकों से हिंदू राजनीति में सक्रिय है। वह विभिन्न हिन्दू संगठनों में सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं। बताया जाता है कि प्रतिदिन की तरह वह आज रविवार सुबह साइकिल से मॉर्निंग वॉक के लिए निकले थे। सुबह करीब 6 बजे जब वे झालू से गोलबाग के बीच स्थित गौशाला के सामने पहुंचे तो आरोप है कि दो बाईकों पर सवार चार युवकों ने उन्हें घेर लिया। ज्ञानेश्वर चौधरी के अनुसार उनमें से एक ने डंडे से हाथ पर हमला किया, जबकि दूसरे ने सिर पर कोई धारदार हथियार से वार कर दिया, जिससे वह लहूलुहान हो गए। वारदात को अंजाम देने के बाद चारों हमलावर अपनी बाईकों समेत खेतों के रास्ते से फरार हो गए। लहूलुहान हालत में किसी तरह ज्ञानेश्वर चौधरी झालू पुलिस चौकी पहुंचे और उन्होंने पुलिस को घटना की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने उनके परिजनों को इस संबंध में अवगत कराया। गंभीर रूप से घायल होने के कारण ज्ञानेश्वर चौधरी को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने झालू के ही दो लोगों को नामजद करते हुए चार के खिलाफ थाना पुलिस को तहरीर दी है। उधर परिजनों का आरोप है कि तहरीर दिए जाने के बाद सुबह के समय तो पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए उनके घर दबिश दी थी, लेकिन उसके बाद पुलिस ने दबिश नहीं दी। जिन हमलावरों के खिलाफ नामजद तहरीर दी गई है वे खुलेआम घूम रहे हैं। पुलिस की इस लापरवाही पर जिले के हिन्दू संगठनों में काफी रोष व्याप्त है। पुलिस पर राजनीतिक दबाव होने का आरोप लगाया जा रहा है।

# सर्राफा कारोबारी के साथ सोने के कारीगर ने की धोखाधड़ी, मुकदमा दर्ज

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**बरेली।** बरेली में सोने के जेवरात बनाने के लिए एक सर्राफा कारोबारी ने एक कारीगर को लगभग 14 लाख 68 हजार रुपए का सोना दिया, तब उस कारीगर की नियत में सोना देखकर खोंट आ गई। जब कारीगर ने जेवरात बनाकर सर्राफा कारोबारी को नहीं दिए, तो कारीबारी ने कारीगर से अपना सोना वापस मांगा। जिस पर कारीगर ने उसे जान से मारने की धमकी दे डाली। इस मामले में सर्राफा व्यापारी की तरफ से आरोपी कारीगर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। जानकारी के अनुसार थाना बारादरी क्षेत्र के रोहली टोला पुराना शहर निवासी रमाशंकर पुत्र स्वर्गीय राम अवतार वर्मा का सर्राफे का कारोवार है। 8 जुलाई को उनके पास बमनपुरी निवासी राधे कृष्ण रस्तोगी 200 ग्राम 300 मिलीग्राम सोना लेकर आए जिसकी कीमत लगभग 14,68000 रुपए थी। उन्होंने सोना आभूषण बनवाने के लिए कारीगर शिवम पुत्र अशोक वर्मा निवासी चक महमूद मौर्य गली पुराना शहर को दे दिया। 7 दिन बीत जाने के बाद जब वह कारीगर शिवम के पास गए तो शिवम ने उन्हें 14 ग्राम कच्चा सोना छोटी पत्ती के रूप में दे दिया। बाकी सोना 19 जुलाई को वापस करने को कहा।21 जुलाई को वह सोना लेने गए तो शिवम ने उन्हें 12 लाख 50 रुपए का चेक दे दिया। उसके बाद में 22 अक्टूबर को शिवम के पास सोना लेने गए तो शिवम उनके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने लगा। साथ ही उनसे कहा कि वह उन्हें झूठे मुकदमे में जेल करा देगा। इस मामले में रमाशंकर ने शिवम के खिलाफ थाना बारादरी में रिपोर्ट दर्ज कराई है।


**कारीगर ने सर्राफा कारोबारी को थमा दिया फर्जी चेक**

सर्राफा व्यापारी ने जब कारीगर शिवम से अपना सोना मांगा तो उसने उन्हें 12 लाख 50 हजार रुपए का चेक थमा दिया। जब वह चैक भुनाने गए तो चेक बाउंस हो गया। इस तरह से शिवम ने उनके साथ धोखाधड़ी की।

# परीक्षा कैलेंडर में बार-बार संशोधन से चकर घिन्नी बने अभ्यर्थी

## यूपीपीएससी ने कई बार बदला पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा का कार्यक्रम

पब्लिक एशिया ब्यूरो




**बरेली।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) के वर्ष-2024 के परीक्षा कैलेंडर में बार- बार संशोधन होने की वजह से पीसीएस की तैयारी कर रहे अभ्यर्थी चकर घिन्नी बन गए हैं। जिसकी वजह से पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा-2024 अभ्यर्थियों के लिए एक पहेली सी बनकर रह गई है। कैलेंडर में बार बार संशोधन होने की वजह से अन्य परीक्षाएं भी प्रभावित हुई हैं। इन परीक्षाओं को लेकर अब अभ्यर्थियों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। अगर आयोग ने समय से पीसीएस 2024 की परीक्षा कराई होती तो अब तक इसका अंतिम चयन परिणाम भी घोषित हो जाता। आपको बता दें कि आयोग ने पीसीएस-2023 का चयन परिणाम प्रारंभिक परीक्षा के आयोजन के नौ माह के भीतर घोषित कर दिया था वहीं पीसीएस 2024 के लिए आयोग की योजना आठ माह में परिणाम घोषित करने की थी लेकिन ऐसा नहीं हो सका। शुरुआत में पीसीएस प्रारंभिक 2024 परीक्षा आयोग के कैलेंडर में 17 मार्च को होनी थी, लेकिन इससे पहले 11 फरवरी को हुई आरओ/एआरओ प्रारंभिक परीक्षा में पेपर लीक होने से आयोग को कैलेंडर में शामिल पीसीएस सहित पांच परीक्षाएं स्थगित करनी पड़ गई थीं। पहली बार पीसीएस परीक्षा स्थगित होने पर इसे जून में प्रस्तावित किया गया, लेकिन समय पर परीक्षा नहीं कराई जा सकी। इसके बाद पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा 27 अक्तूबर को प्रस्तावित की गई लेकिन पर्याप्त संख्या में परीक्षा केंद्र उपलब्ध न हो पाने के कारण आयोग ने दो दिन 26 एवं 27 अक्तूबर को परीक्षा कराने के लिए प्रदेश के 51 जिलाधिकारियों से परीक्षा केंद्रों की सूची मांगी।

हालांकि, पिछले दिनों आयोग ने अक्तूबर में प्रस्तावित पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा को भी स्थगित कर दिया। अब यह परीक्षा दिसंबर में होगी ऐसी चर्चाएं हैं।

# जल निगम ने पाइप लाइन बिछाने को सड़क तोड़कर अधर में छोड़ रखी

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**हल्दौर।** नगर की सड़कों पर जल निगम का कब्जा जहां नगर की तमाम सड़कें जल निगम ने पाइप लाइन बिछाने को तोड़कर अधर में छोड़ रखीं हैं जिससे लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।तो वहीं ठीक सड़कों पर खनन सामग्री डालकर अतिक्रमण कर रखा है सीडी इण्टर कालेज मार्ग पर रेत बजरी डाल रखी जो सड़क पर फैल रही है जहां दो पहिया वाहन चालक फिसल कर गिरने से चोटिल हो रहे हैं। इस अवैध अतिक्रमण को न तो ठेकेदार ही हटा रहा है और न ही नगर पालिका कोई ध्यान दे रही है। नगर की सभी गली मौहल्लों की सड़कों का बुरा हाल है तो वहीं नगर की बाहरी सड़कों पर अवैध तरीके से रेत बजरी डाल कर अतिक्रमण कर रखा है जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर के कुछ संभ्रांत लोगों ने इसकी शिकायत जिलाधिकारी महोदय से करने का मन बना रहे हैं।

# फतेहगंज पश्चिमी में शाही रोड पर शव रखकर परिजनों ने लगाया जाम

पब्लिक एशिया ब्यूरो




▶ घास काटने गए अधेड़ की बरातघर के करंट प्रवाहित तार की चपेट में आकर मौत का मामला

**बरेली।** बरेली में थाना फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र में बरातघर की दीवार पर लगे तार में प्रवाहित बिजली के करंट की चपेट में आकर अधेड़ की मौत के मामले में कार्रवाई न होने से खफा मृतक के परिजनों ने शनिवार शाम पोस्टमार्टम के बाद पहुंचे शव को बरातघर के सामने शाही मार्ग पर रखकर जाम लगा दिया। पुलिस ने समझा-बुझाकर जाम खुलवा दिया है। बरेली के फतेहगंज पश्चिमी में गुरुवार को शाही रोड स्थित बरातघर की दीवार पर लगे तार में प्रवाहित करंट की चपेट में आकर घास काटने गए भिटौरा के बाबूराम मौर्य (59) की मौत हो गई थी। इस मामले में कार्रवाई न होने से खफा मृतक के परिजनों ने शनिवार शाम को पोस्टमार्टम के बाद पहुंचे शव को बरातघर के सामने शाही मार्ग पर रखकर जाम लगा दिया।काफी देर तक हंगामा हुआ। बाद में पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे थानाध्यक्ष राजेश बाबू मिश्रा के कार्रवाई के आश्वासन पर शाम पौने छह बजे शव को सड़क से हटाया गया।

# बरेली में जुआ-सट्टा, तस्करी और बदमाशों की दें सूचना



पब्लिक एशिया ब्यूरो

▶ तेजतर्रार एसएसपी अनुराग आर्य ने जारी किया व्हाट्सएप नंबर



**बरेली।** बरेली जिले में अपराध पर लगाम लगाने के लिए एसएसपी अनुराग आर्य ने मोबाइल नंबर जारी किया है। इस पर साक्ष्य के साथ लोग अपनी शिकायतें दर्ज करा सकेंगे। जुआ, सट्टा, तस्करी, बदमाशों की लोकेशन व अन्य गतिविधियों के बारे में भी सूचनाएं दे सकेंगे।बरेली जिले में अपराध पर लगाम लगाने के लिए एसएसपी अनुराग आर्य ने नया प्रयोग किया है। उन्होंने एक फोन नंबर 9917020009 जारी किया है।जिस पर हर समय व्हाट्सएप चालू रहेगा।साक्ष्य के साथ लोग इस नंबर पर अपनी शिकायतें भेज सकेंगे।एसएसपी ने बताया कि जुआ, सट्टा, पशु तस्करी, अवैध शस्त्र व कारतूस के संबंध में,अवैध शराब व मादक पदार्थों की बिक्री के संबंध में, इनामी बदमाशों की लोकेशन या अन्य गतिविधियों के बारे में लोग इस नंबर पर सूचनाएं दे सकेंगे। शिकायत के साथ साक्ष्य के तौर पर लोग मेसेज, ऑडियो, वीडियो या दस्तावेज भेज सकते हैं। एसएसपी सीधे इस नंबर को संचालित करने वाली पुलिस टीम से जुड़े रहेंगे और तथ्यात्मक शिकायतों पर जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।जो लोग पहचान खुलने के डर से अधिकारियों के पास या थाने नहीं जाना चाहते, उनके लिए भी सहूलियत दी गई है। उनकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी और ऐसे मामले में पुलिस अपने स्तर से ही कार्रवाई कर देगी।एसएसपी ने लोगों से अपील की है।कि वह इस हेल्पलाइन नंबर का उपयोग करें और अपराध व अपराधियों के बारे में निडर होकर सूचना दें।

# 34 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाएं हो चुकीं पूर्ण, 10 हजार करोड़ से अधिक की निर्माणाधीन : मुख्यमंत्री

## 10 वर्ष में काशी में 44 हजार करोड़ की परियोजनाएं हुईं स्वीकृतः सीएम योगी





पब्लिक एशिया ब्यूरो

▶ मुख्यमंत्री ने वाराणसी से देश व काशी के लिए आयोजित विकास परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास समारोह को किया संबोधित

▶ बोले- सौभाग्य है कि नए भारत के नेतृत्वकर्ता नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश की काशी से करते हैं देश का प्रतिनिधित्व

▶ दीपावली के पहले पीएम के करकमलों से काशीवासियों, प्रदेशवासियों व देशवासियों को मिल रहा उपहारः सीएम

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक ओर जहां इंफ्रास्ट्रक्चर में रोजगार के नए-नए माध्यम सृजित हुए हैं, वहीं दूसरी ओर देश के अंदर आम नागरिक के जीवन से जुड़ी स्वास्थ्य, शिक्षा व अन्य योजनाएं भी नए रूप में देखने को मिली हैं। सौभाग्य है कि नए भारत के नेतृत्वकर्ता के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश के काशी से देश का प्रतिनिधित्व करते हैं। अपनी आध्यात्मिक व सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हुए नए काया और कलेवर के रूप में 10 वर्ष में बदलती काशी को पूरा देश-दुनिया देख रही है। सीएम योगी ने कहा कि 10 वर्ष में केवल काशी में ही 44 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाएं स्वीकृत हुई हैं। 34 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं, जबकि 10 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। दीपावली के ठीक पहले आज काशीवासियों को 3200 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उपहार प्राप्त हो रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को वाराणसी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में आयोजित लोकार्पण-शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित किया। सीएम ने अंगवस्त्र ओढ़ाकर व स्मृति चिह्न प्रदान कर प्रधानमंत्री का स्वागत किया।

**10 वर्ष में हमने एक भारत-श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार होते देखा**

सीएम योगी ने कहा कि 10 वर्ष में हमने बदलते हुए नए भारत को देखा है। एक भारत, श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार होते और मूर्त रूप लेते देखा है। भारत ने प्रत्येक क्षेत्र में विकास के नित नए प्रतिमान स्थापित किए हैं।

रोड, एयर कनेक्टिविटी, वाटरवे या रेलवे-पब्लिक ट्रांसपोर्ट, नगरीय क्षेत्रों की मेट्रो व रैपिड रेल की सुविधा हो, प्रत्येक क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर का आज आधुनिक मॉडल देखने को मिला है। दीपावली के ठीक पहले पीएम के करकमलों से काशीवासियों, प्रदेशवासियों और देशवासियों को 6700 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उपहार प्राप्त हो रहा है।

**सीएम ने हरियाणा की जीत पर बधाई दी तो लोकार्पण-शिलान्यास पर जताया आभार**

सीएम योगी आदित्यनाथ ने हरियाणा की ऐतिहासिक विजय पर प्रदेशवासियों व काशीवासियों की तरफ से पीएम का स्वागत-अभिनंदन किया। सीएम योगी ने कहा कि पीएम के करकमलों से काशी में एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन के शिलान्यास, आगरा में नए एयरपोर्ट के शिलान्यास व सहारनपुर के सरसावा एयरपोर्ट के लोकार्पण हो रहा है।

इसके लिए सहारनपुर व आगरा के नागरिकों की तरफ से आभार प्रकट करता हूं।

समारोह में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, केंद्रीय नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक , योगी सरकार के मंत्री सुरेश खन्ना, अनिल राजभर, रवींद्र जायसवाल, गिरीश चंद्र यादव, दयाशंकर मिश्र दयालु महापौर अशोक तिवारी, विधायक नीलकंठ तिवारी, सौरभ श्रीवास्तव, टी. राम, डॉ. अवधेश सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य, विधान परिषद सदस्य हंसराज विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

# मुख्य समाचार

## बैंक की बिल्डिंग में लगी आग,कोई हताहत नहीं



**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश के रायबरेली के चंदापुर मंदिर के सामने स्थित केनरा बैंक बिल्डिंग में रविवार को भीषण आग लगने से अफरा तफरी मच गई, तत्काल फायर ब्रिगेड गाड़ियां पहुंचने से किसी के हताहत होने की सूचना नही है। फायर ब्रिगेड विभाग के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार चंदापुर शिव मंदिर के सामने नागेश्वर कॉम्प्लेक्स बिल्डिंग में जहां केनरा बैंक स्थित है , उसके बेसमेंट में भीषण आग लग गयी। फायर ब्रिगेड विभाग को दिन में करीब 11 बजे आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां तथा आईटीआई की एक गाड़ी और बिरला सीमेंट फैक्टरी की एक गाड़ी कुल मिलाकर कर 5 गाड़ियां मौके पर पहुंच गई और राहत कार्य शुरू कर दिया गया। बताया गया कि यह आग नीचे बेसमेंट में लगी थी जहां जूते आदि की दुकानें है। बेसमेंट के ठीक ऊपर कई बड़ी दुकानें है। इसी बिल्डिंग के ऊपर की मंजिल में केनरा बैंक स्थित है। आग लगने से भयंकर धुंआ चारो ओर फैल गया जिससे आसपास के लोगो मे दहशत फैल गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने लगातार राहत व बचाव का कार्य करते हुए तत्काल आग पर काबू पाया और इस दुर्घटना में किसी के हताहत होने की खबर नही है। गौरतलब है कि इसी बिल्डिंग में ऊपर की मंजिल पर केनरा बैंक स्थित है। जहां जाने का रास्ता बहुत संकीर्ण है। इस विषय मे आसपास के लोगो का कहना है कि आज तो रविवार है बैंक बंद है हालांकि करवाचौथ के कारण बाजार में बहुत भीड़ है लेकिन अगर यह भीषण आग किसी कार्यदिवस में लगी होती तो मंजर बहुत खतरनाक हो सकता था। इस हादसे में व्यापारियों के लंबे नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। यह भी अनुमान लगाया जा रहा है कि यह आग शार्ट सर्किट की वजह से लगी होगी।

## मिशन शक्ति के तहत महिलाओ व बालिकाओं को किया जागरूक बताए अधिकार



**मुरादाबाद ।** मिशन शक्ति 5 थाना गलशहीद द्वारा बालिका ऑन आयोजित कर गुड टच बेड टच के बारे में बताया गया मिशन शक्ति अभियान फेस फाइव के अंतर्गत महिलाओं 90 दिवसीय चल रहे ऑपरेशन गरुड़ ऑपरेशन शील्ड ऑपरेशन दास ट्री ऑपरेशन बचपन ऑपरेशन खोज ऑपरेशन मजनू ऑपरेशन नशा मुक्ति ऑपरेशन रक्षा ऑपरेशन ईगल के संबंध में बालिकाओं में महिलाओं को एकत्र कर जानकारी दी गई तथा सरकार द्वारा चलाए जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं जैसे विधवा पेंशन योजना सुकन्या मंगलम योजना वृद्धा पेंशन योजना आदि से अवगत कराते हुए एवं महिलाओं को उनकी सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति जागरुक करते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे वूमेन पावर 1090 घरेलू हिंसा हेल्पलाइन नंबर 181 पुलिस आपातकालीन सेवा 112 समाज सेवा 102 108 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 चाइल्डलाइन 1098 साइबर क्राइम 1930 आदि के बारे में जानकारी दी गई

## सात मोटरसाइकिलों के साथ चार वाहन चोर गिरफ्तार



**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में पुलिस ने आज चार वाहन चोरों पर शिकंजा कसा और उनके पास से सात चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सहजवान ने बताया कि सहारनपुर में वाहन चोरी की घटनाओं को संज्ञान लेते हुए विशेष अभियान शुरू किया गया जिसके तहत यहा नकुड क्षेत्र के नया गाँव स्थित पैट्रोल पम्प के पास से पुलिस चैकिग के दौरान चोरी की गयी सात मोटरसाइकिल सहित चार शातिर अभियुक्तो को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पकड़े गये चोरों की पहचान शीष, अक्षय, अकुश व मोहित के रूप में की गयी है। उन्होंने बताया कि इन चोरो शातिर अभियुक्तो से एक मोबाइल, व 5320 नकद व सात मोटरसाइकिल बरामद की गयी हैं।

## शिक्षक की पत्नी ने किडनी देकर बचायी पति की जान

**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में सुकरौली ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय बंगरा देउर में तैनात एक शिक्षक की पत्नी ने अपने पति का जीवन सुरक्षित करने के लिए खुद की परवाह न करते हुए अपनी किड़नी पति को दे दी और इस तरह से सती सावित्री से भी एक कदम आगे जाते हुए अपने सुहाग की रक्षा की। पत्नी से मिले जीवनदान के बदौलत शिक्षक परिषदीय विद्यालय के गरीब बच्चों का भविष्य संवार रहे हैं। एक-एक किडनी पर जीवन की नैया पार करने वाले दोनों पति-पत्नी दिनचर्या में बदलाव कर डॉक्टरों की सलाह पर जीवन को आगे बढ़ा रहे हैं। इलाके में इसकी मिसाल दी जाती है। खोड्डा गांव निवासी महेंद्र कुमार की शादी वर्ष 1994 में सुनीता के साथ हुई। पढाई में होनहार महेंद्र ने शादी के बाद तैयारी करके बीटीसी भर्ती में सफल हुए और 1997 में जिले के बेसिक शिक्षा विभाग में तमकुही ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय बरवां पट्टी में शिक्षक के पद पर तैनात हुये। महेंद्र 2006 में सुकरौली ब्लॉक के कंपोजिट स्कूल बंगरा देउर में प्रमोशन मिलने पर प्रधानाध्यापक के पद पर तैनात हैं। दोनों से तीन बच्चे भी हुये, लेकिन इनके जीवन में उस समय भूचाल आ गया, जब महेंद्र की तबियत यकायक वर्ष 2010 में खराब हुई। डॉक्टरों की टीम ने उन्हें बताया कि उनकी दोनों किडनी खराब हो गई है। बीमार होने पर लगातार डायलसिस कराना पड़ता था। इससे पूरा परिवार परेशान था। इस दौरान उनके दूसरे बेटे को चोट लगने के कारण पैर में गंभीर चोट लगी। उसका इलाज गोरखपुर चल रहा था कि उसकी भी तबीयत यकायक ज्यादा खराब हो गई। इलाज के दौरान शिक्षक के पिता ने अपनी एक किडनी बेटे को देने का निर्णय लिया, लेकिन जांच में उनका मैच न होने पर पत्नी संगीता, पति को जीवनदान के लिए आगे आयी। पत्नी ने अपनी एक किडनी पति को देकर सती सावित्री की भूमिका निभाई। इसके बाद से शिक्षक लगातार समय से स्कूल पहुंचकर गरीब बच्चों के भविष्य को संवार रहे हैं। दोनों पति-पत्नी एक साथ सामन्यजस्य बनाकर डॉक्टर के भोजन चार्ट का अनुपालन कर जीवन के गाड़ी को आगे बढा रहे हैं। इलाके के लोग उनके आपसी प्रेम व विश्वास की नजीर देते हैं। इस संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकार डा रामजियावन मौर्य ने कहा कि शिक्षक महेंद्र कुमार और उनकी पत्नी का जीवन प्रेम, त्याग व समर्पण की मिसाल है। उनके जीवन से अन्य शिक्षक तथा बिखरते परिवार के पति-पत्नी को सीख लेनी चाहिए। जीवन के पहिए को चलाने के लिए पति-पत्नी दोनों की जरुरत होती है। उनका शिक्षक तथा व्यक्तिगत जीवन दोनों बेमिसाल है। उनके विद्यालय से कभी शिकायत नहीं मिली है। वह बच्चों को बेहतर तरीके से पढाते हैं।

# कुंभ क्षेत्र में श्रद्धालुओं को मिल सकती है स्लीपिंग पॉड्स की सुविधा

### टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद टेंट सिटी में 400 स्लीपिंग पॉड तैयार करने के रोड मैप बनाने का हो रहा कार्य

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रयागराज महाकुंभ आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान कर रही है। शहर के अतिरिक्त कुंभ क्षेत्र में आगंतुकों के ठहरने के लिए टेंट सिटी का निर्माण किया जा रहा है। टेंट सिटी के साथ ही पहली बार अत्याधुनिक स्लीपिंग पॉड्स की सुविधा प्रदान किए जाने पर विचार किया जा रहा है। पर्यटन विभाग ने इसके लिए रोड मैप तैयार कर लिया है और यदि सब कुछ सही रहता है तो इस बार श्रद्धालुओं को स्लीपिंग पॉड्स की सुविधा प्रदान की जा सकती है।

**त्रिवेणी के तट पर टेंट सिटी में स्लीपिंग पॉड की सुविधा**

प्रयागराज के जंक्शन रेलवे स्टेशन में स्लीपिंग पॉड की सुविधा प्रदान करने के बाद अब कुंभ क्षेत्र में भी श्रद्धालु और पर्यटक विश्वस्तरीय सुविधाओं वाले स्लीपिंग पॉड्स का आनंद उठा सकेंगे। प्रयागराज की क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह का कहना है कि कुंभ क्षेत्र में श्रद्धालुओं के लिए परेड ग्राउंड में परम्परागत टेंट सिटी का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा अरैल और झूंसी में भी पीपीपी मोड पर लग्जरी सुविधाओं वाली दो टेंट सिटी बसाई



जा रही हैं। टेंट सिटी को लेकर पर्यटकों और श्रद्धालुओं का अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी के मुताबिक अरैल में 2000 टेंट की क्षमता वाली टेंट सिटी में अभी 1600 टेंट की बुकिंग हो चुकी है। इसमें झूंसी में प्रस्तावित दूसरी टेंट सिटी में 400 स्लीपिंग पॉड्स बनाने का रोड मैप तैयार कर लिया गया है। स्लीपिंग पॉड्स बनाने के लिए टेंडर प्रकियाधीन है। उनका कहना है कि पीपीपी मोड पर इनका निर्माण कराने की योजना है। इसके लिए वेंडर्स के प्रस्ताव आए हैं लेकिन सेफ्टी के सभी मानकों को सुनिश्चित कराने के बाद ही इसे अंतिम रूप दिया जाएगा। त्रिवेणी के तट पर बनने वाले इन स्लीपिंग पॉड्स में सभी मानकों को पूरा करते हुए सभी लग्जरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

**कम किराए में लग्जरी होटल की सुविधाएं**

स्लीपिंग पॉड्स दरअसल एक कैप्सूल के आकार के चैंबर होंगे जो सभी आधुनिक सुविधाओं से युक्त होंगे। श्रद्धालुओं की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए ये पॉड तैयार किए जाते हैं। पॉड में यात्री के आराम से सोने के साथ ही अपने आवश्यक कार्यों को भी पूरा करने की सभी सुविधाएं होती हैं। पूरी तरह वातानुकूलित इन पॉड में चार्जिंग और पेय जल की सुविधा भी होती है। पॉड की सुविधा लेने वाले यात्रियों को क्लॉक रूम, रिसेप्शन बूथ, वाशरूम/टॉयलेट और हाउस पेंट्री की सुविधा भी प्रदान की जाती है। इसके लिए ऑफ लाइन और ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा भी प्रदान की जा सकती है।

## फर्जी दस्तावेजों से नौकरी पाए आठ सरकारी शिक्षक बर्खास्त, वसूली की तैयारी शुरू

एजेंसी

**इटावा।** उत्तर प्रदेश के इटावा जिले में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नौकरी पाए आठ सरकारी शिक्षकों को जांच के बाद तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया गया है।


इटावा के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ.राजेश कुमार ने रविवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि इटावा जिले में शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) के फर्जी अंकपत्र से नौकरी पाने वाले आठ शिक्षकों की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। इनमें से एक शिक्षिका सेवाएं समाप्ति की कार्रवाई से पहले ही त्यागपत्र दे चुकी है। अब विभाग बर्खास्त शिक्षकों से वसूली समेत अन्य कार्रवाई की तैयारी कर रहा है। डॉ कुमार ने बताया कि फर्जी अभिलेखों से आठ शिक्षक अलग-अलग परिषदीय विद्यालयों में नौकरी कर रहे थे। इन शिक्षकों ने 2011 में टीईटी में फेल होने पर फर्जी प्रमाणपत्र लगाकर नौकरी हासिल की थी। उन्होंने बताया कि विभागीय स्तर पर 2020 में हुए सत्यापन में इनके अंकपत्र फर्जी मिले थे। इस पर सभी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की संस्तुति की गई थी। इस दौरान आदेश के खिलाफ शिक्षक कोर्ट चले गए थे। याचिका पर सुनवाई के दौरान न्यायालय ने मामले में फिर से जांच के आदेश दिए थे। इस पर बीईओ मुख्यालय उदय सिंह राज की ओर से मामले की दोबारा जांच की गई। दोबारा जांच में भी फर्जी अंकपत्र की बात पुष्ट होने पर चार अक्तूबर को नियुक्ति निरस्त करने की कार्रवाई की गई। इन शिक्षकों में चार ताखा, दो चकरनगर, एक बसरेहर और एक भरथना विकास खंड के हैं। कार्रवाई की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी है। चकरनगर ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय चौरैलापार के शिक्षक सौरभ श्रीवास्तव, उच्च प्राथमिक विद्यालय कचहरी के उपेंद्र यादव, बसरेहर के संतोषपुरा घार की रश्मी वर्मा, भरथना के ऊमरसेंड़ा विद्यालय के योगेंद्र कुमार, ताखा के प्राथमिक विद्यालय सरावा के राजवीर सिंह, प्राथमिक विद्यालय भागा के विकास कुमार, प्राथमिक विद्यालय रिदोली के दिलीप सिंह और उच्च प्राथमिक विद्यालय कुदरैल के शैलेंद्र प्रताप पर कार्रवाई की गई है। रश्मि वर्मा ने पहले ही इस्तीफा दे दिया था। कुमार ने बताया कि शासन की ओर से नए आदेशों का इंतजार किया जा रहा है नए जो भी आदेश आयेगे उसी अनुरूप अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

## उत्तर प्रदेश में गोचर भूमि को कब्जा मुक्त कराने के लिए चलेगा अभियान : महेश शुक्ला

एजेंसी

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष महेश शुक्ला ने रविवार को कहा कि पूरे प्रदेश में गोचर भूमि से अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाया जायेगा।

यहां सर्किट हाउस में रविवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री शुक्ला ने कहा कि गौ संरक्षण के लिए ठोस उपाय किये जायेंगे वर्तमान समय में उत्तर प्रदेश में पांच सौ अधिक गौ शाला संचालित है जहां पर सरकार द्वारा सभी प्रकार की व्यवस्था की गयी है। प्रदेश सरकार गौ संरक्षण के लिए पूरीतरह से संवेदनशील है गौ संरक्षण की जिम्मेदारी सिर्फ सरकार की ही नही हम सभी लोगों की भी है। उत्तर प्रदेश में गौशालाओं को कान्हा गौशाला का नाम भी दिया गया है। गौ



सेवा करके हम अपने देश की उन्नति कर सकते है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में गोचर भूमि पर लम्बे समय से लोगों का कब्जा है, जिसे मुक्त कराकर उसमें उनके लिए चारे का उत्पादन कराया जायेगा शीघ्र ही इसके लिए अधिकारियों के साथ बैठक करके गोचर भूमि पर कब्जा करने वालों की सूची बनायी जायेगी और शीघ्र ही कब्जादारों को नोटिस भेजा जायेगा। गौतस्करी रोकने के लिए पूरा प्रयास किया जायेगा पुलिस के सहयोग से गौतस्करी रोका जायेगा। अक्सर सड़कों पर गौवंश का घूमते हुए देखा जा रहा है। शीघ्र ही गौवंश को सड़कों से पकड़कर उन्हें गौशालाओं में दाखिल किया जायेगा और उनके लिए पूरी व्यवस्था की जायेगी।

उत्तर प्रदेश में 2 करोड़ 72 लाख किसान है और 2 करोड़ 5 लाख गोवंश है अगर किसान गौवंश को अपने घर के खूटेपर बाधना शुरू कर दे तो सड़कों पर गौवंश नही दिखायी देगा इसके लिए उपाय किया जायेगा। गौवंश सुरक्षित रहेंगे तो देश का कल्याण तो होगा ही हमेंउनसे बहुत प्रकार के लाभ मिलेंगे। एक प्रश्न का उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि गौ तस्करी रोकने के लिए कड़े कदम उठाये जायेंगे।

# इंस्पेक्टर पूरनपुर समेत थानेदार वहां जमीनों पर कब्जे और गौवंशीय पशुओं की तस्करी करवा रहें हैं

### आईजी ने लिया कड़ा एक्शन, व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**बरेली।** बरेली रेंज में ट्रांसफर होने के पांच माह बाद भी पीलीभीत जिले के महत्वपूर्ण थानों पर कुंडली मारकर बैठे इंस्पेक्टर और थानेदारों को अब तक रिलीव नहीं किया गया। इंस्पेक्टर पूरनपुर समेत थानेदार वहां जमीनों पर कब्जे और गौवंशीय पशुओं की तस्करी करवा रहे थे। इनकी लगातार शिकायतें एडीजी और आईजी को मिल रहीं थीं। जिस पर आईजी डॉ. राकेश सिंह ने एसपी पीलीभीत को चारो एसओ और इंस्पेक्टर को तत्काल कार्यमुक्त करने के आदेश दिये हैं ।ग्रीष्मकालीन हुये थे ट्रांसफर, अभी तक तय नहीं की तारीख 15 जून को पीलीभीत जिले के पूरनपुर कोतवाली के इंस्पेक्टर राजीव शर्मा, बिलसंडा थाने के थानेदार रणजीत सिंह, माधोटांडा एसओ अचल कुमार और घुंघचाई एसओ विशेष कुमार का ट्रांसफर गैर जनपद में हुआ था। लेकिन इन थानेदारों को अभी तक जिले से रिलीव नहीं किया गया। इनमें से राजीव शर्मा का मुरादाबाद रेंज हुआ है। महत्वपूर्ण थानों मे तैनात एसओ



इंस्पेक्टर मलाई काट रहे थे। इस वजह से ट्रांसफर के बाद रिलीविंग का मामला फाइलों में दबाये हुये थे। इसी वजह से उनकी अभी तक रिलीविंग की तारीख भी तय नहीं हुई थी ।आईजी ने लिया कड़ा एक्शन, व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश अंडर ट्रांसफर इंस्पेक्टरों को चार्ज देने के मामले की गंभीरता को देखते हुए आईजी डॉ. राकेश सिंह ने पीलीभीत के एसपी अविनाश पांडेय को इन सभी इंस्पेक्टरों को तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त करने के सख्त निर्देश दिए हैं। इस आदेश के तहत अब इन इंस्पेक्टरों को उनके नए पदस्थापन स्थल पर रिपोर्ट करना होगा और उनकी जगह नए थानेदारों की नियुक्ति की जाएगी। आईजी ने पिछले दो दिन लगातार पीलीभीत का दौरा किया था। इस दौरान पीलीभीत पुलिस की कई शिकायतें उनके संज्ञान में आईं। जिस पर उन्होंने एसपी पीलीभीत को पुलिसिंग व्यवस्था सुधारने और शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिये हैं ।लंबित रिलीविंग पर सवाल, पुलिस महकमे में चर्चा ।पांच महीनों तक इन इंस्पेक्टरों की रिलीविंग की तारीख तय नहीं होने और उनके द्वारा थानों का काम जारी रखने पर पुलिस महकमे में सवाल उठ रहे हैं। यह स्थिति कई लोगों के लिए चिंता का विषय बन गई थी ।जिसके बाद आईजी डा. राकेश सिंह को हस्तक्षेप करना पड़ा। पीलीभीत के अलावा रेंज के शाहजहांपुर, बरेली और बदायूं किसी जिले में अंडर ट्रांसफर इंस्पेक्टर और एसओ थाने के चार्ज पर नहीं हैं ।अब देखना होगा कि इन आदेशों के बाद पीलीभीत जिले में नए थानेदारों की नियुक्ति कब होती है और ट्रांसफर किए गए इंस्पेक्टरों को उनके नए स्थानों पर कब तक भेजा जाता है। बरेली रेंज में ट्रांसफर होने के पांच माह बाद भी पीलीभीत जिले के महत्वपूर्ण थानों पर कुंडली मारकर बैठे इंस्पेक्टर और थानेदारों को अब तक रिलीव नहीं किया

## उन्नाव : जमीन को लेकर बेटे ने कर दी पिता की हत्या

एजेंसी




**उन्नाव।** उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में रिश्तों को शर्मसार करने वाली एक घटना प्रकाश में आयी है जहां जमीन को लेकर एक बेटे ने अपने पिता की हत्या कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उन्नाव जिले के अजगैन कोतवाली क्षेत्र के भांडी गांव में एक बेटे द्वारा जमीन को लेकर अपने पिता की हत्या कर दी गई है। अपर पुलिस अधीक्षक प्रेम चंद्र ने बताया भांडी गांव निवासी 92 वर्षीय शिवनारायण दीक्षित, जिनके पांच बेटे हैं, को उनके छोटे बेटे संदीप ने अपने हिस्से की जमीन के विवाद के चलते ईंट से वार कर मार डाला। उन्होंने बताया घटना के बाद संदीप ने पुलिस को सूचित किया और बड़े भाई पर हत्या का आरोप लगाया था। बताया पुलिस के मौके पर पहुंचने पर जांच में खुलासा हुआ कि संदीप ही हत्यारा है,

जो खुद के भाई पर झूठा आरोप लगा रहा था। उन्होंने बताया आरोपी बेटा नशे का आदी है और अक्सर अपने पिता से विवाद करता था। आरोपी संदीप के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। संदीप के बड़े भाई सुनील ने बताया कि संदीप शराब का आदी है, इसी के चलते उसकी पत्नी उसे छोड़कर चली गई है। अक्सर वह पिता से जमीन और पैसे को लेकर विवाद करता था।

# नेत्र रोगियों को नया जीवन देने का प्रतिष्ठित अभियान चला रहा शंकर आई फाउंडेशन : सीएम योगी

- सीएम योगी ने प्रधानमंत्री की मौजूदगी में आरजे शंकरा नेत्र चिकित्सालय के उद्घाटन समारोह में रखीं अपनी बातें
- शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में काशी ने रचे नित नए प्रतिमान, 2500 करोड़ की लागत से स्वास्थ्य क्षेत्र में हुए कार्यः मुख्यमंत्री
- बोले-पूज्य शंकराचार्य की प्रेरणा से 1977 में चला यह अभियान शंकर आई हॉस्पिटल के माध्यम से लोगों के जीवन में ला रहा नई रोशनी

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पीएम मोदी की प्रेरणा से काशी के सेवा व विकास के अभियान में नई कड़ी जुड़ी है। आज उत्तर प्रदेश में शंकर आई हॉस्पिटल की द्वितीय शाखा का उद्घाटन हुआ है। शंकर आई फाउंडेशन देश के अंदर नेत्र रोगियों को नया जीवन देने का प्रतिष्ठित अभियान चला रहा है। पूज्य




शंकराचार्य की प्रेरणा से 1977 में चला यह अभियान देश के विभिन्न क्षेत्रों में शंकर आई हॉस्पिटल के माध्यम से लोगों के जीवन में नई रोशनी लाने का कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को वाराणसी में आरजे शंकरा नेत्र चिकित्सालय के उद्घाटन समारोह में कांची कामकोटि पीठ के शंकराचार्य जगद्गुरु शंकर विजयेंद्र सरस्वती व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में अपनी बातें रखीं। सीएम योगी ने कांचिपुरम से काशी तक की इस यात्रा के लिए जगद्गुरु शंकराचार्य व शंकर आई फाउंडेशन का अभिनंदन किया।

**शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में काशी ने रचे नित नए प्रतिमान**

सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी की प्रेरणा, मार्गदर्शन व नेतृत्व में काशी 10 वर्ष में न केवल विकास के नए रूप में देखने को मिल रही है, बल्कि काशी ने शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में नित नए प्रतिमान भी रचे हैं। बाबा विश्वनाथ की पावन धरा में विकास व सेवा के नए-नए प्रकल्प जुड़े हैं। यहां 2500 करोड़ की लागत से स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्य हुए हैं। काशी में पं. मदन मोहन मालवीय कैंसर हॉस्पिटल, होमी भाभा कैंसर हॉस्पिटल, 430 बेडेड सुपर स्पेशियिलिटी हॉस्पिटल बीएचयू के अंदर सर सुंदर लाल हॉस्पिटल में 100 बेडेड एमसीएच विंग, ईएसआईसी हॉस्पिटल में 150 बेडेड सुपर स्पेशियिलिटी ब्लॉक का निर्माण हुआ है।

**काशी, पूर्वी उत्तर प्रदेश व बिहार की बड़ी आबादी की आवश्यकता की होगी पूर्ति**

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय, लाल बहादुर शास्त्री चिकित्सालय, शिवप्रसाद गुप्त मंडलीय चिकित्सालय का उच्चीकरण, जिला महिला चिकित्सालय कबीरचौरा में 100 बेडेड मैटर्निटी विंग का निर्माण कार्य संपन्न हुआ है। काशी में स्वास्थ्य के बेहतरीन




सुविधा के क्रम में आरजे शंकर आई हॉस्पिटल की नवीन इकाई का शुभारंभ हो रहा है। स्वास्थ्य के बड़े हब के रूप में यह काशीवासियों, पूर्वी उत्तर प्रदेश व बिहार की बड़ी आबादी की आवश्यकता की पूर्ति करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेगा।

**10 वर्ष में उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य के क्षेत्र में हुए बेहतरीन कार्य**

सीएम योगी ने कहा कि काशी की तरह उत्तर प्रदेश में भी स्वास्थ्य के क्षेत्र में 10 वर्ष में बेहतरीन कार्य हुए हैं। हर जनपद में मेडिकल कॉलेज की स्थापना, डायलिसिस-सिटी स्कैन की सुविधा, 15 हजार से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर के माध्यम से ग्रामीण स्तर पर लोगों को स्वास्थ्य व ट्रेडिशनल मेडिसिन की बेहतरीन सुविधा मिली। पीएम मोदी के नेतृत्व में यह अभियान यूपी में तेजी से बढ़ रहा है। सीएम योगी ने कहा कि इस दिशा में सरकार के साथ-साथ निजी क्षेत्र व धर्मार्थ क्षेत्र का योगदान महत्वपूर्ण है।

कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, संस्था से जुड़े डॉ. एसवी बाला सुब्रमण्यम, डॉ. आरवी रमणी, मुरली कृष्णमूर्ति, रेखा झुनझुनवाला आदि की मौजूदगी रही।

# सरकार की अगुवाई में हो रहा किशोरों के स्वास्थ्य और विकास पर मंथन

## किशोरों की शिक्षा, शारीरिक, मानसिक, और सामाजिक स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों पर हो रही चर्चा

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**लखनऊ।** किशोरों की शिक्षा, शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक विकास किसी भी देश और समाज के भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की इस मुहिम को उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने भी गंभीरता से लिया है और इस दिशा में कदम बढ़ाया है। योगी सरकार द्वारा भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय और राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना (एनपीईपी) के अंतर्गत नई दिल्ली स्थित एनसीईआरटी की देखरेख में एक मंथन आयोजित कर रही है। जिसमें उत्तर प्रदेश समेत 34 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ 5 क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों से लगभग 70 प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं।

यह मंथन किशोरों के समग्र विकास के लिए नीतियों का निर्माण करने और उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य, और सामाजिक कल्याण से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करने का एक प्रयास है। इस कार्यक्रम में सामाजिक विज्ञान शिक्षा विभाग, एनसीईआरटी नई दिल्ली और उत्तर प्रदेश एससीईआरटी की सहभागिता से किशोरों को स्वस्थ जीवनशैली, मानसिक स्वास्थ्य और समाज में सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करने के प्रयासों की चर्चा हो रही है और आगे की योजनाओं पर विचार किया जा रहा है।

**किशोरों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान**

इस मंथन में किशोरों के शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक और सामाजिक कल्याण जैसे मुद्दों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। गैर-संक्रामक रोगों (एनसीडी) जैसे हृदय रोग, कैंसर और श्वास संबंधी बीमारियों के बढ़ते खतरे को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश के किशोरों में भी स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ाने के प्रयास करने के उपाय खोजे जा रहे हैं।

**एनसीईआरटी के निदेशक बोले**

निदेशक, प्रो. दिनेश प्रसाद सकलानी ने दूरभाष पर बताया कि एनसीईआरटी के तत्वावधान में 19 से 21 अक्टूबर तक आयोजित राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना (एनपीईपी) की मध्यावधि समीक्षा चल रही है। इसमें वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम छमाही अवधि के दौरान देश के सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों, एससीईआरटी और क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों द्वारा जनसंख्या शिक्षा से संबंधित कार्यों की समीक्षा की जा रही है।

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों के अलोक में हो रहा प्रयास**

एनसीईआरटी की प्रो. गौरी श्रीवास्तव ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और एनसीएफ 2023 के दिशा-निर्देशों के अनुरूप, यह मंथन किशोरों की शिक्षा और समग्र विकास पर केंद्रित है। इसमें यह सुनिश्चित करने के प्रयास हो रहे हैं कि विभिन्न राज्यों से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर किशोरों के विकास के लिए बनाई जाने वाली नीतियों का सटीक और प्रभावी निर्माण किया जा सके।

**भारतीय ज्ञान परंपरा पर दिया जा रहा जोर**

एससीईआरटी लखनऊ के निदेशक गणेश कुमार के अनुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति (2020) के अंतर्गत टीम वर्क, मूल्य संवर्धन और भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़े महत्व को भी रेखांकित किया जा रहा है। यह एक तरह से योजना के मध्यावधि प्रगति की समीक्षा है।

किशोरों के भविष्य पर गंभीर चर्चा एससीईआरटी, उत्तर प्रदेश के संयुक्त निदेशक डॉ. पवन सचान कहते हैं कि इस तीन दिवसीय मंथन कार्यक्रम में 21 अक्टूबर तक विशेषज्ञों और प्रतिनिधियों द्वारा किशोरों के भविष्य से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर विचार-विमर्श व मध्यावधि समीक्षा हो रही है। इसका उद्देश्य देश की युवा पीढ़ी को सशक्त और जागरूक बनाने के लिए भविष्य की ठोस नीतियों का निर्माण करना है। डॉ. सचान ने बताया कि किशोरावस्था के दौरान होने वाले शारीरिक और मानसिक परिवर्तनों पर सकारात्मक दृष्टिकोण रखने पर जोर, शारीरिक व्यायाम और प्ले ग्राउंड की आवश्यकता पर विशेष बल देने का साथ ही ड्रग्स और इंटरनेट की लत के खतरों पर भी विचार-विमर्श हो रहा है।कहती है आईसीएमआर की रिपोर्ट आईसीएमआर की रिपोर्ट के अनुसार, 1990 से 2016 के बीच भारत में गैर-संक्रामक रोगों से होने वाली मौतों में भारी वृद्धि हुई है। इसे ध्यान में रखते हुए अब योगी सरकार ने भी यूपी के किशोरों में स्वस्थ आहार, नियमित व्यायाम और नशे से दूर रहने के लिए विशेष अभियान शुरू कर दिये हैं। हालांकि अभी इसे और पुष्ट करने की कोशिशें जारी हैं।

**समाज में जिम्मेदार नागरिक के रूप में किशोरों को तैयार करना है उद्देश्य: संदीप सिंह**

बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप की मानें तो इस मंथन का एक अन्य महत्वपूर्ण उद्देश्य किशोरों को समाज में एक सक्रिय और जिम्मेदार नागरिक के रूप में तैयार करना है। इस मंथन में कम उम्र में विवाह, मादक द्रव्यों का सेवन और सामाजिक हिंसा जैसे मुद्दों पर गंभीर चर्चा की जा रही है, ताकि किशोरों को इन चुनौतियों से निपटने के लिए उचित मार्गदर्शन किया जा सके।

# मुख्य समाचार

## किसानों को जैविक खेती के लिए किया जागरूक



**शामली।** नवभारत फर्टिलाइजर्स कंपनी की टीम द्वारा रविवार को गांव टिटौली में किसानों को जैविक खेती के प्रति जागरूक किया गया। टीम ने किसानों को जैविक खेती से फसलों को होने वाले फायदों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गयी। रविवार को कंपनी के कृषि अधिकारी महेश पाल ने गांव टिटौली में आयोजित किसान गोष्ठी में बताया कि किस तरह किसान जैविक खेती कर अपनी फसलों का उत्पादन बढा सकते है। उन्होंने कहा कि आजकल खेतों में रासायनिक खादों का इस्तेमाल किया जा रहा है जो फसलों के लिए काफी हानिकारक है इससे न केवल फसलों बल्कि मिट्टी की उर्वरा शक्ति को भी नुकसान होता है। कंपनी के टीम मैनेजर सुशील कुमार व शिवम भारद्वाज ने कहा कि जैविक खेती न केवल किसानों की फसलों की उत्पादकता को बढाती है बल्कि किसानों को एक अच्छी फसल मिलती है। उन्होंने कहा कि खेतों में यूरिया की जगह गोबर की खाद का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने किसानों से आहवान किया कि वे जैविक खेती का अधिक से अधिक उपयोग किया जाए। इस मौके पर शिवचरण, मक्खन, जयपाल सिंह, रामबीर, सुरेश कुमार आदि किसान मौजूद रहे।

## बुढाना रोड की सडक का निर्माण कार्य शुरू



**शामली।** शहर के बुढाना रोड से लेकर सिम्भालका तक खस्ताहाल सडक का निर्माण शुरू हो गया है। इस खस्ताहाल सडक के कारण लोगों खासतौर पर वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा था। सडक बनने से अब लोगों को काफी राहत मिलेगी। जानकारी के अनुसार शहर के बुढाना रोड पर जगह-जगह सडक के टूटने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा था। सडक में गहरे गहरे गड्ढों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं भी होती रहती थी जिस कारण लोग चोटिल होते रहते थे। लोगों को काफी समय से सडक के निर्माण की मांग की जा रही थी। रविवार को आखिरकार सडक के निर्माण का कार्य शुरू कर दिया। रविवार को जेसीबी के माध्यम से सडक को समतल करने का काम किया गया। इस दौरान वाहन चालकों को परेशानियों का भी सामना करना पडा।

## चोरी के टायर सहित एक चोर गिरफ्तार



**शामली।** कोतवाली पुलिस ने एक चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी किया गया टैक्टर का पहिया बरामद किया है। पुलिस ने रविवार को चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक को रोककर उससे पूछताछ की। युवक ने अपना नाम राहुल पुत्र राजकुमार निवासी गांव लिलौन बताया। पुलिस ने युवक के कब्जे से चोरी किया गया ट्रैक्टर का पहिया भी बरामद किया। पुलिस ने बताया कि जनपद बागपत के थाना बडौत के गांव बावली निवासी आबिद ने शामली में पुराना दिल्ली-सहारनपुर बस स्टैंड स्थित टायर की दुकान से अज्ञात चोर द्वारा टायर चोरी करने के संबंध में तहरीर दी थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए चोर की तलाश शुरू कर दी थी।

## युवक पर जानलेवा हमले में वांछित दो आरोपित गिरफ्तार



**शामली।** कोतवाली पुलिस ने युवक पर जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल करने के मामले में वांछित दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार शहर के मौहल्ला हरिरामनगर निवासी सेवाराम सैनी ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि उसके पुत्र रोहित सैनी पर मौहल्ला रामसागर निवासी आकाश व कार्तिक ने जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीडित पिता ने आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। रविवार को कोतवाली पुलिस ने जानलेवा हमले के दोनों आरोपितों आकाश पुत्र विनोद व कार्तिक पुत्र प्रमेश निवासीगण मौहल्ला रामसागर को गिरफ्तार कर लिया।

## पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया



**झिंझाना।** क्षेत्र के गांव वैदखेडी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पशु पालकों को पशु चिकित्सा टीकाकरण, कीटनाशक, खान-पान, गर्भ परीक्षण आदि सेवाओं की जानकारी दी गई। पशुपालकों को पशुपालन विभाग की योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। शिविर में पशुपालन विभाग की ओर से निशुल्क दवाइयां वितरण की गई। रविवार को क्षेत्र के गांव वैदखेड़ी में पशुपालन विभाग द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि सुरेशपाल कश्यप नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा किया गया। शिविर में पशुपालकों को पशु चिकित्सा बांझपन टीकाकरण, कीटनाशक खानपान, गर्भ परीक्षण आदि चिकित्सा के बारे में जानकारी दी गई और पशुपालकों को पशु पौष्टिक आहार वह दवाइयां निशुल्क वितरित की गई। शिविर में उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ एस पी सिंह, पशु चिकित्साधिकारी इमरान अंसारी ने ग्रामीणों को पशु स्वास्थ्य से संबंधित जानकारियां दी। इस अवसर पर डॉक्टर गजराज सिंह, दाउद अली, राजवीर, ओमपाल सिंह व ग्राम प्रधान अमीर आलम, सतीश कश्यप और क्षेत्र से आए ग्रामीण मौजूद रहे।

# सुहागिन महिलाओं ने पतियों की लंबी आयु के लिए रखा व्रत



पब्लिक एशिया ब्यूरो

**झिंझाना।** सुहागिन महिलाओं द्वारा अपने पति की लम्बी आयु की कामना के लिए करवाचौथ का व्रत रखा गया। जिसमें सुहागिन महिलाओं द्वारा सज-धजकर दोपहर में एकत्रित होकर कथा सुनी।

शाम को चांद के दीदार पर पूजा अर्चना के बाद व्रत खोला। रविवार को करवाचौथ का व्रत सौभाग्यवती सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु की कामना ईश्वर से करने के लिए व्रत रखा। जिसमें दोपहर के समय सुहागिन महिलाओं ने सज-धजकर एक जगह एकत्रित होकर करवाचौथ के व्रत की कथा सुनी और सब ने अपने अपने पति की लम्बी आयु के लिए प्रार्थना की।

करवाचौथ के व्रत में शिव, पार्वती, कार्तिकेय, गणेश तथा चंद्रमा का पूजन के बारे में बड़ी महिलाओं ने बताया। महिलाएं सारे दिन निर्जला उपवास कर शाम को परंपरानुसार पूजा करते हुए पति की दीर्घायु की कामना करते हुए कथा सुन कर छन्नी से चंद्र दर्शन कर और उसे अर्घ्य प्रदान किया।

# रोटरी क्लब के दीपावली मेले में जमकर हुई खरीददारी

## इलैक्ट्रॉनिक सामान, फर्नीचर, वाहन, खाने पीने के स्टॉल पर रही भीड

पब्लिक एशिया ब्यूरो





**शामली।** रोटरी क्लब द्वारा शहर के वीवी इंटर कालेज में दीपावली मेले का आयोजन किया गया। मेले में विभिन्न इलैक्ट्रॉनिक सामान, फर्नीचर, वाहन आदि की स्टॉल के साथ खानपान की स्टाल भी लगाए जहां लोगों ने अपनी पसंद की खरीददारी की। इसके अलावा बच्चों के मनोरंजन के लिए भी कई व्यवस्थाएं की गयी थी।

जानकारी के अनुसार रोटरी क्लब द्वारा शनिवार की रात शहर के वीवी इंटर कालेज में रोटरी दीपावली मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि व्यापारी नेता घनश्यामदास गर्ग व रोटरी अंतर्राष्ट्रीय मंडल 3100 के चयनित मंडलाध्यक्ष नितिन गर्ग ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। क्लब अध्यक्ष आकाश गर्ग ने बताया कि रोटरी सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम के अंतर्गत दीपोत्सव त्यौहारों की खुशी को सामूहिक रूप से मनाने के लिए प्रत्येक वर्ष दीपावली मेले का आयोजन किया जाता है।

क्लब सचिव सचिन श्याम ने बताया कि मेले में विभिन्न इलैक्ट्रॉनिक सामान, फर्नीचर, वाहन आदि की स्आलों के साथ खानपान की स्आल भी लगाए गए, वहीं बच्चों के मनोरंजन के लिए भी कई तरह की व्यवस्थाएं की गयी थी। लोगों ने मेले में जहां जमकर खरीददारी की वहीं बच्चों ने भी काफी लुत्फ उठाया।

बच्चों ने घोडे और ऊंट की सवारी, विभिन्न झूलों में खूब मौज मस्ती की। वहीं करवाचौथ को लेकर महिलाओं के लिए मेहंदी का स्टाल भी लगाया गया जहां उन्होंने अपनी पसंद की मेहंदी लगवाई। मेले में दिव्यांग बच्चों द्वारदा दीपावली के सजावटी सामान का स्टाल भी आकर्षण का केन्द्र बना रहा। लोगों ने सजावटी सामानों की खरीददारी भी की। इस अवसर पर शुभम मंगल, मेला चेयरमैन अरूण गुप्ता, आकाश गुप्ता, मुकेश जिंदल सहित क्लब के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# त्यौहारों पर व्यापारियों को परेशान न करने की चेतावनी

## व्यापारियों से भी की शुद्ध व बिना मिलावट का सामान बेचने की अपील

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**शामली।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेशाध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने सैंपल भरने के नाम पर व्यापारियों का उत्पीडन करने वाले अधिकारियों को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि त्यौहारों पर व्यापारियों का उत्पीडन बर्दाश्त नहीं होगा। उन्होंने व्यापारियों से भी शुद्ध और बिना मिलावट का सामान बेचने की अपील की।

रविवार को सुभाष चौंक स्थित कार्यालय पर आयोजित बैठक में संगठन के प्रदेशाध्यक्ष घनश्यामदास गर्ग ने जनपद के साथ-साथ प्रदेश भर के सभी जिलों के अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि त्योहारी सीजन में अधिकारी व्यापारियों को अनावश्यक परेशान ना करें। उन्होंने कहा कि जीएसटी विभाग, खाद्य विभाग, बाट माप तोल विभाग, श्रम विभाग आदि विभाग के अधिकारी अनावश्यक रूप से व्यापारी की दुकान पर जाकर उन्हें परेशान करने की मंशा से उनका उत्पीड़न कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर अधिकारियों ने व्यापारियों का उत्पीडन किया तो सभी व्यापारी अधिकारियों का घेराव कर अपना विरोध दर्ज कराएंगे। प्रदेश का व्यापारी ईमानदारी से कार्य करते हुए प्रदेश सरकार को भरपूर टैक्स जमा कर रहा है मगर अधिकारी गण सरकार को बदनाम करने की नीयत से व्यापारियों को परेशान करते हैं यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने व्यापारियों से भी अपील की कि वे शुद्ध और बिना मिलावट का सामान ही बेचें। बैठक में सुभाष चंद्र धीमान, नरेंद्र अग्रवाल नगर अध्यक्ष, पवन गोयल, ऋषभ जैन, वैभव गोयल, महेश धीमान, शिवांग गर्ग, गौरव गर्ग, राजीव गर्ग आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

# रोटरी क्लब आफ शामली स्टार्स ने गौशाला में दिया हरा चारा

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**क्लब अध्यक्ष अखिल तायल ने कहा कि गौशाला में 600 गायों की देखभाल की जा रही है**

**शामली।** रोटरी क्लब आफ शामली स्टार्स द्वारा नई गौशाला में गायों के लिए चारा उपलब्ध कराया गया।

जानकारी के अनुसार रविवार को क्लब के पदाधिकारियों ने नई गौशाला में गौमाताओं के लिए हरा चारा उपलब्ध कराया।

क्लब अध्यक्ष अखिल तायल ने कहा कि गौशाला में 600 गायों की देखभाल की जा रही है।

इसके अलावा क्लब द्वारा गौशाला में वृक्षारोपण भी किया गया है ताकि यहां की हवा ताजी व साफ रहे।

उन्होंने लोगों से भी आहवान किया कि वे समय-समय पर वृक्ष जरूर लगाएं इससे हमारा पर्यावरण स्वच्छ होता है।

इस मौके पर रजत गर्ग, अंकित गोयल, सुमित गोयल, मोहित बंसल, मनीष तायल, अमित जैन आदि भी मौजूद रहे।

# महाकुंभ 2025 के दौरान कोई भी श्रृद्धालु नहीं सोएगा भूखा

## महाकुंभ के दौरान मेला क्षेत्र में भी मुफ्त राशन की सुविधा उपलब्ध कराएगी योगी सरकार महाकुंभ

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**प्रयागराज।** में होने जा रहे महाकुंभ 2025 के दौरान यहां आने वाला कोई भी श्रद्धालु, कल्पवासी भूखे पेट नहीं सोएगा। योगी सरकार की ओर से इसके लिए मेला क्षेत्र में व्यापक तैयारियां की हैं। पूरे मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं के लिए भंडारों का तो आयोजन किया ही जाएगा, साथ ही उन्हें मुफ्त राशन की सुविधा का भी लाभ मिलेगा। कई-कई दिनों तक महाकुंभ में रहने वाले कल्पवासियों और श्रद्धालुओं के राशन कार्ड बनाए जाएंगे और उन्हें राशन की सुविधा प्राप्त होगी। पहले से राशन कार्ड धारण करने वालों को भी राशन कार्ड दिखाने पर राशन प्रदान किया जाएगा। इसके लिए खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा पूरे मेला क्षेत्र के सभी सेक्टर्स में कुल 160 उचित दर वाली राशन की दुकानों की स्थापना की जाएगी, जहां से दो बार (जनवरी-फरवरी) में राशन प्रदान किया जाएगा। राशन के भंडारण के लिए 5 गोडाउन भी स्थापित होंगे। इस पूरी परियोजना पर 43 करोड़ से ज्यादा की धनराशि खर्च की जाएगी।

**जनवरी और फरवरी में मिलेगी सुविधा** एडीएम मेला, विवेक चतुर्वेदी के अनुसार महाकुंभ के दौरान कई ऐसे श्रद्धालु आते हैं जो कई-कई दिनों तक मेला में प्रवास करते हैं। इन्हें कल्पवासी कहा जाता है। ये अपना भोजन स्वयं पकाते हैं। इनकी सुविधा के लिए खाद्य एवं रसद विभाग की ओर से पूरे मेला क्षेत्र के सभी सेक्टर्स में उचित दर वाली कुल 160 राशन की दुकानें स्थापित की जा रही हैं। जहां न सिर्फ इनका राशन कार्ड बनाया जाएगा, बल्कि इन्हें राशन की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। जिनके पास पहले से ही राशन कार्ड है, उन्हें भी सुविधा प्राप्त होगी। यह सुविधा दो बार यानी जनवरी और फरवरी 2025 में उपलब्ध कराई जाएगी। राशन की कमी न हो, इसके लिए मेला क्षेत्र के अंदर ही 5 गोडाउन भी स्थापित किए जा रहे हैं।

**एलपीजी सिलेंडरों की बिक्री के लिए अलग से होगी आउटलेट्स**

परियोजना के अनुसार कल्पवासियों एवं श्रद्धालुओं को खाद्यान्न, चीनी एवं रसोई गैस उपलब्ध कराया जाएगा। एलपीजी सिलेंडरों की बिक्री के लिए अलग से आउटलेट्स लगाए जाएंगे। 10 लाख स्थायी आबादी के अतिरिक्त अस्थायी आबादी के भोजन के लिए भंडारों का आयोजन किया जाएगा, जहां प्रतिदिन राशन की आपूर्ति की जाएगी। एक अनुमान के अनुसार एक राशन कार्ड में 5 लोग होते हैं तो इस लिहाज से दो माह में तकरीबन 2 लाख राशन कार्ड की आवश्यकता होगी। खास बात ये भी होगी कि इस सुविधा का लाभ बड़े अखाड़ों और शिविरों में रहने वाले श्रद्धालुओं और कल्पवासियों को भी मिलेगा।

# सुहागिनों ने पति की लंबी आयु के लिए रखा निर्जला व्रत

## धूमधाम एवं उल्लास के साथ मनाया गया करवा चौथ का पर्व

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**शामली।** सुहागिन महिलाओं का प्रमुख त्यौहार करवाचौथ रविवार को पूरे उल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। महिलाओं ने अपने पतियों की लंबी आयु के लिए पूरे दिन निर्जला व्रत रखकर रात के समय चंद्रदर्शन के उपरांत अपना व्रत खोला। इस दौरान पतियों ने भी अपने पत्नी को उपहार भेंट किए। जानकारी के अनुसार रविवार को करवाचौथ का त्यौहार जिलेभर में उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने पूरे दिन अपने पतियों की लंबी आयु के लिए व्रत रखा। करवाचौथ पर सुबह से ही सुहागिनों में उत्साह था। घरों में महिलाओं ने सज संवरकर करवा चौथ की कथा पढ़ी। कई जगह महिलाओं ने एकत्रित होकर टोलियां बनाकर करवा चौथ की कथा पढी। दोपहर को महिलाओं ने घर में पकवान बनाने शुरू कर दिए थे। शाम को अपने बुजुर्गों को उपहार दिए और उनका आशीर्वाद लिया। इसके बाद रात को महिलाएं घर की छतों पर चंद्र दर्शन के लिए पहुंच गई। काफी उत्साह के साथ चंद्र दर्शन पर महिलाओं ने चंद्र देवता को जल चढ़ाया और इसके बाद ही पानी पीकर अपना व्रत खोला। कई स्थानों पर महिलाओं ने अपने पति के हाथ से पानी पीकर व्रत खोला। कुछ जगह पति ने भी दिन भर व्रत रखा। पतियों ने अपनी पत्नी को उपहार भी भेंट किए। इसके अलावा कांधला, थानाभवन, झिंझाना, कैराना, गढीपुख्ता, जलालाबाद सहित जिलेभर में करवाचौथ का पर्व धूमधाम से मनाया गया।

# पीएम मोदी ने हवाई अड्डे के सिविल एन्क्लेव का किया वर्चुअल शिलान्यास

## केंद्रीय राज्यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल, कैबिनेट मंत्री बेबीरानी मौर्य और सांसद राजकुमार चाहर सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे



पब्लिक एशिया संवाददाता

**आगरा।** 12 वर्षों की मशक्कत के बाद रविवार को धनौली में सिविल एन्क्लेव का शिलान्यास किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल जुड़कर इसका शिलान्यास किया। पीएम अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से कार्यक्रम में वर्चुअल जुड़े। इस मौके पर केंद्रीय राज्यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल, कैबिनेट मंत्री बेबीरानी मौर्य और सांसद राजकुमार चाहर सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। बताते चलें कि जमीन अधिग्रहण समेत कई बाधाओं को पार करने के बाद एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने धनौली में सिविल एन्क्लेव का शिलान्यास कराया। 51.57 एकड़ जमीन पर प्रस्तावित नए सिविल एन्क्लेव का निर्माण दो वर्ष के अंदर पूरा किया जाएगा। एयरपोर्ट निदेशक योगेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि इस पर 343.20 करोड़ रुपये पहले चरण में खर्च किए जाएंगे।

दूसरे चरण में 92.50 एकड़ जमीन विस्तार के लिए रखी गई है। इसमें रनवे का विस्तार, टैक्सी ट्रैक और नौ विमानों की पार्किंग का निर्माण किया जाएगा। सिविल एन्क्लेव बनने से हवाई यात्रियों को सुविधा हो जाएगी। आगरा में एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने सिविल एन्क्लेव के निर्माण के लिए संयुक्त निदेशक की तैनाती की है।

### ऐसा होगा सिविल एन्क्लेव

- 34,346 वर्ग मीटर जमीन पर बनेगा एन्क्लेव
- 32 चेक इन काउंटर होंगे सिविल टर्मिनल में
- 365 मीटर लंबा, 88 मीटर चौड़ा एप्रन बनेगा
- बोइंग 747 और एयरबस 320 खड़े हो सकेंगे
- 1400 यात्रियों की क्षमता एक बार में होगी
- 350 कारों की पार्किंग की मिलेगी सुविधा
- 12 लिफ्ट यात्रियों की सुविधा के लिए लगेंगी
- 25 कारें वीआईपी के लिए आरक्षित होंगी
- 800 मीटर लंबाई में रनवे का विस्तार
- चार एयरोब्रिज के जरिए टर्मिनल आएंगे यात्री

### 'मुझे मामूली सा स्थान दिया...'मंच संचालक पर बिफरे भाजपा विधायक



**आगरा।** रविवार को हवाई अड्डे के नए सिविल एंक्लेव के शिलान्यास किया जाना था। कुछ ही समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी से वर्चुअल जुड़कर इसका शिलान्यास करने वाले थे। इससे पहले शिलान्यास स्थल पर केंद्रीय राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल सहित सभी विधायक और मेयर सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद थे। मंच पर नेताओं का संबोधन चल रहा था। इसी बीच विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल का संबोधन शुरू हुआ। संबोधन शुरू होते ही वह मंच संचालक पर गुस्सा होते दिखे। दरअसल उन्हें बोलने के लिए दो मिनट का समय दिया गया था। इस पर वह संचालक पर बिफर पड़े। इसका वीडियो भी सामने आया है।

## मुख्य समाचार

### 5 नवंबर तक चलेगा विशेष सतर्कता अभियान: नीरज द्विवेदी



**आगरा (पब्लिक एशिया संवाददाता)।** दीपावली का पर्व करीब है। त्योहार में शराब की खपत बढ़ जाती है। खपत बढ़ने पर नकली शराब का धंधा जोर पकड़ लेता है। मिलावट होने से शराब जहरीली हो जाती है, जिसे पीने पर मृत्यु होने की घटनाएं सामने आती रही हैं। इसी कारण जनपद में त्योहार पर अवैध शराब का धंधा रोकने के लिए डीएम के आदेश पर प्रशासनिक पुलिस और आबकारी विभाग संयुक्त रूप से 15 दिन का विशेष अभियान 20 अक्टूबर से 5 नवंबर तक चलाने निर्णय लिया हैं इसके लिये 13 टीम का गठन भी कर दिया गया है ! टीम की कमान आला अधिकारियों को सौपी गई है। निरंतर कार्रवाई भी हो रही है दीपावली पर्व के मद्देनजर सक्रियता और बढ़ा दी गई है। छापे मारकर अवैध शराब के धंधा में लिप्त लोगों की धरपकड़ चल रही है। दुकानों पर औचक निरीक्षण करके देखा जा रहा है कि शराब तय दाम पर बिक रही है अथवा नहीं। अधिक दाम पर शराब बेचने वालों के ऊपर जुमार्ना लगाया जा रहा है।

### वर्मा बने प्रशासनिक अधिकारी



**आगरा (पब्लिक एशिया संवाददाता)।** आगरा मंडलायुक्त कार्यालय में तैनात प्रशासनिक अधिकारी गोविंद वर्मा को शासन ने पदोन्नति देते हुए वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी बनाया है इनकी तैनाती आयुक्त कार्यालय में ही किया गया है।

### ग्राम बिसेरी भांड मे पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर का किया उद्घाटन



**आगरा (पब्लिक एशिया संवाददाता)।** विकासखंड बरौलीअहीर क्षेत्र ग्राम बिसेरी भांड मे राजकीय पशु चिकित्सालय बमरौली द्वारा एक दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला आयोजित किया गया। मेले का उद्घाटन पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ विकास सचान ग्राम प्रधान बलदेव ने ग्राम बिसेरी भाड़ में रविवार को राजकीय पशु चिकित्सालय बमरौली द्वारा एक दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर मेला का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ ग्राम प्रधान बलदेव सिंह ने किया। ग्राम प्रधान बलदेव सिंह ने कहा कि पशुपालन विभाग द्वारा जो पशु आरोग्य मेले का आयोजन किया है। पशु चिकित्सा अधिकारी विकास सचान ने पशपालको को सभी सरकारी योजना के बारे मे पूर्ण जानकारी दी सोमवीर ,मनोज वर्मा भजन लाल, खजान सिंह, सत्यवीर सिंह एवं ग्रामीण मौजूद रहें।

### सड़क किनारे से उठाई कार और ऑटो

आगरा **(पब्लिक एशिया संवाददाता)।** नगर निगम और एनएचएआई शनिवार को संयुक्त रूप से अभियान चलाया। सड़क किनारे वाहन रिपेयरिंग सेंटरों पर खड़ीं कबाड़ की कार और ऑटो जब्त कर लिए। नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल ने एनएचएआई के अधिकारियों के साथ वाटर वर्क्स से सिकंदरा चौराहा तक निरीक्षण किया था। सर्विस रोड के किनारे मोटर मैकेनिक का काम करने वाले कुछ लोगों ने कबाड़ कारों और प्रवर्तन दल ने कार्रवाई कर बुल्डोजर की सहायता से 3 कबाड़ कारों और 2 ऑटो को मौके से जब्त कर अपने वाहनों में लाद कर नगर निगम भेज दिया। खंदारी चौराहे के आसपास अभियान चलाकर 26 ठेल, 10 त्रिपाल और दुकानों के आगे निकाले गए 4 टिनशेड हटवाए। हरी पर्वत जोन में घटिया आजम खां क्षेत्र से प्लास्टिक के ग्लास जब्त कर 1500 रुपये का जुमार्ना वसूला।

### जापान देश के 50 पर्यटकों को ताज सुरक्षा पुलिस ने भ्रमण कराया



**आगरा (पब्लिक एशिया संवाददाता)।** जापान देश के 50 सदस्यीय तकनीकी विशेषज्ञों का एक दल ताजमहल देखने पश्चिमी गेट पर पहुंचा जिसे प्रभारी निरीक्षक ताज सुरक्षा तिलकराम भाटी के निर्देशन में थाना ताज सुरक्षा पुलिस की क्विक रिस्पांस टीम के द्वारा स्वागत करते हुए उन्हें ताजमहल से संबंधित आवश्यक जानकारियां देकर ताजमहल का भ्रमण कराया सभी ने आगरा पुलिस के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक शिवराज सिंह महिला आरक्षी लक्ष्मी देवी आरक्षी इंद्रजीत सिंह गार्ड पप्पू लाल सम्मिलित हैं

## सामूहिक करवा चौथ पर्व भारतीय संस्कृति से पंचवटी सखियों ने मिलकर मनाया

पब्लिक एशिया संवाददाता



**आगरा।** आगरा माता सीता की नगरी पार्श्वनाथ पंचवटी कॉलोनी ताजनगरी सौहार्द भाईचारे की मिसाल कायम करते पंचवटी मातृशक्ति बहनों ने देशभर के साथ पारंपरिक पर्व करवा चौथ निर्जला व्रत रख पति की दीघार्यु के लिए पंडितानी इंदिरा शर्मा से कथा सुनी पूजा की थाली लेकर सामूहिक पूजन किया अखंड सुहाग रहे सदा माथे पर बिंदिया चमकती रहे हाथों में सोणा सोणा चूड़ा पांव में पायल की छन-छन खनकती रहे सदा सर पर लाल चुनरी सजे, पर सखियों ने जम कर डांस भी किए ! सुहाग की दीघार्यु की लंबी उम्र की का मना की! मुख्य रूप से शिलपा लूथर,चांदनी भोजवानी, मोनिका वाही,लता भक्तयानी, सिम्मी सलूजा, ईशमीत कौर,भाविका माधवानी, आस्था, ज्योतिशा, पूजा चड्डा, प्रिया अरोड़ा, वीनू अरोड़ा, भूमि लोकवानी, पीयू अरोड़ा, निधि कपूर, नवनीत कौर, स्वाती मेहंदीरता, मिनी छाबड़ा आदि मौजूद रहे।

## 2 वर्षीय बच्ची बिछडी, ताज सुरक्षा पुलिस ने खोजकर मिलाया



**आगरा (पब्लिक एशिया संवाददाता)।** नेपाल से ताजमहल देखने आए विधु कुमार के भाई व दो वर्षीय बच्ची उनके ग्रुप से बिछड़ गई जिसकी सूचना उन्होंने पश्चिमी गेट पर नियुक्त थाना ताज सुरक्षा पुलिस की क्विक रिस्पांस टीम को दी । सूचना पर प्रभारी निरीक्षक ताज सुरक्षा श्री तिलकराम भाटी के निर्देशन में रेडियो अनाउंसमेंट,सीसीटीवी फुटेज एवं आरटी सेट मैसेज के माध्यम से 20 मिनट के अंदर उनके भाई और बच्ची को खोजकर उनसे मिलाया गया परिवारी जनों के आपस में मिल जाने से प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्होंने आगरा पुलिस के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक शिवराज सिंह महिला आरक्षी लक्ष्मी देवी आरक्षी इंद्रजीत सिंह सम्मिलित हैं।

## बाइक चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद

पब्लिक एशिया संवाददाता



**आगरा।** आगरा के थाना सिकंदरा क्षेत्र में कारगिल पेट्रोल पंप के पास बैंक आफ इंडिया के बाहर से शातिर ने बाइक चोरी कर ली। बाइक चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। आवास विकास कालोनी निवासी भास्कर रावत ने बताया कि वो 14 अक्टूबर को बैंक आफ इंडिया में किसी काम से गया था।

उसने बैंक के बाहर अपनी सीटी 100 बाइक खड़ी कर दी। थोड़ी देर बाद जब वो बैंक से बाहर आया तो उसने देखा कि बाहर उसकी बाइक नहीं है। आसपास उसने लोगों से पूछा, लेकिन किसी ने बाइक के बारे में नहीं बताया। इसके बाद उसने पुलिस को सूचना दी। बैंक के सीसीटीवी चेक किए तो बाइक चोरी करते हुए युवक नजर आया। एक युवक बाइक के पास आता है। पहले वो बाइक पर बैठता है। थोड़ी देर बाद बाइक से उठकर कुछ दूरी तक जाता है। फिर मुंह पर रुमाल बांधकर आता है और चंद सेकेंड में बाइक का हैंडल का लॉक तोड़कर बाइक लेकर चला जाता है। उसके साथ उसका एक और साथी था।

## बीजेपी विधायक के भाइयों ने अस्पताल में स्टाफ के साथ की मारपीट

पब्लिक एशिया संवाददाता



**मथुरा।** भाजपा विधायक के भाइयों और भतीजे ने अस्पताल में घुसकर स्टाफ के साथ मारपीट की। इसका वीडियो भी सामने आया है। रविवार सुबह अस्पताल में भर्ती अपनी मां को देखने गए थे। अस्पताल के स्टाफ ने आईसीयू में जाने से रोक दिया तो अंदर घुसकर मारपीट करने लगे। इससे मरीज घबरा गए। घटना महोली रोड स्थित डीएस हॉस्पिटल की है। मांट विधानसभा क्षेत्र से विधायक राजेश चौधरी के भाई और भतीजे के खिलाफ डॉक्टर ललित वार्ष्णेय ने थाना हाईवे में तहरीर दी है। विधायक के प्रतिनिधि जसवंत ने भी थाने में अस्पताल स्टाफ के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है।

डीएस हॉस्पिटल के मालिक ललित ने बताया- भाजपा विधायक राजेश चौधरी की मां प्रेमवती की तबीयत खराब है। उन्हें हॉस्पिटल के आईसीयू वार्ड में रखा गया है। रविवार की सुबह विधायक राजेश चौधरी के भाई जितेंद्र सिंह, संजय चौधरी, भतीजा देव चौधरी, प्रतिनिधि जसवंत अस्पताल पहुंचे। स्टाफ ने उनको आईसीयू में जाने से रोक दिया।

**जबरन आईसीयू में घुसे:** आईसीयू में जाने से रोकने पर विधायक के भाई,भतीजा और प्रतिनिधि आक्रोशित हो गए। जबरन आईसीयू में घुसकर अस्पताल के स्टाफ प्रताप और सत्यपाल के साथ मारपीट करने लगे। वहां मौजूद कर्मचारी संजय का मोबाइल फोन तोड़ दिया। मारपीट से वहां भर्ती अन्य मरीज भी डरे सहमे नजर आए।

**मारपीट का सीसीटीवी वीडियो आया सामने:** मारपीट की इस घटना का एक सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया। जिसमें कुछ लोग आईसीयू वार्ड में घुसते हैं और स्टाफ के साथ मारपीट शुरू कर देते हैं। इतना ही नहीं यह लोग स्टाफ को खींचकर बाहर ले जाते हैं और वहां भी मारपीट करते हैं। अस्पताल के अन्य कर्मी बचाने का प्रयास करते हैं लेकिन वह नहीं मानते हैं।

## देश-विदेश में आगरा के आलू की मांग

पब्लिक एशिया संवाददाता



- **आगरा, अलीगढ़ और बरेली मंडल की रबी गोष्ठी में कृषि उत्पादन आयुक्त ने कहा, फसलों का ज्यादा मूल्य किसानों का मिले**

**आगरा।** आगरा, अलीगढ़ और बरेली मंडल की कृषि उत्पादन गोष्ठी हुई। कृषि उत्पादन आयुक्त मोनिका एस गर्ग ने कहा कि इन तीनों मंडलों में सबसे ज्यादा प्रगतिशील किसान हैं। आगरा में रबी की फसल में सबसे ज्यादा खास आलू है। जिसकी मांग देश-विदेशों में है। उन्होंने किसानों से कहा कि आपको यह प्रयास करना है कि फसल का ज्यादा से ज्यादा मूल्य आपको मिले। जिससे आपकी आय में वृद्धि हो। इसके लिए अच्छी गुणवत्ता और विभिन्न किस्मों की फसल के साथ यह भी जानें कि उगाई गई फसलों से बाजार में कितने तरह के उत्पाद बनाये जा रहे हैं। फूड प्रोसेसिंग से संबंधित सरकार कई योजनाएं चला रही है। किसानों को सब्सिडी का लाभ भी दिया जा रहा है। इसके अलावा उन्नत कृषि, सिंचाई, जल संरक्षण तथा आधुनिक कृषि क्षेत्र में कई योजनाओं में किसानों को सब्सिडी से लाभान्वित किया जा रहा है। कृषि क्षेत्र में आगरा मंडल की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए मंडलायुक्त रितु माहेश्वरी ने कहा कि पिछले सालों में रबी फसल में निर्धारित लक्ष्य से भी ज्यादा उत्पादन और उत्पादकता में वृद्धि हुई। विशेष रूप से आगरा मंडल में आलू-गेहूं में रिकॉर्ड उत्पादन हुआ। गोष्ठी में बरेली मंलडलायुक्त सौम्या अग्रवाल, अलीगढ़ मंडलायुक्त चैत्रा, डीएम आगरा अरविंद मल्लप्पा बंगारी आदि मौजूद थे।

## चुनाव में बीजेपी की तीसरी ऐतिहासिक जीत पर भाजपाइयों ने जताई खुशी

**आगरा (पब्लिक एशिया संवाददाता)।** हरियाणा चुनाव में बीजेपी की तीसरी ऐतिहासिक जीत पर खुशी जताते हुए जिला महामंत्री चौधरी विजय आर्यन जिला उपाध्यक्ष संतोष सिकरवार युवा मोर्चा महानगर मीडिया प्रभारी गौरव ठाकुर भाजपा महानगर उपाध्यक्ष एंव पार्षद सुधीर राठौर ने हरियाणा वासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एक पुरानी पार्टी दलितों के बीच झूठ फैलाने की कोशिश की, लेकिन दलित समाज ने इनके खतरनाक इरादों को भांप लिया। दलितों को एहसास हो गया कि कांग्रेस उनका आरक्षण छीनकर अपने वोटबैंक को बांटना चाहती है। इसलिए दलित समाज ने बीजेपी पर भरोसा किया। इस जीत से जातिवादी और हिन्दू समाज को तोड़ने बाली राजनीति करने वालों की असलियत अब खुल कर सामने आ चुकी है।भाजपा नेताओं ने कहा, यह ऐतिहासिक जीत केवल भाजपा के लिए नहीं, बल्कि हरियाणा के विकास और समृद्धि के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इस विजय से यह साबित होता है कि गरीब, असहाय, पिछड़ों, दलित जनता ने भाजपा पर अपना विश्वास कायम रखा है। भाजपा की यह ऐतिहासिक जीत हरियाणा के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।

## मथुरा में ताजमहल में जल चढ़ाने वाले पर जानलेवा हमला



मथुरा **(पब्लिक एशिया संवाददाता)।** ताजमहल पर जल चढ़ाने वाले श्याम बाबू पर हमलावरों ने जानलेवा हमला कर दिया। अधमरी अवस्था में उसे थाना हाईवे के अंतर्गत देवीपुरा के पास झाड़ियों में फेंक दिया। पुलिस ने घायल को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पिता ने श्याम बाबू के दोस्त पर आरोप लगाकर तहरीर दी है। महेंद्र नगर निवासी श्याम बाबू के पिता के अनुसार शनिवार रात उसे उसके एक दोस्त ने फोन कर बुलाया था। अनुराधा साड़ी फैक्ट्री के पास 10-12 लोगों ने उस पर हमला कर दिया।

**परिजनों को झाड़ियों में खून से लथपथ मिले श्याम बाबू:** मारपीट की जानकारी पर परिजन मौके पर पहुंच गए। उन्होंने बताया कि जब वह मौके पर पहुंचे तो श्याम बाबू झाड़ियों में सड़क किनारे खून से लथपथ अवस्था में पड़े मिले। परिजनों ने पुलिस को इसकी जानकारी दी। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। श्याम के पिता ने थाना हाईवे में नामजद तहरीर दी है। जिसमें श्याम के दोस्त पर फोन करके बुलाने का आरोप लगाया है। घटना की जांच में जुटी पुलिस ने आसपास के लोगों से बात की। एसपी सिटी अरविंद कुमार कहना है कि साड़ी फैक्ट्री में आपस में मारपीट हो गई थी।

**पुलिस बोली-चार को किया गिरफ्तार:** उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। श्याम के पिता की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर दिया गया है। चार लोगों को इसमें गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ की जा रही है। हिंदूवादी नेता छाया गौतम ने कहा कि ताजमहल में जल चढ़ाने वाले श्याम के साथ मारपीट हुई है।

## नकली खाद और पेस्टीसाइड बनाने वाला गिरफ्तार

पब्लिक एशिया संवाददाता



**आगरा।** पुलिस ने नकली खाद व पेस्टीसाइड सप्लाई करने वाले आरोपी को पुलिस ने पकड़ लिया। फरार दो आरोपियों की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है।चार अक्टूबर की रात को अनाज मंडी में 500 बैग डीएपी खाद के लोड ट्रक को उर्वरक निरीक्षक एवं अन्य संबंधित अधिकारियों व थाना पुलिस ने पकड़ा था। अफसरों को नकली खाद होने की जानकारी मिली थी। अफसरों ने लोडेड ट्रक को थाना किरावली में खड़ा करा दिया था। पुलिस ने टीम गठित की। पुलिस ने राहुल सिंघल निवासी अवध विहार कालोनी थाना नई मंडी, मुजफ्फरनगर को पकड़ लिया। आरोपी ने पूछताछ में बताया उसकी फर्म रायल ट्रेडर्स के नाम से पंजीकृत है। जिसका वह वैध व पंजीकृत प्रोपराइटर है।

**मुजफ्फनगर में नकली खाद बीज व पेस्टीसाइड का काम किया:** उसने पहले मुजफ्फनगर में नकली खाद बीज व पेस्टीसाइड का काम किया था। कुछ समय बाद ही मुजफ्फनगर से माल पकड़ा गया और मुकदमे लिख गए। गाजियाबाद आकर गोदाम किराये पर लेकर काफी समय से नकली खाद बीज व पेस्टीसाइड का काम कर रहा है।

**गोदाम में बनाते थे नकली डीएपी:** इसके अलावा कच्चा माल मुजफ्फरनगर से खरीद कर अपने यहां गोदाम में लाकर नकली डीएपी तैयार करते हैं। पुलिस अब संजय उर्फ संजू निवासी अरुआ खास थाना अछनेरा व आशू उर्फ आदित्य शुक्ला निवासी गुड की मंडी थाना फतेहपुर सीकरी की तलाश कर रही है।

## श्री गुरु रामदास महाराज के प्रकाश पर्व पर हुआ गुरबाणी कीर्तन समागम



पब्लिक एशिया संवाददाता

**आगरा।** गुरुद्वारा दशमेश दरबार शहीद नगर सोढ़ी सुल्तान चौथी पातशाही धन-धन श्री गुरु रामदास साहिब जी का प्रकाश पर्व बड़े श्रद्धा भाव व सत्कार के साथ मनाया गया! अमृतमई कीर्तन दरबार की शुरूआत श्रीहेमकुंड साहिब की हाजिरी भर कर आये जत्थे वीर हरप्रीत सिंह व हजूरी रागी अर्शदीप सिंह द्वारा अनमोल गुरबाणी शब्द कीर्तन कथा से संगतो को निहाल कर किया। इस दौरान प्रधान हरपाल सिंह, राजू सलूजा, गुरु सेवक श्याम भोजवानी,मलकीत सिंह, गुरिंदर सिंह ओबेरॉय, इंद्रजीत सिंह वाधवा ,सुरेंद्र सिंह लवली, हरदीप सिंह, हरजिंदर सिंह, सुरेंद्र सिंह लाडी, रिंकू वीर अमरजीत सिंह भसीन, आज्ञा सिंह, प्रमोद अरोड़ा आदि मौजूद रहे।

## मुख्य समाचार

### महिलाओं पर फब्तियां कसने वाले शोहदे को दबोचा

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**हाथरस।** कोतवाली सासनी पुलिस ने पुलिस निपुण अग्रवाल के आदेशानुसार तथा एएसपी अशोक कुमार तथा सीओ रामप्रवेश राय के निर्देशन में चलाए जा रहे शक्ति मिशन एवं एंटी रोमियो गिरफ्तारी अभियान के तहत महिलाओं पर फब्तियां कसने वाले एक शोहदे को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। रविवार को प्रभारी निरीक्षक श्याम सिंह ने बताया कि मिशन-शक्ति अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक हाथरस के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में एंटी रोमियो टीम का गठन किया गया है। जिसके तहत वह क्षेत्र में शांति व्यवस्था और संदिग्ध वाहन एवं संदिग्ध व्यक्ति चैकिंग अभियान में मामूर थे। तभी उन्हें सूचना मिली कि गांव ऊतरा को जाने वाली सड़क पर एक युवक आते जाते महिलाओं पर फब्तियां कस रहा है। तभी उन्होंने गठित एंटी रोमियो टीम को ऊतरा की ओर भेजा जहां पुलिस को देखकर युवक भागने लगा। मगर पुलिस ने भी आवश्यक बल प्रयोग करते हुए युवक को दबोच लिया। और कोतवाली ले आई। जहां उसके खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया है। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को अपना नाम व पता रामेश्वर पुत्र सोनपाल सिह निवासी ऊतरा थाना सासनी बताया है। शोहदे को गिरफ्तार करने वाली एंटी रोमियो टीम में एसआई कृष्ण दत्त, महिला हैडकांस्टेबिल उषा सुमन एवं कांस्टेबिल अश्ववनी कुमार आदि मौजूद थे।

### युवा पंडित परिषद ब्रज प्रांत 1 नवंबर को मनाएगा दीपावली पर्व

**हाथरस।** समस्त विद्वानों की दीपावली को लेकर अत्यंत आवश्यक बैठक अध्यक्ष आचार्य पंकज शास्त्री के सानिध्य में समस्त पदाधिकारी सहित धर्मधाम मालिन गली में हुई ।दीपावली कार्तिक कृष्ण पक्ष प्रदोष व्यापिनी अमावस्या को मनाई जाती है इस वर्ष सम्वत 2081 में कार्तिक अमावस्या 2024 गुरुवार को दोपहर 3ः54 से प्रारंभ होकर अगले दिन 1 नवंबर 2024 शुक्रवार को सायं 6ः17 पर समाप्त हो जाएगी इस स्थिति में अमावस्या तिथि दूसरे दिन प्रदोष काल सूर्यास्त के बाद लगभग 44 मिनट के समय में व्याप्त है धर्मशास्त्र का स्पष्ट निर्देश है यदि दो दिन अमावस्या प्रदोष व्यापिनी हो तो दूसरे दिन वाली अमावस्या में ही दीपावली का पर्व मनाया जाना शास्त्र सम्मत है इस तर्क के पीछे पितृ कार्य भी है पित्र देव पूजन करने के बाद ही महालक्ष्मी पूजन करना उचित है पित्र देव पूजन से तात्पर्य है प्रातः काल में अभ्यंग स्नान, देव पूजन करने के बाद लक्ष्मी पूजन करना उचित है निर्णय सिंधु, धर्म सिंधु के निर्णय के अनुसार अमावस्या प्रतिपदा का युग्म शुभ माना गया है अर्थात अमावस्या को प्रतिपदा युक्त ग्रहण करना महा फलदाई होता है अतः 1 नवंबर 2024 को श्री महालक्ष्मी पूजन दीपोत्सव पर्व उचित होगा इस दिन सूर्योदय से सूर्यास्त उपरांत विद्यमान होने से अमावस्या साकल्या पाद्यता जो संपूर्ण रात्रि और अगले दिन सूर्योदय तक विद्यमान मानी जाकर संपूर्ण प्रदोष काल वृष लग्न व निशीथ में सिंह लग्न में लक्ष्मी पूजन के लिए प्रशस्त होगी दृश्य गणित से निर्मित होने वाले समस्त पंचांगों में 1 नवंबर 2024 को ही लक्ष्मी पूजन का निर्णय शास्त्र सम्मत है

### गुमशुदा किशोर पहुंचा टूंडला, सकुशल बरामद

**हाथरस।** थाना सिकन्द्राराऊ पुलिस द्वारा 1 गुमशुदा किशोर को खोजकर सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया है। परिजनों ने हाथरस पुलिस का "धन्यवाद" किया है। अवगत कराना है कि दिनाँक 19.10.2024 को भूतेश्वर कालोनी निवासी अंशुल कौशिक द्वारा थाना सिकन्द्राराऊ पर लिखित तहरीर के माध्यम से सूचना दी कि उसका पुत्र यश कौशिक (उम्र करीब 12 वर्ष) अमोल चन्द्र पब्लिक स्कूल (APS) सिकन्द्राराऊ का कक्षा 6 का छात्र है। दिनाँक 19.10.2024 को घर से स्कूल जाने के लिए निकला था जो वापस नहीं आया है । काफी तलाश करने पर भी नहीं मिल रहा है । जिसके सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना सिकन्द्राराऊ पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किया गया था। घटना को गम्भीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक निपुण अग्रवाल द्वारा गुमशुदा किशोर को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द करने हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना सिकन्द्राराऊ को निर्देशित किया गया । जिसके क्रम में थाना सिकन्द्राराऊ पुलिस द्वारा टीमों द्वारा बच्चे की तलाश हेतु उसके फोटो को लेकर आसपास के ग्राम, मोहल्लों में ले जाकर लोगों से उनके बारे में पूछताछ की गई तथा बस स्टैंड, ढाबों व बाजार आदि में भी बच्चे की तलाश हेतु अथक प्रयास किये गये ।तत्पश्चात इसी क्रम में उक्त बच्चे की फोटो विभिन्न व्हाटसएप्प ग्रुप आदि में प्रसारित कर सोशल मीडिया की मदद से उक्त बच्चे को खोजने का प्रयास किया गया । तथा डीसीआर, कंट्रोल रूम के माध्यम से आस-पास के जनपदों को ऋ्ह सेट के माध्यम से भी अवगत कराया गया । जिसके क्रम में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सिकंद्राराऊ के कुशल पर्यवेक्षण में थाना सिकन्द्राराऊ टीम के अथक प्रयासों के फलस्वरूप टेक्निकल एड की मदद से लापता किशोर को थाना टूंडला जनपद फिरोजाबाद से सकुशल बरामद कर लिया गया है । इसके उपरान्त किशोर को सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। लापता किशोर के सकुशल मिलने पर परिवारीजनों द्वारा "हाथरस पुलिस के कार्य की भूरि-भूरि प्रशसा करते हुए धन्यवाद" प्रकट किया है।

### महापद्मनंद कम्युनिटी के सूरजपाल नेताजी बने प्रदेश अध्यक्ष : हर्ष

हाथरस ।महापद्मनंद कम्युनिटी एजुकेटेड एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर विनय चंचल के आदेशानुसार राष्ट्रीय अपर महासचिव राजनन्द द्वारा नेताजी सूरजपाल सिंह को महापदमनंद कम्युनिटी एजुकेटेड एसोसिएशन उत्तर प्रदेश राज्य का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किये जाने जनपद के सविता समाज में खुशी की लहर दौड़ गई हैद्यउक्त संबंध में जानकारी देते हुए समाजसेवी सन्तोष कुमार वैद्य ने बताया है कि महापदमनन्द कम्युनिटी एजूकेटेड एसोसिएशन उत्तर प्रदेश का नेताजी सूरजपाल सिंह को प्रदेश अध्यक्ष बनने पर आज अपरान्ह 3 बजे मेरे निज निवास शिव कॉलोनी पर सविता समाज द्वारा नव मनोनीत प्रदेश अध्यक्ष नेताजी सूरजपाल सिंह का भव्य स्वागत किया जायेगा। उन्होंने सविता समाज के सभी स्वजातीय बंधुओं से अपील की है कि 21 अक्टूबर को शिव कॉलोनी पर स्वागत कार्यक्रम में पहुचेंद्य

### रंगारंग कार्यक्रम का सभासद अभिषेक राज नें किया किया शुभारम्भ, बच्चों नें दी मनमोहक प्रस्तुतियाँ

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**हाथरस।** महर्षि वाल्मीकि की जयंती के उपलक्ष्य मे समाज के लोगों द्वारा कराये जा रहे कार्यक्रम के तहत नगला बेलनशाह स्थित महर्षि वाल्मीकि मंदिर परिसर पर आयोजित कार्यक्रम का सभासद अभिषेक राज व शोभायात्रा अध्यक्ष शुभम खरे ने भगवान वाल्मीकि की प्रतिमा पर माल्यार्पण व आरती करके शुभारम्भ किया था, बाद में हलवे का भोग लगाकर प्रसादी भी वितरित की । अभिषेक राज नें महर्षि वाल्मीकि के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को शिक्षित बनने के लिए प्रेरित किया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधान ब्रज लाल व शंकर लाल नें की थी और संचालन सुनील बेनवाल ने किया था। कार्यक्रम संयोजक ह्रदेश चौटाला के नेतृत्व मे बच्चों ने भक्ति गीतों पर मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी थी। विजयी बच्चो को ह्रदेश चौटाला नें सम्मानित किया। इस मौक़े पर सोहन लाल, उपाध्यक्ष अंकित, कोषाध्यक्ष विशाल चौहान, महामंत्री अनिकेत, नरेश बेनवाल, विशाल चौहान, सेमसन, सुभाष, विकास मास्टर, बॉबी चौहान, दिलीप कुमार, अर्जुन वाल्मीकि, सुरजीत सिंह आदि मौजूद थे।

# अज्ञात वाहन ने युवक को रौंदा
# मेडिकल ले जाते समय रास्ते में मौत

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**अलीगढ़।** संदीप शर्मा। अकराबाद थाना क्षेत्र में रविवार को एक बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। वाहन की टक्कर से युवक बाइक समेत गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने युवक को उठाया और पुलिस को मामले की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से हालत गंभीर होने के कारण उसे जेएन मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। जिसकी रास्ते में ही युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर परिवार के लोगों को सूचना दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हाथरस के थाना सिकंदराराऊ के गांव खेड़ा कचौरा निवासी ललित कुमार (24) पुत्र ओमप्रकाश मेडिकल स्टोर चलाता था। वह शनिवार को किसी काम से अलीगढ़ आया था और फिर रविवार तड़के सुबह अपने घर लौट रहा था। जीटी रोड में टुआमई मोड़ के पास उसे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। आसपास से गुजरने वाले लोगों ने जब युवक को घायल अवस्था में देखा तो पुलिस को फोन किया। वहीं हादसे की जानकारी मिलने के बाद उसके परिवार के लोग मौके पर आ गये। परिवार के लोगों ने बताया कि पढ़ाई के बाद युवक काम करने लगा था और उसकी अभी शादी भी नहीं हुई थी। हादसे के बाद युवक के परिवार के लोगों ने अकराबाद थाने में अज्ञात वाहन के खिलाफ तहरीर दी है। जिसके बाद पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

## शराब पीकर घूम रहे ग्यारह लोग गिरफ्तार

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**हाथरस ।** संदीप शर्मा। हाथरस जंक्शन कोतवाली पुलिस ने बीच बाजार में शराब पीकर घूम रहे ग्यारह लोगों को हिरासत में लिया है। इनकी विरुद्ध पुलिस ने कार्रवाई की है। दीपावली के पर्व को लेकर पुलिस विशेष चेकिंग अभियान चला रही है। इसी क्रम में हाथरस जंक्शन कोतवाली पुलिस ने ग्यारह लोगों को गिरफ्तार किया। यह सभी शराब पीकर बाजार में घूम रहे थे।

पकड़े गए लोगों में रंजीत पुत्र अमर सिंह निवासी नईवस्ती रामपुर थाना हाथरस जंक्शन, कमलकिशोर पुत्र महावीर सिंह निवासी नगला खरग थाना हाथरस जंक्शन, विशाल पुत्र शेर सिंह निवासी कस्बा थाना हाथरस जंक्शन, राजू पुत्र वीरशाह निवासी भडपुरा थाना सोरो जिला कासगंज, मोमू पुत्र रामप्रकाश निवासी पवलोई थाना हाथरस जंक्शन, सचिन पुत्र रुपकिशोर निवासी पवलोई थाना हाथरस जंक्शन, राजकपूर पुत्र सत्यदेव निवासी नगला केशो थाना हाथरस जंक्शन, सागर पुत्र नन्दगोपाल निवासी श्रीनगर देवीनगर थाना हाथरस जंक्शन, मनवीर पुत्र तेजपाल निवासी देवीनगर थाना हाथरस जंक्शन, अभिनाष पुत्र रामवावू निवासी नगला कैशो थाना हाथरस जंक्शन, दीपक पुत्र पूरन सिंह निवासी रामपुर थाना हाथरस जंक्शन शामिल हैं।

## नगर निगम ने रामनगर के मरघट में हाई मस्क लगवाया

पब्लिक एशिया ब्यूरो


**अलीगढ़।** संदीप शर्मा। रामनगर ने नगर निगम द्वारा वार्ड नंबर 48 के मोहल्ला रामनगर के मरघट में हाई मस्क लगवाया। रनवीर सिंह पूर्व जिला महामंत्री भारतीय जनता पार्टी (अनुसूचित मोर्चा) एवं अध्यक्ष डॉ बी आर अंबेडकर समाज सुधार समिति ने बताया कि मरघट में पहले शव दाह संस्कार के समय काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था।

हाई मस्क लगने से समस्याओं से निजात मिलेगी हाई मास्क लगने पर रनवीर सिंह ने नगर आयुक्त विनोद कुमार अधिशासी अभियंता अजय राम एवं निगम के समस्त कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया ।हाई मस्क लगने के समय रनवीर सिंह के साथ साथ मुहल्ले के रमेश चंद्र, प्रताप सिंह ,अनिल कुमार ,बबलू, नंदकिशोर आदि मौजूद रहे।

रनवीर सिंह पूर्व जिला महामंत्री भाजपा (अनुसूचित मोर्चा) एवं अध्यक्ष डॉ बी आर अम्बेडकर समाज सुधार समिति रामनगर ने नगर निगम के माध्यम धनीराम की दुकान से महावीर के घर की ओर जाने वाले रास्ते पर निकलने पर होने वाली परेशानी को देखते हुए पुलिया का निर्माण कराया।

# रविंद्र पाल की आंखों से देख सकेंगे और दो लोग

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**अलीगढ़ ।** संदीप शर्मा। देहदान कर्त्तव्य संस्था ने सदस्य महेन्द्र नगर निवासी 73 वर्षीय रविन्द्र पाल सिंह का नेत्रदान पारिवारिक सदस्यों की पूर्ण सहमति से सौहार्दपूर्ण वातावरण में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। विदित रहे देहदान कर्तव्य संस्था के सहयोग से यह 84 वा नेत्रदान है।

देहदान कर्तव्य संस्था के सदस्य भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक के अनुसार सुबह सदस्य राजवीर शर्मा का फोन अध्यक्ष डॉ एस के गौड़ के पास आया कि संस्था सदस्य का नेत्रदान होना है। डॉ गौड़ ने जे एन मैडिकल कॉलेज नेत्र विभाग के मुहम्मद साबिर एस एल ए को सूचित किया। उन्होंने अविलम्ब टीम ले जा कर नेत्रदान को अंजाम दिया। इस अवसर पर नेत्र बैंक द्वारा प्रदत प्रशस्ति पत्र भेंट कर एकत्रित समूह को सम्बोधित करते हुए डॉ गौड़ ने कहा कि परिवार ने जो मानवीय कदम उठाया वह प्रशंसनीय, वंदनीय व उत्कृष्ट है। इससे दो लोगों को ईश्वरी दुनिया देखने को मिल सकती है ।उन्होंने कहा कि निश्चित ही उन्हें अगले जन्म में आँखें जरूर मिलेंगी। क्योंकि दुनियाँ से जाते जाते दो लोगो का भला किया। परिवार का संस्था की ओर से हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए साधुवाद कहा। डॉ गौड़ ने आगे कहा कि आप हमें सूचित कीजिए। शेष कार्य स्वयं देहदान कर्तव्य संस्था करेगी। बिना किसी पारिवारिक व्यवधान के। इस अवसर पर प्रोफेसर ए के अमिताव, प्रोफेसर जिया सिद्दीकी, डॉ मुहम्मद शाकिब, भुवनेश वार्ष्णेय , डॉ पारस गुप्ता, डॉ निदा मेहराज,डॉ डी के वर्मा (मीडिया प्रभारी),रजत सक्सेना एडवोकेट अनिल राज गुप्ता, अजय राणा, विवेक अग्रवाल, दिनेश प्रताप सिंह आदि सहयोगी बने।

# थूक लगाकर एवं मूत्र के हाथों से फल बेच रहे फल विक्रेता मुकदमा दर्ज

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**अलीगढ़।** संदीप शर्मा। अखिल भारतीय करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष ठा0 ज्ञानेंद्र सिंह चौहान को सूचना मिली कि बारहद्वारी पर एक फल विक्रेता फलों पर थूक एवं नाक की गंदगी लगाकर तथा मूत्र के गीले हाथों से फल बेच रहा है सूचना मिलने पर अखिल भारतीय करणी सेना के पदाधिकारियों ने फल विक्रेता को रंगे हाथों पकड़ कर पुलिस को दे दिया।

प्रदेश अध्यक्ष ठा0 ज्ञानेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि फल विक्रेता मोहम्मद दानिश जो कि धोबी वाली गली, ईदगाह, शाहजमल का निवासी है फलों पर थूक व नाक की गंदगी लगाकर एवं मूत्र के हाथों से ही लोगों को फल दे रहा था अखिल भारतीय करणी सेना के सदस्य भास्कर अग्रवाल ने उसको ऐसा करते देखकर अखिल भारतीय करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष ठा0 ज्ञानेंद्र सिंह चौहान व महानगर अध्यक्ष युवा शक्ति सचिन राघव को सूचना दी।

सूचना मिलने पर अखिल भारतीय करणी सेना के तमाम पदाधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर पुलिस को सूचना दी तथा आरोपी फल विक्रेता को पुलिस के हवाले कर बन्नादेवी थाने में मुकदमा कायम कराया।

इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष युवा शक्ति सचिन राघव, ज्ञानेश गुप्ता, विकास दीक्षित, भास्कर अग्रवाल, रजत अग्रवाल, मोहित वार्ष्णेय, शिवा राजपूत, राहुल, अंकित जाटव, शरद कुशवाहा, नितिन गुप्ता, संजीव सक्सेना आदि करणी सैनिक उपस्थित थे।

## पांच एसडीएम के कार्यक्षेत्र में बदलाव

### अभद्रता करने वाले चेयरमैन पर नहीं कोई कार्रवाई

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**कासगंज ।** संदीप शर्मा। डीएम मेधा रूपम ने जिले में तैनात 5 एसडीएम के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया है। इस फेरबदल के दौरान एसडीएम पटियाली कुलदीप सिंह को भी पटियाली से हटा दिया गया है। हाल ही में तीन दिन पूर्व नगर पंचायत भर्गेन और एसडीएम पटियाली कुलदीप सिंह का ईंट भट्टे की जांच को लेकर विवाद हुआ था।

इस विवाद में चेयरमैन ने एसडीएम कुलदीप सिंह के साथ अभद्रता करके उन पर थप्पड जड दिया था। और उन पर 10 लाख रुपए का रिश्वत लेने का आरोप भी लगाया था ।डीएम मेघा रूपम ने प्रदीप विमल को एसडीएम पटियाली बनाया। अंजली गंगवार को एसडीएम सहावर बनाया है। एसडीएम सहावर रहीं कोमल पंवार को एसडीएम सदर बनाया गया है।

वहीं पटियाली के ैक्ड कुलदीप सिंह को एसडीएम न्यायिक सदर बनाया गया है। कासगंज सदर के एसडीएम संजीव कुमार को एसडीएम न्यायिक पटियाली बनाया गया है।

## सामूहिक करवा चौथ पर्व भारतीय संस्कृति से पंचवटी सखियों ने मिलकर मनाया

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**आगरा।** आगरा माता सीता की नगरी पार्श्वनाथ पंचवटी कॉलोनी ताजनगरी सौहार्द भाईचारे की मिसाल कायम करते पंचवटी मातृशक्ति बहनों ने देशभर के साथ पारंपरिक पर्व करवा चौथ निर्जला व्रत रख पति की दीर्घायु के लिए पंडितानी इंदिरा शर्मा से कथा सुनी पूजा की थाली लेकर

सामूहिक पूजन किया अखंड सुहाग रहे सदा माथे पर बिंदिया चमकती रहे हाथों में सोणा सोणा चूड़ा पांव में पायल की छन-छन खनकती रहे सदा सर पर लाल चुनरी सजे, पर सखियों ने जम कर डांस भी किए ! सुहाग की दीर्घायु की लंबी उम्र की का मना की!

मुख्य रूप से शिलपा लूथर,चांदनी भोजवानी, मोनिका वाही,लता भक्तयानी, सिम्मी सलूजा, ईशमीत कौर,भाविका माधवानी, आस्था, ज्योतिशा, पूजा चड्डा, प्रिया अरोड़ा, वीनू अरोड़ा, भूमि लोकवानी, पीयू अरोड़ा, निधि कपूर, नवनीत कौर, स्वाती मेहंदीरता, मिनी छाबड़ा आदि मौजूद रहे।

## बीजेपी विधायक के भाइयों ने अस्पताल में स्टाफ के साथ की मारपीट

पब्लिक एशिया संवाददाता

**मथुरा।** भाजपा विधायक के भाइयों और भतीजे ने अस्पताल में घुसकर स्टाफ के साथ मारपीट की। इसका वीडियो भी सामने आया है। रविवार सुबह अस्पताल में भर्ती अपनी मां को देखने गए थे। अस्पताल के स्टाफ ने आईसीयू में जाने से रोक दिया तो अंदर घुसकर मारपीट करने लगे। इससे मरीज घबरा गए।

घटना महोली रोड स्थित डीएस हॉस्पिटल की है। मांट विधानसभा क्षेत्र से विधायक राजेश चौधरी के भाई और भतीजे के खिलाफ डॉक्टर ललित वार्ष्णेय ने थाना हाईवे में तहरीर दी है। विधायक के प्रतिनिधि जसवंत ने भी थाने में अस्पताल स्टाफ के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है।



डीएस हॉस्पिटल के मालिक ललित ने बताया- भाजपा विधायक राजेश चौधरी की मां प्रेमवती की तबीयत खराब है।

उन्हें हॉस्पिटल के आईसीयू वार्ड में रखा गया है। रविवार की सुबह विधायक राजेश चौधरी के भाई जितेंद्र सिंह, संजय चौधरी, भतीजा देव चौधरी, प्रतिनिधि जसवंत अस्पताल पहुंचे। स्टाफ ने उनको आईसीयू में जाने से रोक दिया।

**जबरन आईसीयू में घुसेः** आईसीयू में जाने से रोकने पर विधायक के भाई,भतीजा और प्रतिनिधि आक्रोशित हो गए। जबरन आईसीयू में घुसकर अस्पताल के स्टाफ प्रताप और सत्यपाल के साथ मारपीट करने लगे। वहां मौजूद कर्मचारी संजय का मोबाइल फोन तोड़ दिया। मारपीट से वहां भर्ती अन्य मरीज भी डरे सहमे नजर आए।

**मारपीट का सीसीटीवी वीडियो आया सामनेः** मारपीट की इस घटना का एक सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया। जिसमें कुछ लोग आईसीयू वार्ड में घुसते हैं और स्टाफ के साथ मारपीट शुरू कर देते हैं। इतना ही नहीं यह लोग स्टाफ को खींचकर बाहर ले जाते हैं और वहां भी मारपीट करते हैं। अस्पताल के अन्य कर्मी बचाने का प्रयास करते हैं लेकिन वह नहीं मानते हैं।

## मथुरा में ताजमहल में जल चढ़ाने वाले पर जानलेवा हमला

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**मथुरा ।** ताजमहल पर जल चढ़ाने वाले श्याम बाबू पर हमलावरों ने जानलेवा हमला कर दिया। अधमरी अवस्था में उसे थाना हाईवे के अंतर्गत देवीपुरा के पास झाड़ियों में फेंक दिया। पुलिस ने घायल को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पिता ने श्याम बाबू के दोस्त पर आरोप लगाकर तहरीर दी है। महेंद्र नगर निवासी श्याम बाबू के पिता के अनुसार शनिवार रात उसे उसके एक दोस्त ने फोन कर बुलाया था। अनुराधा साड़ी फैक्ट्री के पास 10-12 लोगों ने उस पर हमला कर दिया।



**परिजनों को झाड़ियों में खून से लथपथ मिले श्याम बाबूः** मारपीट की जानकारी पर परिजन मौके पर पहुंच गए। उन्होंने बताया कि जब वह मौके पर पहुंचे तो श्याम बाबू झाड़ियों में सड़क किनारे खून से लथपथ अवस्था में पड़े मिले। परिजनों ने पुलिस को इसकी जानकारी दी।

मौके पर पहुंचकर पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। श्याम के पिता ने थाना हाईवे में नामजद तहरीर दी है। जिसमें श्याम के दोस्त पर फोन करके बुलाने का आरोप लगाया है। घटना की जांच में जुटी पुलिस ने आसपास के लोगों से बात की। एसपी सिटी अरविंद कुमार कहना है कि साड़ी फैक्ट्री में आपस में मारपीट हो गई थी।

**पुलिस बोली-चार को किया गिरफ्तारः** उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। श्याम के पिता की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर दिया गया है। चार लोगों को इसमें गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ की जा रही है। हिंदूवादी नेता छाया गौतम ने कहा कि ताजमहल में जल चढ़ाने वाले श्याम के साथ मारपीट हुई है।

जिसमें वह घायल हुआ है और वह गंभीर है। उन्होंने कहा कि श्याम पर हमला करने वाले व्यक्तियों की अभी पहचान नहीं हुई है। पुलिस से वह इस संबंध में सख्त कार्रवाई चाहती हैं।

## हाथरस के नवोदय विद्यालय में पहुंची यात्रा

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**हाथरस।** संदीप शर्मा। सिकंद्राराऊ के अगसौली स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में आज एक यात्रा पहुंची। उत्तर प्रदेश के 32 नवोदय विद्यालयों से होने के बाद साढ़े चार हजार किलोमीटर की यात्रा तय कर हाथरस के जवाहर नवोदय विद्यालय पहुंची। इस यात्रा का नेतृत्व हरीश कुमार, ठा. सौरभ सिंह एडवोकेट और पुखराज भाटी कर रहे हैं। यात्रा के अगसौली नवोदय विद्यालय पहुंचने पर पूर्व छात्र प्रवीन सिंह गहलोत व विनोद नेहरू ने फूलमाला पहना कर स्वागत किया।




यात्रा का उद्देश्य नवोदय विद्यालयों के जरूरतमंद पूर्व विद्यार्थियों की हर क्षेत्र में मदद करना, वर्तमान छात्र व छात्राओं को करियर काउंसलिंग देना और 17 नवंबर को गौतम बुद्धनगर विश्वविद्यालय में होने वाले नवोत्सव के लिए शिक्षकों और पूर्व छात्रों को आमंत्रित करना है।

नवोदय विद्यालय अगसौली हाथरस के प्राचार्य भगवान सिंह व अध्यापिका वीना जैन, अध्यापिका प्राची तोमर, अध्यापक रामदत्त, अध्यापिका पुष्पा सिंह, स्टॉफ यशपाल सिंह, रामेश्वर, ममता उपाध्यायव अध्यापिका कल्पन ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को अगले गंतव्य नवोदय विद्यालय अलीगढ के लिए रवाना किया।

## इनर व्हील क्लब ऑफ ग्लोरी प्लस की तरफ आगामी करवाचौथ व्रत के लिए मेहंदी कार्यक्रम का आयोजन किया

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**बरेली।** बरेली में इनर व्हील क्लब ऑफ ग्लोरी प्लस की तरफ से सी इज फिट एंड ग्लोइंग की थीम पर आगामी करवाचौथ पर्व के लिए मेहंदी कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि फनसिटी डायरेक्टर अमिता अग्रवाल, बरेली लेडीज क्लब डायरेक्टर नजमा खान और इनर व्हील क्लब ऑफ ग्लोरी प्लस की चार्टर प्रेसिडेंट डॉक्टर मधु गुप्ता रही। इस अवसर पर सहयोगी क्लब इनर व्हील ग्लोरी स्पार्क क्लब, इनर व्हील दिव्य शक्ति क्लब, बरेली इनर व्हील मर्करी क्लब, इनर व्हील क्लब साउथ ग्लोरी क्लब, इनर व्हील बेस्ट ग्लोरी क्लब द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस मौके पर पर इनर व्हील क्लब ऑफ ग्लोरी प्लस की चार्टर प्रेसिडेंट डॉ मधु गुप्ता द्वारा बताया गया कि करवाचौथ सुहागिन महिलाओं के लिए अपने पति की दीर्घायु के लिए बहुत ही पवित्र त्यौहार होता है, ऐसी मान्यता है कि इस दिन सुहागिन महिलाएं पूरे दिन उपवास रखकर शाम को चांद देखकर ही व्रत खोलती है इस अवसर पर सुहागिन महिलाओं को मेहंदी भी लगाई गई एवं महिलाओं को व्रत की महत्ता के विषय में भी बताया गया। इस अवसर पर रजनी अग्रवाल एवं नीलू मिश्रा डिस्ट्रिक्ट ट्रेसर का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर महिलाओं को मेहंदी लगाना भी सिखाया गया ताकि वह आत्मनिर्भर बन सके और इस मेहंदी लगाने से अपने परिवार की आर्थिक सहायता कर सके।

डॉ मधु गुप्ता ने बताया कि इनर व्हील क्लब ऑफ ग्लोरी प्लस की तरफ से एक अनमोल मुहिम उन लोगों के लिए चलाई जा रही है, जिससे मध्यम वर्ग की लड़कियों द्वारा मेहंदी लगवाकर उनकी आर्थिक मदद की गई है। ताकि ये अपना पालन पोषण अच्छे से कर सके और इस पावन त्यौहार को हंसी खुशी मना सके। इस अवसर पर मयूर चेरिटेबल ट्रस्ट के विमल अग्रवाल रेणु अग्रवाल, अफ्ज़ा, चार्टर सेक्रेटरी डॉक्टर ममता, वैशाली, कमलेश वैश्य, विशाल, हिना सक्सेना, सुनीता पांडे, स्मिता भदौरिया, रचना सक्सेना, अनुराधा सिंघल, अंजू, ज्योति, मीना, ललिता, रीना, ममता, डॉक्टर कविता, आदि का भी विशेष सहयोग रहा।

## उपचुनाव को लेकर नगीना के सपाइयों ने भी कसी कमर

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**नगीना।** उत्तर प्रदेश में होने वाले विधानसभा उपचुनाव में समाजवादी पार्टी को सभी सीटों पर विजयी बनाने के लिए नगीना के सपा कार्यकर्ताओं ने भी कमर कस ली है।

उपचुनाव को लेकर शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के बिजनौर जिला उपाध्यक्ष तलत मसूद मंसूरी के आवास पर एक मीटिंग की गई जिसमें नगर के कई सपा कार्यकर्ता उपस्थित हुए जिसमें आने वाले उपचुनाव में पार्टी के सभी प्रत्याशियों को जीत दिलाने के लिए विचार विमर्श किया गया। सभा को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष तलत मसूद मंसूरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में हो रहे

उपचुनाव में हम सभी सीटों पर अपने प्रत्याशियों को विजयी बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे और मुझे उम्मीद ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन सभी सीटें जीतकर आने वाले विधानसभा आम चुनाव 2027 के लिए एक संकेत देगी

जिसमें उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव जी समाजवादी पार्टी की सरकार बनाएंगे और उत्तर प्रदेश के दोबारा मुख्यमंत्री बनेंगे। इस मौके पर काशिफ कुरैशी, शादाब एडवोकेट, सलमान कुरैशी, आदिल अंसारी, शोएब राणा, अफाक अंसारी, सैयद कैफी आदि सपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## महाविद्यालय भारोत्तोलन प्रतियोगिता का आयोजन

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**हल्दौर।** एम जे पी रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय द्वारा पुरुष अंतरीय महाविद्यालय भारोत्तोलन प्रतियोगिता का आयोजन हल्दौर डिग्री कॉलेज में किया गया द्य प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि संजीव मिश्रा, अतुल शर्मा गाँधी, कॉलेज प्राचार्य योगेंद्र ने सिंह व प्रभात कुमार ने सयुंक्त रूप से फीता काट कर किया द्य प्रतियोगिता मे करीब 25 से अधिक महाविद्यालय के प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया भाग किया । शुक्रवार को हल्दौर डिग्री कॉलेज के प्रांगण मे आयोजित भारोत्तोलन प्रतियोगिता कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती नीलम सिंह व संचालन प्राचार्य योगेंद्र सिंह द्वारा किया गया द्य वेट लिफ्टिंग 55 केजी. मे पीलीभीत उपाधि कॉलेज के वीरपाल प्रथम हिंदू कॉलेज मुरादाबाद से प्रद्युमन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया द्य 61 केजी. अमित कुमार हल्दौर डिग्री कॉलेज व मानिक चंद्रा बरेली कॉलेज बरेली ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया द्य 67 के जी. मे अतुल माहेश्वरी प्रथम राष्ट्रीय डिग्री कॉलेज साहज़वान व द्वितीय स्थान निखिल चौधरी लक्ष्य कॉलेज स्योहारा ने प्राप्त किया द्य 73केजी. विकास कुमार ने प्रथम व द्वितीय स्थान अक्षय ने प्राप्त किया द्य 81 के जी. मे अंशु द्वितीय अरविंद व तृतीय स्थान पर संदीप रहे द्य इसके अलावा 89 केजी. मे सुशांत निर्वाल और अंकित कश्यप द्वितीय स्थान पर रहे द्य 96 केजी. मे मानिक चौधरी प्रथम स्थान पर रहे 109 केजी. वेट मे आदित्य चौधरी विवेक कॉलेज बिजनौर ने प्रथम व प्रयाकुल कुमार कुंदन कॉलेज अमरोहा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया द्य कार्यक्रम आयोजक पंकज कुमार व हरिशंकर द्वारा ने खिलाड़ियों का उचित मार्गदर्शन करते हुए नियमानुसार सभी प्रतियोगिताएं संपन्न कराने में अहम भूमिका निभाई द्य कॉलेज निदेशक अनुज कुमार चौहान ने विजयी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल खेलने से हमारे शरीर की मांसपेशियाँ मजबूत होती हैं, हड्डियाँ मजबूत होती हैं और हमारा ऊर्जा स्तर बढ़ता है।

खेल हमारे मानसिक विकास के लिए भी महत्वपूर्ण है द्य उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि क्षेत्र के हर वर्ग के छात्र-छात्राओं को न्यूनतम दर पर उच्च शिक्षा प्रदान की जा सके, यही हमारे परम पूज्य पिता दिलावर सिंह को सच्ची श्रद्धांजलि होगी द्य को कार्यक्रम को सफल बनाने मे सूर्य प्रताप सिंह, सरजीत राणा , लक्ष्य कुमार, आदि का विशेष सहयोग रहा ।

## हल्दौर में गरीब शाह बाबा का 14 वां उर्स मुबारक

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**हल्दौर।** नगर स्थित पानीपत खटीमा मार्ग थाने के निकट हज़रत ख़्वाजा सैय्यदना शेख़ ग्यासुद्दीन सुल्तान शाह उर्फ गरीब शाह बाबा का 14 वां उर्स मुबारक आगामी 24 अक्टूबर 2024 को होना मुकर्रर है। जहां बाबा के मजार पर चादर पोशी एवं नियाज़ का कार्यक्रम आयोजित रहेगा सैकड़ों की संख्या में जायरीन अपनी मुरादें मांगने आते हैं जिनकी मन्नतें पूरी होती हैं

वह बाबा के मजार पर चादर एवं सिन्नी चढ़ाकर खुशहाली की दुआएं मांगते हैं। इस अवसर पर बाबा चाहने वाले लंगर लुटाकर शबाब ए दारैन हासिल कर बाबा की खिदमत करते हैं।

## अब दिव्यांग बच्चे भी विशेष टीएलएम से कर सकेंगे पढ़ाई

### नोडल टीचर के लिए जारी की गई 1000 रुपए की धनराशि

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**बरेली।** बरेली में समेकित शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों को उनकी आवश्यकता और रुचि के अनुसार सरल, स्पष्ट, सुगम और पाठ्यक्रम आधारित पढ़ाई कराई जाएगी। इसके लिए स्पर्शीय नक्शा, कार्ड ब्रेल के साथ, वर्णमाला, ड्राई इरेज बोर्ड, मैग्नेटिक बोर्ड सहित अन्य शिक्षण सामग्री विद्यालय में उपलब्ध कराई जाएगी। परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों की पढ़ाई के लिए शासन की ओर से तमाम प्रयास किए जा रहे हैं। अब समेकित शिक्षा के तहत ऐसे बच्चों को विशेष सामग्री के तहत शिक्षण कार्य कराया जाएगा। बच्चों की रुचि के अनुसार सरल, स्पष्ट, सुगम और पाठ्यक्रम आधारित टीएलएम की खरीद और निर्माण किया जाएगा। नोडल टीचर्स द्वारा आकर्षक, मल्टीसेंसरी व स्वनिर्मित टीएलएम तैयार किया जाएगा। इस सामग्री का विवरण विद्यालय के स्टाक पंजिका में दर्ज किया जाएगा। नोडल शिक्षक इस टीएलएम सामग्री का प्रयोग दिव्यांग बच्चों में उपयुक्त संप्रेषण के तरीके को बढ़ाने और विषय वस्तु को सिखाने में करेंगे।

इस टीएलएम सामग्री में स्पर्शीय नक्शा, स्पर्शीय नंबर कार्ड (ब्रेल के साथ), स्पर्शीय वर्णमाला कार्ड, ड्राई इरेज बोर्ड, मैग्नेटिक बोर्ड, फ्लैशबोर्ड-हिंदी वर्णमाला, शब्द कार्ड, गिनती कार्ड, शब्द-वाक्य चित्र, स्केच पेन, वैक्स रंग, विभिन्न प्रकार के चार्ट, मॉडल शामिल रहेंगे। साथ ही फल-सब्जी, परिवहन के साधन, पशु-पक्षी मॉडल, घर, स्कूल, मंदिर, मस्जिद, चर्च, मैचिंग गेम के अलावा विभिन्न प्रकार के पजल्स शामिल रहेंगे। इसके लिए विभाग द्वारा परिषदीय स्कूलों में विशेष टीएलएम से दिव्यांग बच्चों को शिक्षा देने के लिए हर एक नोडल टीचर को 1000 रुपए की धनराशि मुहैया कराई जा रही है।

## सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक, इंस्टाग्राम और एक्स पर अपनी चमक बिखेरेंगे पीएमश्री विद्यालय


पब्लिक एशिया ब्यूरो



**बरेली।** बरेली में प्रधानमंत्री स्कूल्स फॉर राइजिंग इंडिया (पीएमश्री) योजना के तहत प्रदेश में शिक्षा के प्रति जागरूकता और सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से एक विशेष अभियान की शुरुआत की गई है। इसके तहत सभी पीएमश्री विद्यालयों के शिक्षक, स्कूल प्रबंध समिति (एसएमसी) के सदस्य, ग्राम प्रधानों और स्थानीय लोगों के साथ बैठकें कर अभिभावकों को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करेंगे। साथ ही उनके बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित भी कराएंगे। इनमें अभिभावकों को उनके बच्चों की पढ़ाई में आने वाली समस्याओं और उनके समाधान पर चर्चा की जायेगी। बैठकों में स्कूल छोड़ने वाले बच्चों के अभिभावक से संपर्क कर स्कूल वापस लाने की रणनीति भी बनाई जायेगी। इसी के साथ पीएमश्री विद्यालय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम और एक्स पर भी अपनी चमक बिखेरेंगे। जिले में समग्र शिक्षा अभियान के जिला समन्वयक (निर्माण) को निर्देशित किया गया है कि हर जिले से न्यूनतम एक सफलता की कहानी को (प्रधानाध्यापक, सहायक अध्यापक, विद्यार्थी, समुदाय द्वारा पीएमश्री विद्यालयों में सराहनीय योगदान) भी सोशल मीडिया पर साझा किया जाए। 30 सितंबर और एक अक्तूबर को हुई समीक्षा बैठक में पीएमश्री योजना के तहत जिलों में निर्माण कार्यों के लिए आवंटित धनराशि के सापेक्ष उपभोग की स्थिति की रिपोर्ट भी मांग गई है। पीएमश्री विद्यालयों को हरित ऊर्जा से समृद्ध किया जाएगा। रेन वाटर हार्वेस्टिंग, सौर ऊर्जा, ठोस एवं द्रव्य अपशिष्ट, जैविक खेती, प्लास्टिक मुक्त आदि अवधारणाएं होंगी। इनमें बच्चों को उनकी दक्षताओं के अनुरूप चाइल्ड पैडागॉजी आधारित पाठ्यक्रम से शिक्षण होगा। अपने क्षेत्र के अन्य विद्यालयों के लिए इन्हें आदर्श विद्यालय के रूप में विकसित किया जा रहा है। कम्प्यूटर, साइंस व गणित लैब और लाइब्रेरी के साथ ही कौशल विकास, खेल, जिज्ञासा और चर्चा आधारित शिक्षा, लर्निंग आउटकम पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। पीएमश्री में चयन से पहले ही विद्यालय में कायाकल्प के 19 पैरा मीटर्स को पूरा कर लिया गया था। शिक्षकों की समर्पित कार्यशैली और आकर्षक शैक्षणिक वातावरण के लिए यह विद्यालय जाना जाता है इसी कारण इस विद्यालय का चयन पीएम श्री स्कूल के रूप में चयन हुआ है। आज विद्यालय की छात्र उपस्तिथि 75त्न से अधिक रहती है और प्रत्येक कक्षा अध्यापक अपने व्यक्तिगत प्रयास से छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए स्वयं से अग्रसर रहते हैं। तथा घर पर जाकर अभिभावक से संपर्क करते हैं। अब पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय मानपुर चिकिटिया सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक, इंस्टाग्राम और एक्स पर भी अपनी चमक बिखेरने के लिए तैयार है। ओमेंद्र पाल सिंह प्रधानाध्यापक कंपोजिट विद्यालय मानपुर चिकिटिया, क्यारा बरेली।

## बिजली के तारों के सड़क पर गिर जाने की वजह से क्षेत्रवासियों का सड़क पर निकलना हुआ मुश्किल

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**बरेली।** बरेली में सुभाष नगर क्षेत्र की श्याम कालोनी में बिजली के तारों के सड़क पर गिर जाने की वजह से क्षेत्रवासियों का सड़क पर निकलना मुश्किल हो गया है। जानकारी के अनुसार सुभाष नगर क्षेत्र की श्याम कॉलोनी में बिजली विभाग द्वार बल्ली के सहारे बिजली के तारो को व्यवस्थित किया गया है, जो अब सड़क पर गिर चुके हैं। इन तारों को सड़क पर गिरे हुए आज लगभग तीन दिन हो चुके हैं लेकिन अभी तक बिजली विभाग के कर्मचारी इन्हें दुरुस्त करने के लिए इलाके में नहीं पहुंचे हैं, क्षेत्र वासियों का कहना है कि उन्होंने 1912 से लेकर तमाम जगहों पर इसकी शिकायत भी दर्ज कराई है, बावजूद इसके अभी तक उन्हें इन बिजली के तारों के मक्कड जाल से कोई भी राहत नहीं मिल सकी है। सुभाष नगर बिजली घर पर दिए गए प्रार्थना पत्र में क्षेत्रवासियों ने जूनियर इंजीनियर को संबोधित ज्ञापन में कहा है कि सड़कों पर फैले इन बिजली के तारों के मक्कड जाल के कारण क्या बच्चे, क्या बड़े, क्या जानवर और क्या इंसान, सभी का सड़कों से निकलना मुश्किल हो गया है। क्षेत्रीय परिषद से भी कॉलोनी वासियों ने अपनी समस्या के समाधान के लिए एक ज्ञापन दिया है, लेकिन उस पर भी अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हो पाई है। ऐसी दशा में आप खुद समझ सकते हैं कि बिजली विभाग के दावे कितने सही साबित हो रहे हैं, बिजली विभाग के अधिकारी जिले में हर जगह बिजली के तारों और बिजली की व्यवस्था को सुचारु करने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य करने का दावा करते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर सारे दावे हवा हवाई ही नजर आ रहे हैं। इस कॉलोनी के लोगों का कहना है कि हमारे द्वारा समय पर बिजली का भुगतान बिल के रूप में किया जाता है, लेकिन जब कॉलोनी में बिजली संकट को लेकर कोई समस्या उत्पन्न होती है, तो बिजली विभाग इस तरफ झांकता भी नहीं है।

बल्ली के सहारे बिजली के तारों का कोई परमानेंट इलाज नहीं किया गया है, जिससे कॉलोनी वालों को राहत मिल सके। आये दिन बल्ली टूट कर गिर जाती हैं। और लोगों को समस्या का सामना करना पड़ता है।

**1912 टोल फ्री नम्बर भी नही आ रहा किसी काम**

सुभाष नगर के क्षेत्र से 1912 पर लगभग 50 से अधिक लोगों ने कॉल की है और इन बिजली के तारों की वजह से पैदा संकट की समस्या से निजात दिलाने की गुहार भी लगाई है, लेकिन इस टोल फ्री नंबर का सिस्टम भी लग रहा है दीपावली की तैयारी में लगा हुआ है अगर ऐसा नहीं है तो कहा जाता है कि 1912 टोल फ्री नंबर पर शिकायत करने के 24 घंटे के अंदर उपभोक्ता को राहत मिल जाया करती है, लेकिन यहां तो बिजली विभाग और बिजली विभाग का टोल फ्री नंबर दोनों ही उपभोक्ताओं की अनदेखी करने में लगे हुए हैं।

अब देखना होगा कि आखिर कब जाकर इस कॉलोनी के लोगों को इन बिजली के तारों के मक्कड जाल से राहत मिल सकेगी।

## पीलीभीत बाईपास पर प्लाट के कब्जे को लेकर हुए। गोलीकांड में 18 पकड़े ही नहीं गए। और 13 आरोपी जमानत पर रिहा हो गए

पब्लिक एशिया ब्यूरो




**बरेली।** बरेली में थाना इज्जतनगर क्षेत्र में पीलीभीत बाईपास पर प्लाट के कब्जे को लेकर हुये गोलीकांड में मुख्य आरोपी समेत 14 आरोपी जमानत पर सलाखों से बाहर आ गये हैं ।पुलिस आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई करने में चूक गई ।इज्जतनगर पुलिस की बहुत बड़ी खामियां नजर आ रही है।

**तेजतर्रार इंस्पेक्टर राधेश्याम के तबादले के बाद ढ़ीली पड़ी कार्रवाई।**

गोलीकांड के बाद इज्जत नगर थाने के तत्कालीन इंस्पेक्टर जयशंकर को निलंबित किया गया था। एसएसपी शुशील चन्द्रभान घुले ने सीबीगंज इंस्पेक्टर रहे राधेश्याम को इज्जतनगर थाने की जिम्मेदारी दी। जिम्मेदारी लेने के बाद इंस्पेक्टर राधेश्याम ने ताबड़तोड़ मुठभेड़ व बुलडोजर कार्रवाई की गई। इंस्पेक्टर राधेश्याम के तबादले के बाद कार्रवाई ठंडी पड़ गई ।एसएसपी ने आरोपियों पर गैंगस्टर लगाने व रासुका लगाने के निर्देश दिए थे ।पर थाना इज्जतनगर पुलिस ने ऐसी सुस्ती दिखाई कि न तो नए आरोपी पकड़े गए ।और न कोर्ट में प्रभावी पैरवी कर पुलिस आरोपियों की जमानत अर्जी ही खारिज करा सकी ?

**कोर्ट से इन आरोपियों को मिली जमानत**

पुलिस सूत्रों के मुताबिक फायरिंग कांड के मुख्य आरोपी राजीव राना, हरिओम सिंह, राधेश्याम, आशीष, राजन राना, संजय, गौरीशंकर, अर्जुन कश्यप, अनिल उर्फ सनी, संजीव, मनोज कटियार, संदेश और दूसरे पक्ष से आदित्य उपाध्याय को जमानत मिल गई। आदित्य उपाध्याय ने जमानत मिलने के बाद गाड़ियों का काफिला निकाला। सोशल मीडिया पर उसके फोटो वायरल हो रहे हैं। वहीं राजीव राणा ने जेल से छूटने के बाद परिवार के साथ हवन किया।

**22 जून को पीलीभीत बाईपास पर हुई थी फायरिंग**

इस गोलीकांड में दोनों गुटों द्वारा सरेआम गोलियां चलाई गई थीं। इसमें कई स्थानीय अपराधी शामिल थे। पुलिस ने केपी यादव, धनुष उर्फ गुर्गा, गोला घोसी, रोहित ठाकुर, ललित सक्सेना और सुभाष लोधी समेत 25 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इस मामले में इज्जतनगर थाने में दो मुकदमे दर्ज किये गये थे। पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली भी मारी थी ।पिछले माह पुलिस ने गोलीकांड के 35 आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी।

**जेल से रिहा होते ही सोशल मीडिया पर टशन वाले फोटो वीडियो वायरल**

जेल से छूटने के बाद एक गुट के समर्थकों ने सोशल मीडिया पर अपनी उपस्थिति दर्ज करानी शुरू कर दी है। एक मुख्य आरोपी के समर्थक ने फेसबुक पर फोटो पोस्ट करते हुए लिखा, किंग इज बैक।

इसके अलावा, मुख्य आरोपी ने एक रील बनाकर उसमें बादशाह फिल्म का गाना लगाया है। दूसरे पक्ष ने भी फेसबुक पर धार्मिक पोस्ट डालकर विरोधियों पर निशाना साधा है। हालांकि आरोपियों के छूटने के बाद पुलिस ने दोबारा से इनकी घेराबंदी शुरू कर दी है। उन पर गैंगस्टर लगाने की तैयारी चल रही है।

## समाजसेवी युवा नेता वसीम अंसारी ने सपोर्ट करने वालों के घर-घर जाकर शुक्रियाअदा किया

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**नगीना।** कस्बा कोटरा निवासी समाजसेवी वसीम अंसारी को निर्विरोध डेलीगेट चुने गए थे बाद में भाजपा नेता दिग्विजय सिंह उर्फ डिग्गी चौधरी ने समाज सेवी युवा नेता वसीम अंसारी को अपना पूर्ण समर्थन व आशीर्वाद देते हुए सहकारी गन्ना विकास समिति नगीना के संचालक पद पर अपना पूर्ण समर्थन देते हुए चुनाव मैदान में उतारा था वसीम अंसारी प्रथम बार इतना बड़ा चुनाव द्य लड़े डेलीगेटों के समर्थन से मजबूती के साथ चुनाव लड़ा लेकिन चुनाव जीत के करीब आकर कुछ वोटो से हार गए लेकिन वसीम अंसारी के हौसले बुलंद रहे उन्हें सभी मतदाताओं का घर-घर जाकर शुक्रिया अदा किया उनके समर्थकों ने चौधरी दिग्विजय सिंह उर्फ डिग्गी बाबू व उनके पुत्र सनी चौधरी के निवास स्थान पर पहुंचकर उनका भी शुक्रिया अदा किया अपने बयान में वसीम अंसारी ने मीडिया को बताया कि हम चुनाव बहुत मजबूत सै लड़े हार जीत तो लगी रहती है लेकिन हमेशा मैं गरीबों में पीड़ितों के सुख-दुख में काम आता रहूंगा वसीम अंसारी ने कस्बा कोटरा के लोगों को बैठक कर सभी का आभार व्यक्त किया तथा कस्बा कोटरा वासियों से कहा कि जो कुछ लोग कस्बा कोटरा के दलाल किस्म के है वो गांव के भोले भाले लोगों को फसाकर मुकदमे बाजी में फसाकर थाने तहसील के चक्कर कटवाकर उनसे मोटे पैसे ऐंट कर दलाली करते हैं गांव वालों के कोटरे के ऐसे लोगों से सावधान रहने की बात कही है दलालों से बच के रहने की सलाह दी है कोटरा के दलालों को कड़ी चेतावनी दी है कि अब गांव के किसी भी आदमी के साथ अगर इन लोगों ने धोखाधड़ी करने फसवाया तो उन्हें बख्शा नहीं जाएगा

## फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से दम्पति घायल

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**बरेली।** बरेली में थाना फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर बाइक सवार दम्पति को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर गम्भीर घायल,पुलिस ने इलाज के लिये अस्पताल भेजा ।घायल के भाई ने बताया कि मेरे बड़े भाई राजेश कुमार सिंह व भाभी जयश्री सोनकर को राघा कृष्ण मंदिर के पास किसी अज्ञात गाड़ी ने उनकी गाड़ी में जोरदार टक्कर मार दी जिससे राजेश कुमार सिंह व जयश्री सोनकर गंभीर घायल हो गई पुलिस ने दोनों लोगों को इलाज के लिये राजश्री अस्पताल में भर्ती कराया फतेहगंज पश्चिमी में भर्ती कराया गया है।

## फतेहगंज पश्चिमी पुलिस ने 8 लाख की स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार करके जेल भेजा

पब्लिक एशिया ब्यूरो




**बरेली।** बरेली में थाना फतेहगंज पश्चिमी पुलिस ने 8 लाख की स्मैक के साथ एक तस्कर किया गिरफ्तार बरेली। फतेहगंज पश्चिमी एसओ राजेश बाबू मिश्रा व उनकी टीम ने 67 ग्राम अवैध स्मैक जिसकी अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत 8 लाख 4 हजार रुपये बताई गई इसके साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चैंकिग के दौरान रबड फैक्ट्री के अन्दर जाने वाली रोड के पास से एक अभियुक्त उवैश पुत्र इरशाद निवासी ग्राम सैदपुर चुन्नीलाल थाना भोजीपुरा जनपद बरेली को 67 ग्राम अवैध स्मैक सहित पकड़ा। इस प्रकरण में थाना फतेहगंज पश्चिमी पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया ।पुलिस पूछताछ में अभियुक्त से यह जानकारी हुई कि यह स्मैक कुछ दिन पहले उसने एक कैन्टर चालक से ली थी जिसका वह नाम व पता नहीं जानता। वह इस स्मैक को चोरी छिपे घूम फिरकर फुटकर में सीबीगंज, मीरगंज, फतेहगजं पश्चिमी क्षेत्र में महंगे दामों में बेचता था।

## मुख्य समाचार

### मिशन शक्ति अभियान को लेकर महिलाओं को किया जागरूक



**झिंझाना।** शासन द्वारा चलाए जा रहे फैज पांच के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण की मीटिंग कस्बे के मोहल्ला तलाही में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य आरक्षी आशा सिंह के द्वारा महिलाओं को महिला हेल्पलाइन नंबर के बारे में जानकारी दी। रविवार को कस्बे के मोहल्ला तलही में नारी सुरक्षा के तहत फैज पांच के अंतर्गत मोहल्ले की महिलाओं को हेल्प लाइन नंबर 1090, 181, 1076, 112, 1098, 102, 108 की जानकारी दी गई तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाएं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंस सखी, राष्ट्रीय पोषण मिशन, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उसके अतिरिक्त आरक्षी शालिनी द्वारा थाने में स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में तथा साइबर क्राइम के बारे में जानकारी दी गई। किसी भी अपरिहार्य स्थिति में महिलाएं तथा बालिकाएं तुरंत एक फोन कर पुलिस से मदद ले सकती हैं।

### थाना बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा 03 नफर अभियुक्त व अभियुक्ता गिरफ्तार



**अमेठी।** जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 20.10.2024 को उ0नि0 चन्दशेखर यादव थाना बाजारशुक्ल मय हमराह द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 258/24 धारा 351 बी0एन0एस0 व 3/5(1) उ0प्र0 विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम 2021 थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी में वांछित अभियुक्त 1. प्रहलाद पुत्र दयाराम निवासी ग्राम रतौलीमठ थाना सुबेहा जनपद बाराबंकी उम्र 48 वर्ष 2. श्रीमती पत्नी प्रहलाद निवासी ग्राम रतौलीमठ थाना सुबेहा जनपद बाराबंकी उम्र 45 वर्ष 3. सुचिकला पत्नी लालचन्द्र निवासी ग्राम पूरे जगई पाण्डेय मजरे ऊँचगाँव थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी उम्र 48 वर्ष को गिरफ्तार किया गया।थाना बाजारशुक्ल पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### एबीवीपी परिषद की पाठशाला में हुई खेल कूद प्रतियोगिता



**अमेठी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मुसाफिरखाना जिला अमेठी द्वारा परिषद की पाठशाला में खेल कूद प्रतियोगिता संपन्न हुई जिसमें एबीवीपी के नगर अध्यक्ष डाक्टर महेंद्र कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में कबड्डी दौड़ खो खो आदि खेलो का आयोजन हुआ।जिसमें प्रथम स्थान आयुषी यादव द्वितीय स्थान ज्ञानवीं अग्रहरि तृतीय अहम कुमार प्राप्त किए और प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।इस मौके पर नगर अध्यक्ष डाक्टर महेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि परिषद की पाठशाला, जो शिक्षा के साथ सह-शैक्षिक गतिविधियों पर भी ध्यान देती है, ऐसे आयोजनों के माध्यम से छात्रों के समग्र विकास में अहम भूमिका निभाती है।खेलो भारत प्रांत सह संयोजक शैलेंद्र यादव ने कहा इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों के बीच टीम वर्क,अनुशासन और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को प्रोत्साहित करना था।जिसमें विनय तिवारी मुसाफिरखाना,नगर के मगर मंत्री युवराज सिंह नगर सह मंत्री अनूप मिश्र तुषार आदि उपस्थित रहे।

### पुलिस मुठभेड़ में दो शातिर गौतस्कर गिरफ्तार



**अमेठी।** थाना अंतर्गत नोती दुबे का पुरवा मजरे कठौरा डिग्री कालेज के पीछे दो गौतस्करों को गिरफ्तार किया है। वहीं मुखबिर की सूचना पर थाना कमरौली उपनिरीक्षक अभिनेष कुमार को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि गोकशी करने वाले कुछ लोग नोती दुबे का पुरवा मजरे कठौरा में निर्माणाधीन डिग्री कॉलेज के पीछे खण्डहर के पास छुट्टा जानवरों को पकड़कर गोकशी करने की नीयत से इकठ्ठा हुए हैं। वहीं पुलिस का कहना है कि उपनिरीक्षक अभिनेष ने पुलिस की 2 टीमें बनाकर मौके पर घेरा बंदी कर बदमाशों को पकड़ने का प्रयास किया तभी बदमाशों द्वारा जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम पर फायर कर दिया। इसी दौरान आत्मरक्षार्थ में पुलिस टीम द्वारा फायर किया गया जिसमें एक बदमाश घायल होकर गिर पड़ा तथा दूसरा बदमाश मौके से भागने का प्रयास किया जिसको पुलिस टीम द्वारा दौड़ा कर पकड़ लिया गया। बताते चलें कि घायल बदमाश का नाम अरशद उर्फ सोनू पुत्र मुकर्रम अली उर्फ ढोढ़े निवासी किला (इस्लामगंज) मजरे इन्हौना थाना इन्हौना व दूसरे का नाम हसीब उर्फ लादेन पुत्र नसीम उर्फ करीम निवासी दक्खिनगांव मजरे इन्हौना थाना इन्हौना बताया गया है। दोनों अभियुक्तों को समय करीब 11.15 बजे रात्रि में पुलिस हिरासत में लिया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना कमरौली पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### जिलाधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान सुनी जनसमस्याएं



**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# मठ-मंदिर व कुंडों के जीर्णोद्धार, नगर के उद्धार से 'राम के राज्य' का सपना हो रहा साकार

**पब्लिक एशिया ब्यूरो**

**अयोध्या।** धरती पर साक्षात साकेत धाम, सूर्यवंश की राजधानी, सप्तपुरियों में अग्रणी नगरी तथा वैवस्वत मनु के साम्राज्य की राजधानी जैसे विशिष्ट अलंकार भले ही रामनगरी अयोध्या को प्राप्त हैं, मगर उसके मौजूदा स्वरूप और 2017 के पहले के स्वरूप में जमीन-आसमान का फर्क था। यूं तो, अयोध्या के कण-कण में राम बसते हैं मगर 500 वर्षों के पराभव काल ने अयोध्या को अपमान, अपयश, उपेक्षा और तिस्कार के अलावा कुछ नहीं दिया। अयोध्या के त्रेतायुगीन वैभव की साक्षी रही सरयू की निर्मल जलधारा आज जिस तरह कल-कल करते हुए बह रही है, वह वर्ष 2017 के पहले घोर उपेक्षा की शिकार थी। राम की पैड़ी हो, सूर्य कुंड हो, दशरथ महल हो या फिर प्रभु श्रीराम से जुड़े अन्य स्थल, सभी की हालत जर्जर हो चुकी थी। मगर, 2017 में सीएम योगी द्वारा प्रदेश की सत्ता की कमान संभालते ही अयोध्या में विकास के नए 'आदित्य का उदय' प्रारंभ हुआ।

**डबल इंजन की सरकार ने अयोध्या के कायाकल्प के सपने को किया साकार**

प्रदेश की योगी सरकार ने अयोध्या के वृहद कायाकल्प का मार्ग प्रशस्त किया है। रामनगरी के कोने-कोने में तीव्र गति से सौंदर्यीकरण व विकास की विभिन्न योजनाएं संचालित हैं। आज अयोध्या अपने प्राचीन वैभव के संरक्षण के साथ ही आधुनिक शहरी विकास के नए प्रतिमान स्थापित कर रही है, तो इसके पीछे साफ तौर पर डबल इंजन सरकार की इच्छा शक्ति है, जो कि पीएम मोदी के मार्गदर्शन और सीएम योगी के कुशल क्रियान्वयन से संभव हो सका है।

**अयोध्या के 37 मठ-मंदिरों का हो रहा जीर्णोद्धार**

योगी सरकार ने सबसे पहले अयोध्या के मठ मंदिरों की सुधि ली। 68 करोड़ की लागत से उनका सौन्दर्यीकरण कराया जा रहा है। इनमें जानकी घाट, बड़ा स्थान, दशरथ भवन मंदिर, मंगल भवन, अक्षरी मंदिर, राम कचेहरी मंदिर, सियाराम किला, दिगम्बर अखाड़ा, तुलसी चौराहा मंदिर, भारत किला मंदिर, हनुमान मंदिर, कालेराम मंदिर, नेपाली मंदिर, चित्रगुप्त मंदिर, विश्वकर्मा मंदिर, छोटी देवकाली मंदिर, मौर्य मंदिर, राम गुलेला मंदिर, करतलिया बाबा मंदिर, तिवारी मंदिर, वेद मंदिर, मणिराम दास छावनी मंदिर, बरेली मंदिर, रंग महल मंदिर, टेढ़ीयाती महादेव मंदिर, राम पुस्तकालय मंदिर, विद्या देवी मंदिर, देवीकाली कुण्ड मंदिर, रत्न सिंहासन मंदिर सहित पौराणिक मंदिर/आश्रमों व कुंड शामिल हैं। साकेत सदन को बिल्डिंग को रिपेयर किया जा रहा हैं। जिसमें सिर्फ चूने,सुखी, का प्रयोग किया जा रहा हैं। जिस रूप में पहले बिल्डिंग थी पुन: उसी रूप में लाने का प्रयास किया जा रहा। व पार्क का भी कायाकल्प होना हैं। इस परियोजना की लागत 1682.87 लाख है। 2017 से पहले की स्थिति: 2017 के पहले की सरकारों में इन मठ मंदिरों को कोई पूछने वाला नहीं था। जगह-जगह गंदगी का ढेर लगा रहता था व पुराने समय में बने मंदिरों दीवारों में दरारें आ चुकी थी।

**2017 बाद की स्थिति:** योगी सरकार में अयोध्या का प्राचीन वैभव दोबारा लौट रहा है। अयोध्या के मठ मंदिरों का जीर्णोद्धार फसाड ट्रीटमेंट से हो रहा है। उप्र राज्य पर्यटन विकास निगम जीर्णोद्धार करा रहा है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर के निर्माण का फैसला आने से पहले ही केंद्र की मोदी व प्रदेश की योगी सरकार ने रामनगरी के लिए धनवर्षा करनी शुरू कर दी। खास तौर से यहां की संस्कृतियों को फिर से सजोने का काम शुरू कराया। पौराणिक ताल व नदियों के किनारे पक्के घाट बनवाये गए। माना जाता है कि अयोध्या में तकरीबन आठ हजार के करीब मंदिर हैं। इनमें कई मठ मंदिरों के सौंदर्यीकरण का कार्य कराया जा रहा है। प्रभु रामलला के भव्य मंदिर में विराजमान होने से बाद से और तेजी से कार्य शुरू हो गए हैं।

**चार वेदों से प्रेरणा लेकर बनाए गए पथों ने सुगम यातायात का किया मार्ग प्रशस्त**

चार वेद, चार युग की प्रेरणा से योगी सरकार में बने चार पथों ने अवधपुरी के वृहद कायाकल्प का मार्ग प्रशस्त किया है। योगी सरकार के नेतृत्व में पुरातन वैभव को आधुनिक जीवनशैली के अनुरूप ढालकर अयोध्या में कायाकल्प करने का मार्ग सुनिश्चित किया जा रहा है। यहां के चार प्रमुख पथ भक्ति पथ, जन्मभूमि पथ, राम पथ व धर्म पथ चार वेदों और चार युगों की अवधारणा पर विकसित किए गए हैं, जिन्हें म्यूरल पेंटिंग, वॉल पेंटिंग, पेबल स्टोन स्कल्चर, आधुनिक लाइटिंग, वाई-फाई कनेक्टिविटी समेत सौर ऊर्जा के उचित प्रयोग से वैश्विक प्रतिमान गढ़ने के अनुरूप बनाया गया है। 2017 से पहले की स्थिति: सड़कों की दशा बेहद दयनीय थी। किसी सड़क पर वाहन चलना तो दूर, पैदल भी नहीं चला जा सकता था। कई सड़कें तो अवैध अतिक्रमण के कारण संकरी गलियों में परिवर्तित हो गईं थीं। इन सड़कों पर यात्रा करते हुए श्रद्धालुओं व आम नागरिकों को भारी अवसुविधा का सामना करना पड़ता था।

**2017 के बाद की स्थिति: अब**-करोड़ों की लागत से चार प्रमुख मार्ग बन चुके हैं। लक्ष्मण पथ, सुग्रीव टीला व आगमन पथ, क्षीरसागर पथ तैयार किया जा रहा है। यानी, आज अयोध्या में ये मार्ग नागरिक परिवहन के साथ अयोध्या के गौरवशाली अतीत और यहां की समृद्ध विरासत को दर्शाते हैं। प्रभु श्रीराम के साक्षी रहे कुंडों का हो रहा कायाकल्प, नए टूरिस्ट डेस्टिनेशन बनकर उभरे भगवान राम के समय के कुंडों का पौराणिक महत्व है। यहां कई ऐसे हैं, जिसमें भगवान राम अपने भाइयों के संग दातून से लेकर स्नान तक किया करते थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इन कुंडों को संवारने के बीड़ा उठाया। पर्यटन व धार्मिक दृष्टि से अयोध्या को और भी दर्शनीय बनाने के लिए करोड़ों रुपये खर्च करते हुए उनका जीर्णोद्धार शुरू कराने का कार्य किया। यहां भगवान राम से जुड़े 108 कुंड हैं। अब तक 10 से अधिक कुंडों का जीर्णोद्धार कराया जा चुका है जो आज अयोध्या में नए टूरिस्ट डेस्टिनेशन के तौर पर उभर रहे हैं।

**2017 से पहले की स्थिति:** अयोध्या के प्राचीन कुंड उपेक्षा के कारण बेहद दयनीय स्थिति में थे। कई तो सूख गए थे जबकि जियातर कुंडों पर काई की मोटी इसके बावजूद वर्षों तक यह उपेक्षा झेलता रहा। योगी सरकार ने जब अयोध्या की दशा-दिशा बदलने का बीड़ा उठाया तो इस विख्यात कुंड के भी भाग्य जाग उठे। आज यह कुंड लोगों को आरोग्य व पुण्य का प्रसाद देने के साथ ही उनके मनोरंजन का भी प्रमुख केंद्र बन गया है। यहां विकसित पार्क में लेजर शो समेत तमाम आकर्षण विकसित किए गए हैं जिससे पर्यटक यहां खिंचे चले आ रहे हैं। कमोबेश यही हाल अयोध्या के बाकी कुंडों की भी है।

**भव्य प्रवेश द्वार बन रहे अयोध्या की नई पहचान**

अयोध्या में प्रवेश मार्गो को त्रेता युग का लुक देने का कार्य किया जा रहा है, जिस प्रकार प्राचीन राजधानियों में प्रवेश द्वार बनाए जाते थे, उसी तर्ज पर अयोध्या के सभी प्रवेश मार्गों पर भव्य प्रवेश द्वार बनाए है। इन प्रवेश द्वारों पर 140 करोड़ रुपये का बजट खर्च किया जा रहा है जिसमें कुछ प्रवेश मार्गों पर निर्माण कार्य चल रहा है।लखनऊ-अयोध्या मार्ग पर श्रीराम द्वार, गोरखपुर से अयोध्या मार्ग पर हनुमान द्वार, गोंडा से अयोध्या मार्ग पर लक्ष्मण द्वार, प्रयागराज से अयोध्या मार्ग पर भरत द्वार, अंबेडकरनगर से अयोध्या मार्ग पर जटायु द्वार तथा रायबरेली से अयोध्या मार्ग पर गरुण द्वार शामिल हैं।

**2017 के बाद की स्थिति:** अयोध्या में आज भव्य प्रवेश द्वार साकार हो रहे हैं। ये अयोध्या धाम में प्रवेश लेते ही आपको रामनगरी की भव्यता और दिव्यता का अहसास कराते हैं। ये प्रवेश द्वारा सेल्फी अट्रैक्शन के तौर पर भी कार्य कर रहे हैं और दीपोत्सव समेत विशिष्ट कार्यक्रमों में देश-दुनिया से आने वाले श्रद्धालु यहां सेल्फी खींचकर व रील और वीडियो बनाकर खुद को धन्य समझते हैं।

**सरयू घाट के किनारे बना आधुनिक भजन संध्या मंच**

भजन संध्या स्थल को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाया गया है। यहां ओपेन हाल,साज-सज्जा के लिए अतिरिक्त कमरे। इसके साथ ही, अत्याधुनिक टायलेट और जन सुविधाओं समेत कम से कम पांच हजार दर्शकों के बैठने की सुविधा यहां उपलब्ध है। भव्य मंच और साउंड प्रूफ प्रस्तुति स्थल,रिकार्डिग और फोटो शूट की सुविधा के साथ ही यह सरयू तट का विहंगम और मनमोहक नजारा भी दर्शकों को उपलब्ध कराता है।

**2017 के बाद की स्थिति:** अब अयोध्या में ऐसा कोई भी सांस्कृतिक स्थल नहीं बचा है, जिसका सौन्दर्यीकरण न कराया जा रहा हो। धीरे-धीरे अयोध्या के चौतरफा फैली संस्कृति का व्यापक स्तर पर विस्तार हो रहा है। अयोध्या की राजकुमारी के साथ कोरिया के साथ गहरे रिश्ते को भी अयोध्या के अंदर जो है वह संरक्षित किया गया क्वीन हो मेमोरियल ? पर 22 करोड़ रुपए खर्च किया गया। आज आधुनिक बनकर खड़ा है और अयोध्या की ऐतिहासिक खाकी को दर्शा रहा है। अटल आवासीय विद्यालय लगभग 12.5 करोड़ रुपये विद्यालय के निर्माण में खर्च किया गया। जो आधुनिक शिक्षा के साथ राम राज्य की परिकल्पना को साकार करते हुए गरीब बच्चों को मुफ्त और मूल्य पर शिक्षा उपलब्ध कराने की योगी सरकार प्रतिबद्धता अटल आवास विश्वविद्यालय के जरिए पूरा। वहीं वेद और वेदांगों पर शोध किया जाएगा। जो रामायण विश्वविद्यालय को 21 एकड़ में बनाया जा रहा है। महर्षि महेश योगी रामायण विद्यापीठ विश्वविद्यालय के भवन के नाम राम, लक्ष्मण, भरत व शत्रुघ्न पर रखे जाएंगे। मुख्य भवन का नाम रघुकुल भवन रखा जाएगा।

## प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थी सब्सिडी के लिए गैस वितरक एजेन्सी से शीघ्र करायें आधार प्रमाणित

**पब्लिक एशिया ब्यूरो**

**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों एवं एलपीजी गैस वितरक एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को निशुल्क एलपीजी गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जाने तथा उज्ज्वला योजना अंतर्गत कनेक्शन धारकों का आधार प्रमाणीकरण कराए जाने को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रथम चरण में माह अक्टूबर, 2024 से दिसम्बर, 2024 तथा द्वितीय चरण में जनवरी, 2025 से मार्च, 2025 तक लाभार्थियों को पूर्णतया 02 नि:शुल्क एल0पी0जी0 सिलेण्डर रिफिल का वितरण किये जाने हेतु शासन द्वारा निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि योजना के तहत सर्वप्रथम लाभार्थी अपने स्तर से प्रचलित उपभोक्ता दर के अनुसार भुगतान कर 14.2 कि0ग्रा0 का सिलेण्डर रिफिल प्राप्त करेगा जिसके 03 से 04 दिन के उपरान्त योजनान्तर्गत दी जाने वाली सब्सिडी





उसके आधार प्रमाणित खाते में ऑयल कम्पनियों द्वारा अन्तरित की जायेगी। बताते चलें कि जनपद में वर्तमान में कुल प्रधानमंत्री उज्ज्वला लाभार्थियों की संख्या 171527 है जिसके सापेक्ष ई0के0वाई0सी0/आधार प्रमाणित लाभार्थियों की संख्या 112200 है तथा प्रथम चरण में आधार प्रमाणित 112200 उज्ज्वला लाभार्थियों को नि:शुल्क सिलेण्डर का वितरण किया जाना है, तदोपरान्त जैसे-जैसे लाभार्थियों के आधार प्रमाणित होते जायेगें उसी क्रम में उन्हें उक्त योजना से आच्छादित करते हुए नि:शुल्क सिलेण्डर का वितरण किया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के समस्त प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के कनेक्शन धारक जिनका आधार प्रमाणीकरण नहीं हुआ है, एल0पी0जी गैस वितरक एजेन्सी से सम्पर्क कर अनिवार्य रूप से अपना आधार प्रमाणीकरण करा लें जिससे समस्त उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को नि:शुल्क एल0पी0जी0 सिलेण्डर रिफिल कर धनराशि सीधे उनके खाते में अंतरित कर उन्हें लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने समस्त गैस वितरक एजेंसियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वह आधार प्रमाणीकरण की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण कर लें जिससे कि लाभार्थियों को उक्त योजना का लाभ प्राप्त हो सके। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, जिला पूर्ति अधिकारी शशिकांत, समस्त पूर्ति निरीक्षक सहित गैस एजेंसियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## विद्युत टीम पर हमला करने के एक आरोपी व दो महिला आरोपी गिरफ्तार

**पब्लिक एशिया ब्यूरो**

**शामली।** क्षेत्र के गांव खेडीकरमू में विद्युत विभाग की टीम पर जानलेवा हमला करने, सरकारी कार्य में बाधा व जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी व दो महिला आरोपितों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने तीनों आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह 33/11 केवी विद्युत उपखंड के जेई अजय शर्मा अपनी टीम के साथ गांव खेडीकरमू में विद्युत चेकिंग अभियान चला रहे थे।

जब वे गली नंबर एक में पहुंचे तभी वसीम, नदीम, शबाना, गुलिस्ता व दो अज्ञात महिलाओं ने जेई व उनकी टीम पर हमला बोल दिया। आरोपितों ने जेई पर फावडे, लाठी, डंडों व ईंटो से हमला किया जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गए।

इसके अलावा टीम के अन्य सदस्यों के साथ भी मारपीट की गयी थी। वहीं सरकारी कार्य में बाधा, सरकारी कागजात फाडने व जान से मारने की धमकी दी थी।



मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल जेई को उपचार के लिए राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया था।

घटना के संबंध में जेई ने सभी आरोपितों के खिलाफ शहर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी थी।

पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए एक आरोपित वसीम पुत्र अनीस, अफसाना पत्नी अतीक व नगमा पत्नी वसीम निवासी गांव खेडीकरमू को गिरफ्तार कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से आई0एफ0डी0सी0 सेन्टर का किया निरीक्षण

### जनपद में डी0ए0पी0, यूरिया सहित अन्य उर्वरक की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध

**पब्लिक एशिया ब्यूरो**

**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप सिंह द्वारा आज संयुक्त रूप से आई0एफ0डी0सी0 सेन्टर गौरीगंज, अमेठी का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान सेन्टर पर 1.70 मै0टन डी0ए0पी0, 32.94 मै0टन यूरिया भौतिक रूप में उपलब्ध थी, जिसका मिलान पी0ओ0एस0 मशीन से कराते हुये जिलाधिकारी को आई0एफ0एम0एस0 पोर्टल पर लॉगिन करते हुए कृषकों द्वारा क्रय कैसे किया जाता है की पूरी जानकारी को स्वयं देखा गया साथ ही उप कृषि निदेशक एवं जिला कृषि अधिकारी अमेठी से जनपद में उर्वरक की उपलब्धता के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की गयी जिसके क्रम में जिला कृषि अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में जनपद में यूरिया



13488 मै0टन, डी0ए0पी0 3600 मै0टन, एन0पी0के0 1360 मै0टन, एस0एस0पी0 2222 मै0टन उपलब्ध है। उक्त के अतिरिक्त जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा पैक्स माधवपुर में उर्वरक ब्रिकी केन्द्र का निरीक्षण किया गया, जहां पर लगभग 08-10 किसानों द्वारा उर्वरक क्रय किया जा रहा था, पैक्स माधवपुर में 09 मै0टन डी0ए0पी0 उपलब्ध था तथा 03 मै0टन का वितरण आज किया गया जिसका सत्यापन पी0ओ0एम0 मशीन के माध्यम से किया गया। जिलाधिकारी द्वारा ए0आर0 कोऑपरेटिव एवं जिला कृषि अधिकारी अमेठी को किसानों की खतौनी के आधार पर उर्वरक वितरित कराये जाने तथा एक एकड खतौनी पर एक बोरी डी0ए0पी0 किसानों को उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा पी0सी0एफ0 केन्द्र गौरीगंज का भी निरीक्षण कर प्रतिदिन की निकासी ऑनलाइन पोर्टल पर अपडेट करते हुये प्रीपोजिशनिंग डी0ए0पी0 को समस्त पैक्स पर उपलब्ध कराकर 25 अक्टूबर 2024 तक एक रैक डी0ए0पी0 जनपद में मंगवाना सुनिश्चित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जनपद में अक्टूबर माह हेतु डी0ए0पी0 के कुल लक्ष्य 3121 मै0टन के सापेक्ष आज तक 4666 मै0टन की उपलब्धता कराते हुये 1068 मै0टन का वितरण कराया गया है तथा 3600 मै0टन डी0ए0पी0 जनपद में अभी उपलब्ध है, जनपद में डी0ए0पी0 तथा अन्य उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है, जनपद में उर्वरक की कोई कमी नहीं है।

## तहसील गौरीगंज में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

### शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**पब्लिक एशिया ब्यूरो**

**अमेठी।** शासन के निर्देशानुसार जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में तहसील गौरीगंज में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लेकर उनका गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध ढंग से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को प्राप्त



शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आज तहसील गौरीगंज में कुल 14 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 03 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया, तहसील तिलोई में 29 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 03 का निस्तारण किया गया, तहसील अमेठी में 20 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 02 का निस्तारण किया गया तथा तहसील मुसाफिरखाना में 16 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 02 शिकायतों का निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यालय में प्रात: 10:00 बजे से 12:00 बजे तक जन समस्याओं को सुने तथा उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, उपजिलाधिकारी गौरीगंज दिग्विजय सिंह, तहसीलदार गौरीगंज सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# एक दशक बाद नीतू कपूर का कमबैक



एजेंसी

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस नीतू कपूर अपना कमबैक कर चुकी हैं। वे पिछले कुछ समय में बड़े बजट की फिल्मों में नजर आई हैं और ऐड शूट्स भी किए हैं। इसके पहले वे साल 2013 में बेशर्म फिल्म में नजर आई थीं। अब एक्ट्रेस ने अपने कमबैक और स्ट्रगल्स के बारे में बात की है। बॉलीवुड इंडस्ट्री में कपूर खानदान की हमेशा से एहमियत रही है। आज इस फैमिली के कई बड़े नाम इस दुनिया में नहीं हैं लेकिन दुनियाभर में इस परिवार में जन्में कलाकारों की पॉपुलैरिटी है। कुछ साल पहले ही राज कपूर के बेटे और बॉलीवुड के दिग्गज एक्टर ऋषि कपूर ने दुनिया को अलविदा कह दिया. उनके निधन के बाद पूरा कपूर खानदान टूट गया। ऋषि कपूर की पत्नी नीतू पर भी उनके निधन का बुरा असर पड़ा और वे कई मौकों पर भावुक नजर आईं. इसके बाद उन्होंने अपना बॉलीवुड कमबैक भी किया। एक्ट्रेस ने बताया है कि उस वक्त उनके दिमाग में क्या चल रहा था और इतने लंबे वक्त के बाद उनके लिए कमबैक का ये संघर्ष कैसा रहा। नीतू कपूर ने ऋषि कपूर के रहते हुए फिल्मों में ज्यादा काम नहीं किया। दोनों पिछले 2 दशक में 1-2 फिल्मों में साथ दिखे. लेकिन इसके अलावा वे साल 1983 में जाने जान फिल्म के बाद से किसी भी मूवी का हिस्सा नहीं रहीं और लाइमलाइट से पूरी तरह से दूरी बना ली। लेकिन ऋषि कपूर के निधन के 2 साल बाद ही नीतू ने अपना कमबैक किया। एक्ट्रेस ने बताया कि वे ये कमबैक नहीं करना चाहती थीं। इसके पीछे कि वजह ये थी कि उन्हें डर था कि कहीं वे ट्रोल ना हो जाएं। ट्रोल होने के डर से वे फिर से कैमरा फेस करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रही थीं। लेकिन ऋषि कपूर के निधन के बाद नीतू भी एकदम अकेली पड़ गई थीं और हताश थीं। ऐसे में एक्ट्रेस को उनके दोनों बच्चों ने सपोर्ट किया और उन्हें फिल्मों में वापसी करने की सलाह दी। नीतू ने एक कार्यक्रम में अपनी बेटी रिद्धिमा से इस बारे में बात करते हुए कहा था- जब पापा (ऋषि कपूर) का निधन हो गया मैं इसके लिए तैयार नहीं थी। तुम्हें पता है कि ट्रोल्स किस तरह की बातें करते हैं। लेकिन तुमने और रणबीर ने मुझे पुश किया। इसके बाद मैंने एक शो किया और एक ऐड भी किया. ये मेरे लिए इतना आसान नहीं था। मैं कैमरा फेस करने से पहले कांपती थी. लेकिन अब ऐसा नहीं है। अब मुझे लगता है कि अगर मैं घर पर रहूंगी तो पागल हो जाऊंगी। नीतू कपूर ने 8 साल की उम्र से ही फिल्मों में काम करना पसंद कर दिया था। उन्होंने साल 1966 में सूरज फिल्म से अपने करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने दो कलियां, यादों की बारात, खेल खेल में, दीवार, कभी कभी, महा चोर, परवरिश, हीरालाल पन्नालाल, दो दुनी चार और बेशरम जैसी फिल्म में काम किया।

# हिंदी में डब होगी तमन्ना की फिल्म 'ओडेला 2'




**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री तमन्ना भाटिया की तेलुगु भाषा में बन रही फिल्म ओडेला 2, हिंदी में भी डब कर रिलीज की जा सकती है। तमन्ना भाटिया दक्षिण भारतीय फिल्मों के अलावा हिंदी फिल्मों में भी अभिनय करती हैं। तमन्ना इन दिनों फिल्म 'ओडेला 2' को लेकर व्यस्त हैं। इस फिल्म में तमन्ना बेहद अलग अवतार में नजर आने वाली है। वह इस फिल्म में शिवशक्ति नामक एक नागा साध्वी का किरदार निभाती नजर आयेंगी। चर्चा है कि 'ओडेला 2' को हिंदी में भी डब किया जाएगा। इस फिल्म को मूल भाषा तेलुगु के साथ-साथ पूरे भारत में रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म में तमन्ना के अलावा हेबाह पटेल, मुरली शर्मा, वशिष्ठ सिम्हा और अन्य कई कलाकार नजर आने वाले हैं। फिल्म का निर्माण संपत नंदी द्वारा किया जा रहा है। वहीं, इस फिल्म का निर्देशन अशोक तेजा कर रहे हैं। तमन्ना भाटिया हाल ही में रिलीज़ हुई ब्लॉकबस्टर हॉरर कॉमेडी, फिल्म 'स्त्री 2' में स्पेशल डांस नंबर 'आज की रात' में नजर आयीं थी।

# 'डीडीएलजे' के 29 साल पूरे, काजोल ने प्रशंसकों को दी करवा चौथ की बधाई

एजेंसी

**मुंबई।** बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान और अभिनेत्री काजोल की ब्लॉकबस्टर फिल्म दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे (डीडीएलजे) के प्रदर्शन के 29 साल पूरे हो गये हैं। यश चोपड़ा निर्मित और आदित्य चोपड़ा निर्देशित फिल्म दिलवाले



दुल्हनियां ले जायेगें, 20 अक्टूबर 1995 को प्रदर्शित हुयी थी। इस फिल्म में शाहरूख खान, काजोल, अमरीशपुरी,अनुपम खेर ने मुख्य भूमिका निभायी थी। काजोल ने फिल्म डीडीएलजे के 29 साल पूरे होने की प्रशंसकों को एक साथ खास अंदाज में बधाई दी। काजोल ने इंस्टाग्राम पर डीडीएलजे का एक पोस्ट साझा कर कैप्शन में लिखा करवा चौथ के ओजी (ओरिजनल) को 29 साल... सभी को करवा चौथ की शुभकामनाएं... शायद मराठा मंदिर जाकर फिल्म देखें। डीडीएलजे के 29साल पूरे।

# 45 वर्ष की हुईं नरगिस फाखरी



बॉलीवुड की रॉकस्टार गर्ल नरगिस फाखरी आज 45 वर्ष की हो गयी। नरगिस फाखरी का जन्म 20 अक्टूबर 1979 को क्वीन्स, न्यूयॉर्क में हुआ था। नरगिस की मां मैरी फाखरी क्रिश्चियन थीं, जबकि पिता मोहम्मद फखरी पाकिस्तानी थे।

एजेंसी

**मुंबई।** बॉलीवुड की रॉकस्टार गर्ल नरगिस फाखरी आज 45 वर्ष की हो गयी। नरगिस फाखरी का जन्म 20 अक्टूबर 1979 को क्वीन्स, न्यूयॉर्क में हुआ था। नरगिस की मां मैरी फाखरी क्रिश्चियन थीं, जबकि पिता मोहम्मद फखरी पाकिस्तानी थे। जब नरगिस छह साल की थी तो उनके माता-पिता का तलाक हो गया था। कुछ साल बाद उनके पिता की मृत्यु हो गई। नरगिस फाखरी ने अपने करियर की शुरुआत 16 साल की उम्र में एक मॉडल के रूप में की थी। इसके बाद उन्होंने अमेरिका के नेक्स्ट टॉप मॉडल (2004) में हिस्सा लिया। इसके बाद उन्होंने अमेरिका में पेशेवर रूप से मॉडलिंग की। उन्होंने कई मॉडलिंग एजेंसी के साथ ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, स्विटजरलैंड, थाईलैंड, हॉन्गकॉन्ग, जर्मनी और ब्रिटेन आदि देशों में काम किया। वर्ष 2009 के दौरान नरगिस किंगफिशर की कैलेंडर गर्ल बनीं, जिससे उनके लिए बॉलीवुड का रास्ता खुल गया। किंगफिशर के कैलेंडर में नरगिस को देखकर इम्तियाज अली ने उन्हें फिल्म रॉकस्टार ऑफर की। वर्ष 2011 में प्रदर्शित इस फिल्म में रणबीर कपूर और नरगिस फाखरी की जोड़ी को दर्शकों ने बेहद पसंद किया।इसके बाद उन्होंने मद्रास कैफे, मैं तेरा हीरो, अजहर ,अमावस , तोरबाज जैसी कुछ फिल्मों में काम किया।नरगिस फाखरी ने फिल्म 'स्पाय' के जरिये हॉलीवुड डेब्यू भी किया। नरगिस इन दिनों हाउसफुल 5 की शूटिंग में बिजी हैं।

# खेसारी लाल यादव की फिल्म 'अग्निपरीक्षा' की शूटिंग शुरू

एजेंसी

**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार खेसारी लाल यादव की आने वाली फिल्म अग्निपरीक्षा की शूटिंग शुरू हो गयी है। सुर म्यूजिक प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले बन रही फिल्म अग्निपरीक्षा के निर्माता सुरेंद्र यादव और निर्देशक लाल बाबू पंडित हैं। खेसारीलाल यादव कहा, मैं फिल्म अग्निपरीक्षा को लेकर बेहद उत्साहित हूं।फिल्म की कहानी और इसकी प्रस्तुतिकरण दर्शकों को ज़रूर पसंद आएगी। हम हर बार कुछ नया और बेहतर देने की कोशिश करते हैं, और इस बार भी दर्शकों को एक दमदार फिल्म मिलेगी। मुझे यकीन है कि 'अग्निपरीक्षा' दर्शकों के दिलों में




खास जगह बनाएगी। मेरे चाहने वालों का प्यार और समर्थन ही मुझे प्रेरित करता है कि मैं हर बार कुछ अलग और बेहतरीन करूं। मैं उम्मीद करता हूं कि यह फिल्म भी आप सभी को पसंद आएगी, जैसे हमेशा से आपने मेरे काम को सराहा है। निर्माता सुरेन्द्र यादव ने बताया, फिल्म अग्निपरीक्षा मेरे लिए बहुत खास है, और मैं इस प्रोजेक्ट को लेकर बेहद उत्साहित हूं। फिल्म की कहानी बहुत ही रोमांचक और दिलचस्प है, जिसमें दर्शकों को मनोरंजन के साथ-साथ एक गहरा संदेश मिलेगा। हमारी पूरी टीम ने फिल्म की स्क्रिप्ट और म्यूजिक पर बहुत मेहनत की है, और मुझे पूरा भरोसा है कि यह फिल्म दर्शकों के दिलों को छूने में कामयाब रहेगी। फिल्म अग्निपरीक्षा में खेसारीलाल यादव के साथ आकांक्षा पुरी और नीलम गिरी मुख्य किरदारों में नज़र आएंगी। इसके अलावा इस फिल्म में सुशील सिंह, प्रकाश जैश, विनोद मिश्रा, जे. नीलम, समर्थ चतुर्वेदी, महेश आचार्य, ऋतु चौहान, सोनिया मिश्रा, विकास सिंह बिरीपन, सोनू पांडे, दीपक सिन्हा और अलीशा मिश्रा जैसे कलाकार भी प्रमुख भूमिकाओं में दिखाई देंगे।

# व्हाइट साड़ी में बला की खूबसूरत लगती हैं एक्ट्रेस आलिया भट्ट

एजेंसी


**मुंबई।** आलिया भट्ट बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों में से एक हैं जो हर बार अपने लुक से फैंस को इम्प्रेस करती हैं। फिर चाहे उनका वेस्टर्न लुक हो या देसी लुक। रेड कार्पेट से लेकर कैजुअल आउटिंग तक आलिया बिना किसी मेहनत के बेहद खूबसूरत और स्टाइलिश नजर आती हैं। फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी के प्रमोशन के दौरान आलिया हर बार सफेद साड़ी में नजर आईं। लेकिन हर बार आलिया का लुक बिल्कुल अलग और खूबसूरत नजर आया। आलिया के इन लुक से कोई भी लड़की आसानी से स्टाइल टिप्स ले सकती है। चौड़े गोल्डन बॉर्डर वाली फ्लोरल व्हाइट ऑर्गेना साड़ी में आलिया भट्ट बेहद हॉट लग रही हैं। उन्होंने इस शिफॉन साड़ी को प्लेन एल्बो लेंथ डीप वी नेक ब्लाउज के साथ पहना है। मिनिमल शाइनी मेकअप के साथ आलिया ने ग्लॉसी लिप शेड चुना है और माथे पर बिंदी लगाई है। उन्होंने अपने लुक को मल्टीकलर ऑक्सीडाइज्ड ज्वैलरी से पूरा किया है। साथ ही उन्होंने अपने बालों को स्ट्रेट और खुला रखा है। इस फोटो में आलिया भट्ट ने पतली काली बॉर्डर वाली सफेद शिफॉन की साड़ी पहनी हुई है।



# 'ट्रोलर्स' को अदा शर्मा ने दिया करारा जवाब

एजेंसी

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस अदा हाल ही में दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत के घर में शिफ्ट हुई हैं। सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद उनका फ्लैट चार साल से खाली पड़ा था, जिसे एक्ट्रेस अदा शर्मा ने किराए पर लिया था। हालांकि, सुशांत सिंह के फ्लैट में शिफ्ट होने को लेकर अदा शर्मा को काफी ट्रोल किया गया था। लोगों का कहना है कि उन्होंने पब्लिसिटी के लिए सुशांत सिंह का फ्लैट किराए पर लिया है। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने कहा- हां, कोई भी प्रोजेक्ट साइन करने से पहले हमारा हर कॉन्ट्रैक्ट एक वकील पढ़ता है। मैं हर दिन ऐसे वकीलों का सामना करती हूं। घर खरीदने के बाद मुझे उसके पेपर्स के लिए कोर्ट जाना पड़ा। वो काम घर बैठे ऑनलाइन किया जा सकता था, लेकिन अपने ब्रोकर की सलाह पर मैं कोर्ट गई और पेपर्स साइन किए। पहले जब मेरे परिवार में कोई कोर्ट मैरिज करता था तो मुझे वहां जाना पड़ता था। अदा शर्मा ने इंडिया टुडे डिजिटल से बातचीत में कहा, एक एक्टर या इंसान होने के नाते आप अपने बारे में कही



जाने वाली हर बात का जवाब नहीं दे सकते। हमें जीवन में कई काम करने होते हैं। यह एक आजाद देश है और हर किसी को अपनी राय रखने का हक है। मैं यहां किसी को यह बताने के लिए नहीं हूं कि %मैं एक अच्छी इंसान हूं। मैंने वही किया जो मुझे करना था और मुझे इस बात की परवाह नहीं है कि कोई क्या कहता है। जैसे मैं नहीं चाहती कि कोई मेरे लिए खुद को बदले, वैसे ही मैं भी किसी के लिए खुद को नहीं बदलूंगी। अभिनेत्री ने आगे कहा, मैं वास्तव में उस घर में रच-बस गई हूं और मुझे वह जगह बहुत पसंद है। मैं अपनी मां और दादी के साथ उस अपार्टमेंट में रहती हूं। उस घर में ऊर्जा बहुत अच्छी है और मुझे वह ऊर्जा पसंद है।

# गुजरात जाएंट्स का विजयी आगाज

एजेंसी



**हैदराबाद।** गुजरात जाएंट्स ने प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन में रविवार को बेंगलुरू बुल्स पर 36-32 के अंतर से विजयी आगाज किया। वहीं इस सीजन में बुल्स की यह लगातार दूसरी हार है। आज यहां गाचीबोवली इंडोर स्टेडियम में गुजरात के लिए कई खिलाड़ियों ने जीत में अहम योगदान दिया। परतीक दहिया (8), गुमान सिंह (6), सोमवीर (हाई-5), और हिमांशु सिंह (7 अंक) जीत के नायक रहे। दूसरी ओर, बुल्स के लिए परदीप नरवाल ने 9 अंक जुटाए। वह पीकेएल में 1700 रेड प्वाइंट बनाने वाले पहले खिलाड़ी भी बने। इसके अलावा अजिंक्य पवार ने सात अंक बनाए। पहली ही रेड पर एक अंक लेकर लौटे परदीप ने दूसरी रेड पर 2 अंक लेकर बुल्स को 3-2 से आगे कर दिया, जिसे जयभगवान ने दोगुना कर दिया। गुमान को बोनस मिला और फिर अगली रेड पर हालांकि जयभगवान लपक लिए गए और इसी के साथ गुजरात ने स्कोर 4-4 कर दिया। फिर गुमान एवं राकेश ने रेड में एक-एक अंक लेकर गुजरात को दो अंकों की लीड दिला दी। गुजरात की दहाड़ रही थी। उसने अगली रेड पर परदीप का शिकार कर बुल्स को बैकफुट पर ला दिया। अजिंक्य ने इसके बाद दो अंक लेकर स्कोर 6-7 कर दिया। फिर बुल्स ने डू ओर डाई रेड पर राकेश का शिकार कर स्कोर बराबर कर लिया। अजिंक्य रोके नहीं रुक रहे थे। अगली रेड पर दो अंक लेकर उन्होंने गुजरात को आलआउट की ओर धकेला, जिसे अंजाम देकर बुल्स ने 13-9 की लीड ले ली। इसके बाद के चार मिनट में दोनों टीमों को 2-2 अंक मिले। फिर परदीप ने मल्टी प्वाइंट रेड के साथ 1700 रेड प्वाइंट्स पार कर लिए। बुल्स अब 17-12 से आगे थे। इसी बीच परतीक ने अजिंक्य के खिलाफ सुपर टैकल कर गुजरात को दो अंक दिलाए लेकिन इसके बाद गुजरात ने चार अंक बटोरे। पहले हाफ की समाप्ति तक बुल्स 19-16 से आगे थे। दोनों टीमें अब डू ओर डाई पर खेल करही थीं। पांच मिनट बीतने के बाद फासला हालांकि अभी भी 3 का बना हुआ था। स्थानापन्न के तौर पर आए हिमांशु ने फासले को 2 कर दिया। वह यहीं नहीं रुके। डू ओर डाई रेड पर दो अंक लेकर उन्होंने स्कोर 21-22 कर दिया। फिर डिफेंस ने जयभगवान का शिकार कर बुल्स को आलआउट कर दिया। अब गुजरात 25-23 से लीड पर थे। रोहित ने फिर आलइन के बाद पहली रेड पर ही परदीप को लपक लिया। वह हालांकि जल्द ही रिवाइव किए गए लेकिन डू ओर डाई रेड पर फिर लपक लिए गए। अब गुजरात को 30-25 की लीड मिली हुई थी। चार मिनट का खेल बचा था औऱ गुजरात ने अपनी बढ़त छह की कर ली थी लेकिन बुल्स ने लगातार दो अंकों के साथ इसे 4 का कर दिया। परदीप मैट पर थे लेकिन बावजूद इसके बुल्स के रेडर अपना जलवा नहीं दिखा पा रहे थे। फासला 5 अंक का था और वह इसे पाट सकते थे। परदीप ने हालांकि अगली रेड पर एक अंक लिया लेकिन फिर लपक लिए गए। इसी के साथ बुल्स की जीत की उम्मीदें समाप्त हो गईं।



मोहन बागान सुपर जायंट के गोलकीपर विशाल कैथ ने पश्चिम बंगाल के कोलकाता में वीवाईबीके स्टेडियम में मोहन बागान सुपर जायंट और ईस्ट बंगाल एफसी के बीच इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 फुटबॉल मैच के दौरान गेंद को पकड़ते हुए।

## मुख्य समाचार

### सीएजी दिल्ली ने सीआरपीएफ दिल्ली को 2-1 से हराया

**एजेंसी/जालंधर।** 41वें इंडियन ऑयल सर्वो सुरजीत हॉकी टूर्नामेंट के लीग राउंड में सीएजी दिल्ली ने रविवार को सीआरपीएफ दिल्ली को 2-1 के अंतर से हराकर तीन अंक हासिल किए। जालंधर के ओलंपियन सुरजीत हॉकी स्टेडियम में चल रहे टूर्नामेंट के दूसरे दिन के दूसरे मैच में पंजाब एंड सिंध बैंक दिल्ली और इंडियन नेवी की टीमें 1-1 से बराबरी पर रहीं। पार्ट डी के मैच में पंजाब एंड सिंध बैंक दिल्ली को भारतीय नौसेना ने कड़ी टक्कर दी। पहले तीन क्वार्टर में कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी. खेल के 47वें मिनट में इंडियन नेवी के आकिब रहीम ने पेनाल्टी कॉर्नर पर गोल कर स्कोर 1-0 कर दिया. खेल के 57वें मिनट में पंजाब एंड सिंध बैंक के सांता सिंह ने पेनाल्टी स्ट्रोक को गोल में बदल कर स्कोर 1-1 कर दिया. मैच टाई होने पर दोनों टीमों को 1-1 अंक मिले. इसका 27 मिनट का खेल कल शाम खेला गया जबकि बाकी मैच आज खेला गया। पूल सी में सीएजी दिल्ली और सीआरपीएफ दिल्ली के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। खेल के 17वें मिनट में सीएजी दिल्ली के दीपक मलिक ने फील्ड गोल कर स्कोर 1-0 कर दिया। खेल के दूसरे क्वार्टर के 28वें मिनट में सीआरपीएफ के शरणजीत सिंह ने गोल कर स्कोर 1-1 कर दिया. खेल के 36वें मिनट में सीएजी दिल्ली के हरीश मुटागर ने फील्ड गोल कर स्कोर 2-1 कर दिया और मैच जीतकर तीन अंक अर्जित किये। पूल बी में पंजाब पुलिस और रेल कोच फैक्ट्री कपूरथला की टीमों के बीच मैच खेला गया। पंजाब पुलिस की ओर से ओलंपियन रूपिंदर पाल सिंह, ओलंपियन आकाशदीप सिंह, ओलंपियन गुरबाज सिंह, ओलंपियन धर्मवीर सिंह, ओलंपियन गुरजंत सिंह ने अपने खेल का प्रदर्शन किया। इस मैच के दौरान रेल कोच फैक्ट्री ने पंजाब पुलिस को कड़ी टक्कर दी। खेल के पहले क्वार्टर में दोनों टीमें बिना कोई गोल किये बराबरी पर थीं. दूसरे क्वार्टर के 29वें मिनट में रेल कोच फैक्ट्री के कप्तान गुरप्रीत सिंह ने पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदल कर स्कोर 1-0 कर दिया. हाफ टाइम तक रेल कोच फैक्ट्री 1-0 से आगे थी। फ्लड लाइट की तकनीकी खराबी के कारण मैच के बाकी दो क्वार्टर सोमवार को दोपहर 1-30 बजे के बाद खेले जाएंगे। आज के मैचों के दौरान तरलोक सिंह भुल्लर (कनाडा) ने टीमों का परिचय कराया। इस अवसर पर लखबीर सिंह नॉर्वे, लखविंदर पाल सिंह खैरा, राम प्रताप, सुरिंदर सिंह भापा, रणबीर सिंह राणा टुट, इकबाल सिंह संधू, संदीप सिंह घुम्मन, मनदीप सिंह घुम्मन, गौरव महाजन, रणदीप गुप्ता, करमबीर सिंह, गोरव अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित थे।

### यमुना ट्राफी के 10 वें सीजन का आगाज, डीडीए आफिसर्स इलेवन ने जीता पहला मैच

**एजेंसी/नई दिल्ली।** यमुना नदी की स्वच्छता को लेकर आयोजित यमुना ट्राफी -2024-25 के 10 वें संस्करण का आयोजन यहां के अक्षरधाम स्थित कॉमन वेल्थ गेम्स क्रिकेट ग्राउंड (सीडब्ल्यूजी ग्राउंड) में रविवार को धूमधाम से शुरू हुआ। यमुना पर्यावरण संगठन और इंडियन मीडिया वैलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव निशाना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यमुना ट्राफी -2024-25 का पहला मैच दिल्ली पुलिस आफिसर्स इलेवन और डीडीए आफिसर्स इलेवन के बीच खेला गया। दिल्ली पुलिस आफिसर्स इलेवन के कप्तान पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा और डीडीए आफिसर्स इलेवन के कप्तान डीडीए के उपाध्यक्ष शुभाशीष पांडा के साथ इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश एवं मौजूदा समय में राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) के न्यायिक सदस्य सुधीर अग्रवाल ने टॉस कराकर मैच का शुभारंभ किया। टॉस डीडीए आफिसर्स इलेवन ने जीता और पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया। डीडीए आफिसर्स इलेवन ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट खोकर 143 रन बनाएं। इसके जवाब में दिल्ली पुलिस आफिसर्स इलेवन ने 19.5 ओवर में कुल 128 रन बनाए इस प्रकार डीडीए आफिसर्स इलेवन ने यह मैच 15 रनों से जीत लिया। अरोड़ा ने बेहतरीन क्षेत्ररक्षण किया नीरव पटेल ने बेस्ट फील्डर का खिताब हासिल किया। दिल्ली पुलिस की और से सबसे ज्यादा रन अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (एडिशनल डीसीपी) दीपेंद्र ने 22 रन बनाए और डीडीए के चार बल्लेबाजों का आउट भी किया।

# न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को दिया 159 रनों का लक्ष्य

एजेंसी



दुबई। एमेलिया केर (43) और ब्रूक हैलिडे (38) की शानदार पारियों की मदद से न्यूजीलैंड ने रविवार को खेले गये महिला टी-20 विश्वकप के फाइनल मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 159 रनों का लक्ष्य दिया है। आज यहां दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लौरा वोलवार्ड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ही ओवर में जॉर्जिया पिलमर (9) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी एमेलिया केर ने सूजी बेट्स के साथ पारी को संभाला। आठवें ओवर में एन म्लाबा ने सूजी बेट्स (32) को आउट कर न्यूजीलैंड को दूसरा झटका दिया। कप्तान सोफी डिवाइन (छह) रन बनाकर आउट हुई। एमेलिया केर ने 38 गेंदों में (43) और ब्रूक हैलिडे ने 28 गेंदों में (38) रनों की पारी खेली। मैडी ग्रीन (12) और इसाबेला गेज (तीन) रन बनाकर नाबाद रही। न्यूजीलैंड ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 158 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। दक्षिण अफ्रीका की ओर से एन म्लाबा ने दो विकेट लिये। अयाबोंगा खाका, क्लोई ट्राइऑन और नडीन डी क्लर्क ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## महिला टी20 वर्ल्ड साउथ अफ्रीका ने बनाया अनोखा रिकॉर्ड

एजेंसी

**दुबई।** महिला टी20 वर्ल्ड कप का फाइनल मैच में दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मुकाबले में न्यूजीलैंड की महिला टीम और साउथ अफ्रीका की महिला टीम आमने-सामने है। दोनों टीमों के बीच खेले जा रहे इस मुकाबले के दौरान साउथ अफ्रीका की महिला टीम ने एक अनोखा रिकॉर्ड अपने नाम किया है। साउथ अफ्रीका ने जैसे ही इस फाइनल मैच के लिए अपनी प्लेइंग 11 का ऐलान किया वैसे ही उन्होंने रिकॉर्ड बना डाला। ऐसे में आइए आपको बताते हैं लॉरा वोल्वार्ड्ट की कप्तानी में खेल रही साउथ अफ्रीका की महिला टीम ने इस टी20 वर्ल्ड कप में कमाल का प्रदर्शन किया है। लॉरा वोल्वार्ड्ट की कप्तानी में उनकी टीम लगातार दूसरी बार फाइनल खेल रही है। इस फाइनल तक पहुंचने के लिए उन्होंने पूरे टूर्नामेंट के दौरान खेले गए सभी मुकाबलों में एक ही प्लेइंग 11 रखा। उन्होंने एक भी बदलाव नहीं किया है। इसी के साथ उनकी टीम पूरे टी20 वर्ल्ड कप के दौरान फाइनल पहुंचने तक प्लेइंग 11 में एक भी बदलाव नहीं करने वाली दूसरी टीम बन गई है।

# जयपुर पिंक पैंथर्स ने बंगाल वारियर्ज को 39-34 के अंतर से हराया

हैदराबाद। प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के पांचवें मुकाबले में रविवार को जयपुर पिंक पैंथर्स ने बंगाल वारियर्ज को 39-34 के अंतर से हराया। रेड मशीन कहे जाने वाले अर्जुन देसवाल (15 अंक) जयपुर की जीत के हीरो रहे। आज यहां गाचीबोवली इंडोर स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में बंगाल के लिए नितिन धनखड़ (13 अंक) ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। मनिंदर सिंह ने 8 अंक बटोरे जबकि फजल अत्राचली ने हाई-5 लगाया। जयपुर के लिए देसवाल के अलावा अभिजीत मलिक (सात अंक) ने चमक बिखेरी। शुरुआती 10 मिनट काफी रोमांचक रहा। देसवाल मैच की पहली ही रेड पर नितेश द्वारा लपक लिए गए। वह जल्द ही रिवाइव हुए लेकिन अगली ही रेड पर फिर लपक लिए गए। पांच मिनट के बाद बंगाल को 5-2 की बढ़त मिली हुई थी। नितेश की गलती पर देसवाल रिवाइव हुए और मैच की सूरत बदल दी। रिवाइवल के बाद लगातार तीन रेड में उन्होंने तीन अंक लेकर जयपुर को बढ़त दिला दी। फिर देसवाल ने बंगाल को आलआउट की ओर धकेला और इसे अंजाम देकर अपनी टीम को 12-9 की बढ़त दिला दी। ब्रेक के बाद भी अर्जुन नहीं रुके। उन्होंने दो रेड में तीन अंक लेकर जयपुर को 15-10 से आगे कर दिया। नितिन धनखड़ ने हालांकि मैच के पहले सुपर रेड के साथ बंगाल की वापसी सुनिश्चित की। अब फासला 2 का रह गया था। अगली रेड पर अर्जुन ने फजल को बाहर कर दिया लेकिन अगली रेड पर मयूर ने उन्हें ढेर कर दिया। अगले कुछ पल जयपुर के लिए अहम रहे। डिफेंस ने मनिंदर को लपका तो वहीं रेजा मीरबघेरी ने दो अंक की रेड की। देसवाल रिवाइव हो चुके थे। आते ही उन्होंने सुपर-10 पूरा किया। बंगाल पर अब आलआउट का खतरा था लेकिन फजल ने देसवाल को सुपर टैकल कर इसे टाल दिया। पहला हाफ 21-18 से जयपुर के नाम रहा। हाफ टाइम के बाद बंगाल फिर से सुपर टैकल की स्थिति में थे। देसवाल आए और रनिंग हैंड टच किया। अगली रेड पर वह सुपर टैकल हो गए। बंगाल लगातार अपना आलआउट टाल रहे थे। दो के डिफेंस मे फजल डू ओर डाई रेड के लिए तैयार थे। विकास गए और लपके गए। फजल ने अपना सुपर-5 पूरा किया। स्कोर 24-25 था। जयपुर ने हालांकि अगले ही मिनट बंगाल को आलआउट कर 29-25 की बढ़त ले ली। अगले चार मिनट में दोनों टीमों ने 3-3 अंक हासिल किए। देसवाल हालांकि बाहर हो चुके थे। इसी बीच नितिन ने सुपर-10 पूरा किया। जयपुर ने इसके बाद लगातार दो अंक लिए और देसवाल को रिवाइव करा लिया। अब बढ़त चार की हो चुकी थी। नितिन ने अंकुश को बाहर कर फासला 3 का कर दिया। पांच के डिफेंस में नितिन फिर अंक लेकर लौटे। अब फासला 2 का रह गया। फिर डू ओर डाई रेड पर देसवाल ने फजल का शिकार कर फासला 3 का कर दिया लेकिन नितिन ने दो अंक की रेड के साथ स्कोर 34-35 कर दिया। इसी बीच, जयपुर ने अहम मुकाम पर सुपर टैकल को अंजाम देकर मैच अपने नाम कर लिया।

## पंत को लेकर हम अतिरिक्त सतर्क है: रोहित

बेंगलुरु। भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि बेंगलुरु में पहले टेस्ट के तीसरे और चौथे दिन ऋषभ पंत को विकेटकीपिंग नहीं करने देने का फैसला अतिरिक्त सतर्कता के तहत हाल ही में उनके दोनों घुटनों की सर्जरी को ध्यान में रखते हुए लिया गया था रोहित ने रविवार को न्यूजीलैंड से मिली आठ विकेट से हार के बाद कहा, उनके पैर का बड़ा ऑपरेशन हुआ है, इसलिए हम सभी जानते हैं कि वह किस दौर से गुजरे हैं। यह हमारे लिए केवल थोड़ा सावधान रहने की जरूरत है कि वह कहां हैं और क्या कर रहे हैं। यहां तक कि जब वह बल्लेबाजी कर रहे थे तब भी वह आराम से दौड़ नहीं पा रहे थे।



नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन 2024 के दौरान प्रतिभागी।

# राष्ट्रीय वालीबॉल प्रतियोगिता, रेड आर्मी विजयी

एजेंसी

**हरिद्वार।** उत्तराखंड के हरिद्वार में चल रही राष्ट्रीय वालीबॉल चैंपियनशिप का रविवार को समापन हो गया। इस अवसर पर रेड आर्मी की टीम फाइनल में विजेता रही जबकि बैंक ऑफ़ बड़ौदा की टीम ने द्वितीय स्थान हासिल किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली रेड आर्मी की टीम को एक लाख का पुरस्कार दिया गया जबकि द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली बैंक ऑफ़ बड़ौदा की टीम को 51000 का पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश के कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि हरिद्वार में राष्ट्रीय स्तर की वॉलीबॉल प्रतियोगिता होना हमारे लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है इससे खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन होता है और वह राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को मिलकर उनसे सीखने हैं और उन्हें आगे बढ़ने का मौका मिलता है। हमारे प्रदेश में भी राष्ट्रीय स्तर के खेलों का आयोजन होने वाला है उससे पहले इस तरह के आयोजन खिलाड़ियों के उत्साह वर्धन के लिए मील का पत्थर साबित होंगे। जिला वॉलीबॉल संगठन के अध्यक्ष ललित नैयर का कहना है कि हरिद्वार में राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन एक बहुत बड़ी उपलब्धि है जो सभी के सहयोग से संपन्न हुई है और इस आयोजन से हरिद्वार जनपद के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन होगा। उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में रेड आर्मी की टीम फाइनल विजेता घोषित की गई जबकि बैंक ऑफ़ बड़ौदा की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि पहला आयोजन सफल रहा है आगे और बड़े आयोजन किए जाएंगे जिसमें संगठन के सभी पदाधिकारी एवं शासन, प्रशासन एवं जनता का सहयोग लिया जाएगा। रेड आर्मी टीम के कप्तान साहिल ने कहा कि कि उनकी टीम जीत से काफी उत्साहित है और सभी खिलाड़ियों के सहयोग से हमने यह जीत हासिल किया। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत और लगन का ही परिणाम है कि आज हम यह फाइनल में जीते हैं इसके लिए हमने काफी मेहनत की है और कई महीनो तक अभ्यास भी किया है।

# जुयाल के शतक के बावजूद उत्तर प्रदेश की हालत पतली

एजेंसी

लखनऊ। आर्यन जुयाल (118 नाबाद) और रिंकू सिंह (89) के बीच 162 रन की साहसिक भागीदारी के बावजूद रणजी ट्राफी एलीट ग्रुप सी मुकाबले में उत्तर प्रदेश की हालत हरियाणा के खिलाफ पतली बनी हुयी है। हरियाणा की पहली पारी के 453 रन के जवाब में उत्तर प्रदेश ने खेल के तीसरे दिन रविवार को अपनी पहली पारी में छह विकेट पर 267 रन बना लिये थे और इस मैच में तीन अंक तलाश रही मेजबान टीम अभी भी हरियाणा की पहली पारी के स्कोर से 186 रन पीछे है जबकि आर्यन के अलावा उसके सभी मान्यता प्राप्त बल्लेबाज पवेलियन लौट चुके हैं। दिन का खेल खत्म होने के समय कप्तान का साथ देने के लिये शिवम शर्मा 15 रन बना कर क्रीज पर डटे हुये थे। स्पोर्टस गैलेक्सी क्रिकेट ग्राउंड की जिस पिच पर हरियाणा के बल्लेबाजों ने धैर्य का परिचय देते हुये दो दिन बिताये,उसी पिच पर मेजबान टीम का टॉप आर्डर समर्पण की मुद्रा में नजर आ रहा था। आर्यन को छोड़ दें तो स्वास्तिक चिकारा (21),प्रियम गर्ग (3) और सिद्धार्थ यादव (6) अपने विकेट देने की जल्दी में दिखायी दिये। तीन अहम विकेट मात्र 43 रन पर गिरने के बाद मेजबान टीम खासी दवाब में आ चुकी थी मगर ऐसे कठिन समय में अनुभवी रिंकू ने आर्यन का साथ दिया और दोनो बल्लेबाजों ने स्कोरबार्ड पर 205 रन टांग दिये थे। इस बीच रिंकू जयंत यादव का शिकार बन कर पवेलियन लौट गये।

# न्यूजीलैंड ने टेस्ट मैच में भारत को आठ विकेट से हराया

एजेंसी



**बेंगलुरु।** रचिन रविंद्र की शानदार बल्लेबाजी और गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड ने पहले टेस्ट मैच में भारत को आठ विकेट से हरा दिया हैं। कल भारत को 462 के स्कोर पर समेटने के बाद न्यूजीलैंड को 107 रनों का लक्ष्य मिला। खराब रोशनी के कारण शाम को आगे का खेल नहीं हो पाया था। आज सुबह के सत्र में भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने न्यूजीलैंड के टॉम लेथम (शून्य) और उसके बाद डेवन कॉन्वे (17) को आउट मैच में वापसी की उम्मीद जगाई थी। लेकिन उसके बाद बल्लेबाजी करने आये विल यंग और रचिन रविंद्र ने धैर्यपूर्ण बल्लेजी करते हुए अपनी टीम को जीत दिला दी। विल यंग (नाबाद 48) और रचिन रविंद्र (39) रनों की पारी खेली। न्यूजीलैंड ने 27.4 ओवर में दो विकेट पर 110 रन बनाकर आठ विकेट से जीत दर्ज की। भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह ने दो विकेट लिये। इससे पहले सरफराज खान और ऋषभ पंत के शानदार बल्लेबाजी की बदौलत भारत ने अपनी दूसरी पारी में 462 रन बनाकर शानदार वापसी की। सरफराज ने परिपक्वता और कौशल का प्रदर्शन करते हुए शानदार (150) रन बनाए, जबकि ऋषभ पंत ने विस्फोटक (99) रन बनाकर दर्शकों को रोमांचित कर दिया मगर वह शतक से चूक गए। दोनों बल्लेबाजों के बीच 150 रनों की साझेदारी हुई थी। भारत ने दूसरी पारी में 462 रन बनाये थे। भारत की पहली पारी मात्र 46 रन पर सिमट गयी थी। न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी में रचिन रविंद्र (134),डेवन कॉन्वे (91) और टिम साउदी (65) की शानदार पारियों के दम पर 402 रन का स्कोर खड़ाकर 356 रनों की बढ़त बना ली थी।



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी का उनके सरकारी आवास पर लोगों द्वारा स्वागत करते हुए।

## मुख्य समाचार

### उपचुनाव में भजनलाल, गहलोत, बेनीवाल, रोत सहित कई नेताओं की चुनावी साख दांव पर

**एजेंसी/जयपुर।** राजस्थान में आगामी 13 नवंबर को होने वाले सात विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनाव में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, भाजपा के प्रदेश प्रभारी राधामोहन दास अग्रवाल, विपक्ष कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (रालोपा) के संयोजक एवं सांसद हनुमान बेनीवाल, भारत आदिवासी पार्टी (बाप) के नेता एवं सांसद राजकुमार रोत सहित कई नेताओं की राजनीतिक एवं चुनावी साख दांव पर लगी है। हालांकि इस उपचुनाव में भाजपा को केवल सलूंबर सीट को बरकरार रखने का दबाव रहेगा जबकि कांग्रेस पर झुंझुनूं, देवली-उनियारा, दौसा और रामगढ़ सीटों को बरकरार रखने का दबाव होगा। इसी तरह खींवसर से रालोपा एवं चौरासी से बाप को अपनी सीट को बरकरार रखने का दबाव होगा। ऐसे में उपचुनाव में कांग्रेस पर अपनी सीटें जीतने का दबाव अधिक रहेगा मगर भाजपा के सत्ता में होने के कारण उस पर जीत का दबाव अन्य पार्टियों से ज्यादा रहेगा।

### बाघ के हमले से तीन ग्रामीण घायल

**एजेंसी/**शहडोल। मध्यप्रदेश के शहडोल जिले के गोहपारू और जैतपुर क्षेत्र में बाघ के हमले से तीन ग्रामीण घायल हो गए हैं, जिन्हे जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार गोहपारु के रामपुर गांव के पास जानकी बाई कल शाम खेत से घर आते समय बाघ के हमले से घायल हो गई। वहीं, आज सुबह जैतपुर के लफडा बीट के पास जीवनराम और धरम सिंह जब खेत जा रहे थे, तब बाघ ने उन पर हमला कर दिया। बाद में दोनों को अस्पताल में भर्ती किया गया। इन घटनाओं के बाद वन विभाग ने मुनादी की है।

### मैसूर मंजूनाथ बने संस्कार भारती के अखिल भारतीय अध्यक्ष

**एजेंसी/जयपुर।** विश्व प्रसिद्ध वायलिन वादक संगीतज्ञ डॉ मैसूर मंजूनाथ तीन वर्ष के लिए सर्वसम्मति से संस्कार भारती के अखिल भारतीय अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। संगठन के आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को बताया कि निर्वाचित अध्यक्ष ने कहा कि प्रसिद्ध अभिनेता, निर्देशक नीतीश भारद्वाज (मुंबई), कला विशेषज्ञ हेमलता एस मोहन (रांची) वरिष्ठ संस्कृति कर्मी डॉ रवींद्र भारती (जयपुर), संस्कार भारती के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष होंगे। प्रसिद्ध सुरबहार वादक डॉ अश्विन दलवी (जयपुर), अखिल भारतीय महामंत्री होंगे। श्री अभिजीत गोखले (दिल्ली) अखिल भारतीय संगठन मंत्री अखिल भारतीय मंत्री रवि बेडेकर 'नासिक) निलाँजना रॉय (कोलकाता) अनुपम भटनागर (दिल्ली) आशुतोष अडोनी (नागपुर) और संजय चौधरी, सुभाष चंद्र अग्रवाल (आगरा) कोषाध्यक्ष और श्रीपाद जोशी उज्जैन, सह कोषाध्यक्ष बनाए गए हैं। सूत्रों के अनुसार संस्कार भारती कला जगत का संगठन है। भारतीय कला जगत का संचालन भारतीय कला दृष्टि के आधार पर हो, इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए ऐसी बैठकों में योजना कार्यक्रम उपक्रम प्रकल्प इत्यादि नियोजित किए जाते हैं और आयोजित भी।

### भजनलाल का जयपुर हवाई अड्डे से लेकर भाजपा कार्यालय तक किया गया जोरदार स्वागत

**एजेंसी/जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का रविवार को जर्मनी और यूके की यात्रा के बाद जयपुर लौटने पर जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। जयपुर हवाई अड्डे पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के साथ कैबिनेट मंत्री, भाजपा पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा कर श्री शर्मा का स्वागत किया। हवाई अड्डे के बाद जवाहर सर्किल, स्टेच्यू सर्किल, चौमूं हाउस सर्किल के बाद भाजपा प्रदेश कार्यालय पर भी मुख्यमंत्री का अभूतपर्वू स्वागत, वंदन और अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर शर्मा ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र में किए गए वादों को पूरा करने के लिए सरकार पहले दिन से संकल्पबद्ध है। विकसित राजस्थान के सपनों को साकार करने के लिए भाजपा सरकार ने पहली ही साल में राइजिंग राजस्थान के लिए निवेशकों से एमओयू करने शुरू कर दिए है।

# उद्योगों के विकास की सभी बाधाओं को किया जाएगा दूर :यादव

एजेंसी

**रीवा/भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि विन्ध्य में औद्योगिक विकास की अपार संभावनाएं हैं। इन्हें गति देने के लिए 23 अक्टूबर को रीवा में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। उद्योगों के विकास की सभी बाधाएं दूर की जाएंगी। डॉ यादव रीवा में 23 अक्टूबर को होने वाली रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के संदर्भ में स्थानीय उद्योगपतियों के साथ चर्चा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी उद्योगपति अपनी कठिनाइयों को उद्योग विभाग अवगत कराएं। हर जिले में निवेश संवर्धन केन्द्र खोल दिये गये है। इसके माध्यम से भी सरकार तक अपनी बात पहुंचाएं। उद्योगपतियों की स्थानीय कठिनाइयों को दूर करने की जिम्मेदारी कमिश्नर और



कलेक्टर की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विन्ध्य के उद्योगपतियों को उत्पादों के निर्यात के लिए कंटेनर की सुविधा मिलेगी। अब रेल के साथ मालवाहक हवाई जहाजों से भी परिवहन होगा। उद्योगपति केवल अपने लिए उद्योग नहीं चलाते हैं। उनके द्वारा संचालित उद्योग से प्रदेश और देश का विकास भी होता है। डॉ यादव ने कहा कि प्रदेश के औद्योगिक विकास को गति देने के लिए हर माह संभागीय मुख्यालयों में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। जब कुँआ खुद प्यासे के पास जा रहा है तब उद्योगों को भला कौन सी कठिनाई होगी। उद्योगपतियों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि धान की मिलिंग के संबंध में जो कठिनाईयाँ हैं उन्हें दूर करने के लिए शीघ्र निर्णय लिया जाएगा। मिलिंग नीति में राइस मिलर्स के हितों का पूरा ध्यान रखा जाएगा। उद्योगों के लिये वर्ष 2022-23 के अनुदान की राशि जारी कर दी गई है। अब अनुदान की राशि सीधे उद्योगपति के खाते में जारी की जाएगी। विन्ध्य क्षेत्र के विकास की हर बाधा दूर की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे रीवा के दामाद हैं, रीवा के विकास में कोई कोर कसर नहीं रखेंगे। डॉ यादव ने बैठक में उपस्थित रीवा तथा मऊगंज के उद्योगपतियों से चर्चा की और सिंगरौली, सीधी, मैहर तथा सतना के उद्योगपतियों से वर्चुअल संवाद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र के उद्योगों पर दोहरा कराधान नहीं होगा। आगामी 23 अक्टूबर को रीवा में पूरे विन्ध्य के औद्योगिक विकास के लिए विचार-मंथन के लिए कॉन्क्लेव होगा। इसमें शामिल होने के लिए 50 बड़े उद्योगपतियों के साथ 3 हजार से अधिक उद्योगपतियों ने पंजीयन किया है। इसी दिन औद्योगिक केन्द्र चोरहटा में विद्युत सब-स्टेशन के निर्माण तथा रीवा में आईटी पार्क के निर्माण का भूमि-पूजन भी किया जायेगा। विन्ध्य में कई बड़े उद्योगों की स्थापना के प्रस्ताव रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में मिलेंगे। बैठक में उद्योगपतियों ने औद्योगिक विकास के अनुसार जिलों के श्रेणीकरण, रीवा को विशेष औद्योगिक जोन का दर्जा देने, धान मिलिंग तथा बारदाने की राशि के भुगतान, छोटे शहरों के औद्योगीकरण को प्राथमिकता देने, सिंगरौली में उद्योगों के लिए पर्याप्त पानी की उपलब्धता, पॉवर, एल्युमिनियम और सीमेंट प्लांट सहित विभिन्न सुझाव दिए। मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव राघवेन्द्र कुमार सिंह ने रीजनल इंडस्ट्री कान्क्लेव की रूपरेखा प्रस्तुत की। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, सांसद रीवा जनार्दन मिश्र, सांसद सीधी डॉ राजेश मिश्रा, विधायक त्योंथर सिद्धार्थ तिवारी, विधायक मनगवाँ नरेन्द्र प्रजापति, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ नीता कोल, प्रबंध संचालक औद्योगिक विकास निगम चन्द्रमोली शुक्ला, कमिश्नर रीवा बी.एस. जामोद और कलेक्टर प्रतिभा पाल उपस्थित रहीं। बैठक में उद्योग संघ रीवा के अध्यक्ष राजीव खन्ना, जी.एस. साहनी, दिलीप सिंह, आर.के. रोघटा, आदित्य प्रताप सिंह, विभा द्विवेदी सहित अन्य उद्योगपति शामिल हुए।

# सिन्हा ने 'कश्मीर मैराथन' के विजेताओं को किया सम्मानित

एजेंसी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को केंद्र शासित प्रदेश में पहली बार आयोजित कश्मीर मैराथन के विजेताओं को सम्मानित किया। गौरतलब है कि 42 किलोमीटर की फुल मैराथन और 21 किलोमीटर की हाफ मैराथन में देश भर और 12 विदेशी देशों के 1700 से अधिक धावकों ने भाग लिया। इस दौरान अपने संबोधन में श्री सिन्हा ने सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को बधाई दी। उन्होंने कश्मीर मैराथन की भारी सफलता के लिए पर्यटन विभाग, जम्मू-कश्मीर पुलिस, सुरक्षा बलों, युवा सेवा और खेल विभाग और सभी हितधारकों के प्रयासों की सराहना की।




उन्होंने कहा, इस सफल मेगा इवेंट ने जम्मू-कश्मीर को विश्व मैराथन मानचित्र पर ला खड़ा किया है। उन्होंने इस अवसर को जम्मू-कश्मीर के लिए एक और ऐतिहासिक क्षण बताते हुए प्रदेश के पूर्ण परिवर्तन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री के निर्णायक नेतृत्व और जम्मू-कश्मीर में शांति तथा सामान्य स्थिति की बहाली ने यह सुनिश्चित किया है कि लोग अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों, फॉर्मूला-4 रेस का आनंद ले सकें और जी-20 शिखर सम्मेलन और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस जैसे वैश्विक कार्यक्रमों की मेजबानी करके गर्व महसूस कर सकें।

## बुधनी में राजकुमार पटेल और विजयपुर में मुकेश मल्होत्रा कांग्रेस प्रत्याशी

भोपाल। कांग्रेस ने मध्यप्रदेश के बुधनी विधानसभा उपचुनाव में पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल और विजयपुर में मुकेश मल्होत्रा को आज रात प्रत्याशी घोषित कर दिया। कांग्रेस के केंद्रीय संगठन की ओर से जारी की गयी प्रत्याशियों की सूची के अनुसार सीहोर जिले की बुधनी विधानसभा सीट से पूर्व मंत्री श्री पटेल और श्योपुर जिले की विजयपुर विधानसभा सीट से आदिवासी चेहरा श्री मल्होत्रा प्रत्याशी होंगे। मल्होत्रा की आदिवासियों की बीच खासी पैठ मानी जाती है और वे वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर चुनाव मैदान में थे और तीसरे नंबर पर रहे थे। उस समय वहां पर कांग्रेस के टिकट पर रामनिवास रावत विजयी हुए थे, जो अब भाजपा में आ गए हैं।

## रोटी , बेटी और माटी की सुरक्षा के लिए एन डीए की जीत जरूरी: शिवराज सिंह

एजेंसी

**रांची।** झारखंड में चुनावी बिगुल बजने और भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार घोषित होने के बाद विधानसभा चुनाव प्रभारी और केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सभी प्रत्याशियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुबह 8 बजे चर्चा की। इस दौरान शिवराज सिंह ने सभी प्रत्याशियों से आगामी विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अटल जी के नेतृत्व में राज्य बनाया तो इसे बचाने और सवारने की जिम्मेवारी भी हमारी है। कहा कि रोटी , बेटी और माटी की सुरक्षा नारा नही संकल्प है। उन्होंने स्थानीय मुद्दों, रोजगार, महिला अपराध जैसे गंभीर विषयों पर फोकस कर विरोधियों को घेरने और प्रदेश में गठबंधन की सरकार के



घोटालों, भ्रष्टाचार और नाकामियों को जनता के बीच पहुंचकर उजागर करने सहित कई मुद्दों पर चर्चा की। प्रदेश चुनाव सह प्रभारी हिमंत विश्व शरमा ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व में जनता एनडीए गठबंधन की सरकार प्रदेश में बनाने को तैयार बैठी है। प्रत्याशी स्थानीय मुद्दों के साथ साथ प्रदेश के ज्वलंत मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएं। प्रत्येक कार्यकर्ता का परिश्रम हमारे लिए उपयोगी है।हम सभी को साथ लेकर चलें और एक बड़े लक्ष्य को साकार करें।

## मुख्यमंत्री के वायदे अनुसार 3100 रुपये क्विंटल खरीदी जाए धान: गर्ग

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने रविवार को कहा कि चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री नायब सैनी ने घोषणा की थी कि हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनने पर 10 अक्टूबर से किसान का धान 3100 रुपए प्रति क्विंटल खरीदा जाएगा, लिहाजा अब मुख्यमंत्री को अपने वादे के अनुसार किसान का धान 3100 रुपए प्रति क्विंटल खरीदना चाहिए।



गर्ग ने यहाँ जारी बयान में कहा कि 10 दिन बीत जाने के बाद भी धान 3100 रुपए खरीदने की बजाय सरकार 2320 रुपए के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर भी नहीं खरीद रही है और किसान का धान एमएसपी से कम दरों में बिक रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि किसान अपना धान बेचने के लिए एक महीने से मंडियों में धक्के खा रहा है। सरकार के धान खरीद, उठान और भुगतान के सभी दावे फेल सिद्ध हुए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को अपने वादे के अनुसार 72 घंटे में धान की खरीद, उठान और भुगतान करना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार पराली जलाने की समस्या का समाधान करने की बताया किसानों पर मुकदमा दर्ज करके किसानों की फसल दो साल के लिए नहीं खरीदने की बात कर रही है, जो उचित नहीं है।

उन्होंने कहा कि धान, गेंहू और बाजार पर आढ़तियों का कमीशन कम करने पर व्यापारियों में भारी नाराजगी है, आढ़तियों को पहले की तरह 2.5 प्रतिशत कमीशन दिया जाना चाहिए।



पटियाला के एक मंदिर में करवा चौथ उत्सव के दौरान सेल्फी लेती महिलाएं।

## गन्ना किसानों के लिए 247 करोड़ रुपये के विशेष प्रोत्साहन की घोषणा

**चेन्नई।** तमिलनाडु सरकार ने चालू पेराई सत्र के लिए राज्य के गन्ना किसानों के लिए 247 करोड़ रुपये के विशेष प्रोत्साहन की घोषणा की है। इस संबंध में शनिवार को एक सरकारी आदेश जारी किया गया, जिससे लगभग 1.20 लाख गन्ना किसानों को लाभ होगा। किसानों के लिए केंद्र द्वारा घोषित लाभकारी मूल्य के अलावा विशेष प्रोत्साहन की घोषणा की गई है।

# मुख्यमंत्री निशुल्क दवाई योजना बन रही वरदान

एजेंसी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के शिमला जिला में मुख्यमंत्री निशुल्क दवाई योजना के तहत लोगों को काफी फायदा हो रहा है। प्रदेश सरकारी की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक मुख्यमंत्री निशुल्क दवाई योजना भी है। घर द्वार के समीप प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर क्षेत्रीय अस्पतालों में आने मरीजों को मुफ्त की दवाइयों और सर्जिकल आइटम के माध्यम से स्वास्थ्य



सुविधाएं मुहैया करवा पा रही है। इससे जहां आम जनता पर आर्थिक बोझ भी नहीं पड़ रहा है। बल्कि उन्हें गुणवत्तापूर्ण दवाईयां भी उपलब्ध हो रही है। हिमाचल प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री निशुल्क दवाईया योजना के तहत क्षेत्रीय अस्पताल, सिविल अस्पताल, सीएचसी में 482 तरह की दवाईयां मुफत वितरित की जाती है, जबकि 133 सर्जिकल आईटम भी मरीजों को मुफ्त में मुहैया करवाई जा रही है। वहीं प्रदेश के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों 167 तरह की दवाइयां और 47 सर्जिकल वस्तुएं मुहैया करवाई जा रही है। इसी प्रकार, स्वास्थ्य उप केंद्रों में 91 दवाइयां और 28 सर्जिकल वस्तुएं मुफ्त मुहैया करवाई जा रही है। इसी कड़ी में जिला शिमला के एक क्षेत्रीय अस्पताल, 10 सिविल अस्पताल, 18 सीएचसी, 115 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और 242 स्वास्थ्य उप केंद्र में मुख्यमंत्री निशुल्क दवाई योजना का लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री निशुल्क दवाई योजना प्रदेश सरकार की उच्च गुणवत्ता व कम लागत की चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने की दिशा में ऐतिहासिक और संवेदनशील योजना है। राज्य की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए सामान्य उपयोग में आने वाली आवश्यक दवाइयों का नि:शुल्क वितरण किया जा रहा है। इससे आम वर्ग के दवा पर होने वाले खर्च में कटौती हो रही है और धन की कमी के चलते चिकित्सा सेवाओं से वंचित लोगों का इलाज संभव हो रहा है। दवाइयां व इंजेक्शन आदि के साथ-साथ सामान्यत: उपयोग में आने वाले सर्जिकल आइटम्स जैसे निडल, डिस्पोजेबल सीरीज, आई.वी.ए. ब्लड ट्रांसफ्यूजन सेट व टाकों हेतु सीजर्स आदि भी नि:शुल्क उपलब्ध करवाये जा रहे हैं।

# बिजली और पानी उपलब्ध कराना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता: तोमर

### प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2003 के बाद शहरों की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली और घर-घर नल से जल पहुंचाने के लिए विकास कार्य कर रही है

एजेंसी

**मुरैना।** मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा है कि प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2003 के बाद शहरों की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली और घर-घर नल से जल पहुंचाने के लिए विकास कार्य कर रही है। यह विकास कार्य किसी से छिपे नहीं है। तोमर ने यह बात आज जिले के अंबाह विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ककरारी में श्री श्री 1008 ऋषि महाराज के आश्रम पर सड़कों का भूमिपूजन करते समय कही। इस अवसर पर सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, जिला पंचायत सदस्य, समाज सेवी डॉ योगेशपाल गुप्ता सहित जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ककरारी क्षेत्र के ग्रामीणजन उपस्थित थे। तोमर ने कहा कि निरंतर इसी प्रकार विकास कार्य चलते रहेंगे,



इसके लिए आपने सांसद के रूप में शिवमंगल सिंह तोमर को चुना है। आज इस क्षेत्र में 9 करोड़ 27 लाख 41000 की लागत से 10 किलोमीटर लंबी सड़कों का पूजन किया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि आरोली नवीन मार्ग बाबा आश्रम के पीछे से 516.69 लाख रुपए की लागत से 4.8 किलोमीटर लंबाई की सड़क बनने से वर्षा काल में चंबल का पानी अधिक बढ़ जाने के कारण आरोली, बीच का पुरा मलबसई, सबसुख का पुरा ग्राम डूब में आ जाते हैं। जिस कारण ग्रामीणों का आवागमन बंद हो जाता है। इस वैकल्पिक मार्ग के बनने से वर्षा काल में भी आवागमन बना रहेगा। इसी प्रकार 99.69 लाख रुपए की लागत से 1.20 किलोमीटर लंबी सड़क बनने से सुख का पुरा, पालपुर, जगन्नाथ पुरा ग्रामों को पहुंच मार्ग सुगम बनाएगा। इसी प्रकार 311.03 लाख रुपए की लागत से 4.7 किलोमीटर लम्बी सड़क का भूमि पूजन किया है। इस सड़क के बनने से विचोला, आदेका पुरा, पराशर की घड़ी, खिरेटा, चतुर की घड़ी, नयापुरा, कच्छपुरा ग्रामों में पहुंचने के रास्ते सुगम होंगे। जिनका भूमिपूजन किया गया है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा वर्ष 2023-24 में कार्य आदेश जारी हुआ था, जिसमें दिमनी विधानसभा क्षेत्र में 18 सडकें 48.50 किलोमीटर लम्बाई की 3572.35 लाख, अम्बाह विधानसभा में 14 सड़कें 40.80 किलोमीटर लम्बी 3572.89 लाख और 24 सडकें 88.94 किलोमीटर लम्बी 8548 लाख की लागत से निर्माणाधीन है। इन सड़कों के बनने से इस क्षेत्र का विकास और दिखने लगेगा। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार का विकास जिले की सभी विधानसभा क्षेत्र में चल रहा है, आगे भी निरंतर चलता रहेगा। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा के प्रदेश सरकार गांव गरीब किसान की सरकार है। सरकार की मंशा है कि किसान की माली हालत में सुधार हो, किसान को सुखी हो। इस क्षेत्र में विकास के द्वार खोलें है, यही प्रदेश सरकार की मंशा है। सभी किसानों के बच्चे पढ़ लिखकर अच्छे पदों पर पहुंचे। इसके लिए प्रदेश सरकार ने सीएम राइज स्कूल खोले हैं। सीएम राइज स्कूलों में पढ़ने से बच्चों की बुद्धि का विकास तेजी से होगा। यही हम सबकी कामना है। उन्होंने कहा कि दिमनी किर्रायच, सुजानपुर के अलावा जिले में अन्य स्थानों पर सीएम राइज स्कूल खोले जा रहे हैं। इसके अलावा स्वास्थ्य के क्षेत्र में अंबाह और पोरसा में अस्पताल खुले हैं और जिला मुख्यालय पर भी 600 बिस्तर का अस्पताल बेहतर बनाया गया है। जिसमें सभी प्रकार के उपकरण, दबाए उपलब्ध है। चिन्हित सभी जांच की जा रही है। एक समय था, यह क्षेत्र बीहड़ के कारण पिछड़ा हुआ था, किंतु आज यह क्षेत्र लगातार विकास की मुख्य धारा पर जुड़ गया है। इस क्षेत्र में लोग अपने बच्चों को भी पढ़-लिखा रहे हैं। प्रदेश सरकार के नेतृत्व में सीतापुर, पिपरसेवा जैसे स्थानों पर इंडस्ट्रियल खोले जा रहा है। जिससे यहां के बच्चे पढ़ लिखने के बाद रोजगार यहीं ले सकें। उन्होंने कहा कि गेहूं, सरसों के अलावा फल, फूल सब्जियों की खेती करें, इसके लिए किसानों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## जयपुर में आरएसएस कार्यकर्ताओं पर हमले के बाद आरोपी के अवैध घर पर चला बुलडोजर

एजेंसी

**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर के करणी विहार थाना क्षेत्र में एक मंदिर में एक कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) कार्यकर्ताओं को चाकू से हमला कर घायल कर देने वाले आरोपी नसीब चौधरी के अवैध घर पर सरकार ने रविवार को बुलडोजर चलाया। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) ने क्षेत्र के रजनी विहार स्थित शिव मंदिर में गत 17 अक्टूबर की रात आरएसएस कार्यकर्ताओं पर हमले के बाद आरोपी नसीब चौधरी को अवैध मकान को लेकर नोटिस दिया था और आरोपी की तरफ से कोई जवाब नहीं मिलने पर जेडीए दस्ते ने रविवार पूर्वाह्न करीब ग्यारह बजे कार्रवाई शुरू कर अवैध



कब्जा वाले हिस्से को ध्वस्त कर दिया गया। उल्लेखनीय है कि गत 17 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा की रात रजनी विहार स्थित मंदिर में जागरण और खीर वितरण का कार्यक्रम चल रहा था। मंदिर के पड़ोस में रहने वाले नसीब चौधरी ने इस पर एतराज किया और झगड़ा करते हुए उसने और उसके बेटे भीष्म चौधरी ने चाकू से लोगों पर हमला कर दिया जिसमें आठ घायल हो गए। इसके बाद आरोपी नसीब, उसकी पत्नी एवं बेटे को गिरफ्तार कर लिया गया।